शर्मा হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 147 | गुवाहाटी | रविवार, 18 दिसंबर, 2022 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

राहुल गांधी पर हिमंत का पलटवार पेज 3
शिवराज का राहुल गांधी पर पलटवार, कहा-मोदी के नेतृत्व में हो रहा... पेज 4
कांग्रेस पदयात्रा के लिए आगरा पहुंचे सलमान खुर्शीद पेज 5
सेना व देश से माफी मांगें राहुल गांधी : मनोहर लाल पेज 8

*सातवें असम अंतर्राष्ट्रीय कृषि-बागवानी शो*

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही सरकार : सीएम




**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कृषि विभाग को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के साथ बातचीत करने और कृषि के लिए सरकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जागरूकता पैदा करने और इसके संबद्ध क्षेत्र के लिए गांव सभा आयोजित करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने शनिवार को यहां खानापारा में 7वें असम अंतर्राष्ट्रीय कृषि-बागवानी शो का उद्घाटन करते हुए कहा कि आयोजित होने वाली गांवा सभाओं का उपयोग प्रगतिशील और भावी किसानों के साथ ज्ञान साझा करने के मंच के रूप में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकारें कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। इसके अलावा, कृषि-बागवानी क्षेत्रों में कई नवाचार भी हो रहे हैं। हालांकि, कभी-कभी इनमें से कई विकास उन किसानों तक नहीं पहुंच पाते जिनके लिए वे तैयार किए जाते हैं। ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाले संवाद कार्यक्रम से जागरूकता पैदा होगी और कृषि नवाचारों और किसानों के बीच के अंतर को कम किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि-बागवानी क्षेत्र में राज्य की क्षमता को साकार करने में तीन दिवसीय शो एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह सार्थक सहयोग के लिए और अधिक रास्ते खोलने और असम के कृषि-बागवानी के उत्पादों के निर्यात क्षमता को अधिकतम करने के लिए एक लंबा रास्ता तय करेगा। उन्होंने कहा कि असम कुछ अनोखे कृषि-बागवानी उत्पादों को उगाता है। जिसमें जोहा चावल, काला चावल, लाल चावल आदि हैं, जिनमें असाधारण औषधीय गुण होते हैं। कार्बी आंगलोंग के अदरक और तेजपुर की लीची के बारे में बताते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि इन कृषि-बागवानी उत्पादों की राज्य और -शेष पृष्ठ दो पर

## अचानक तालाबंदी की घोषणा से मजदूर आक्रोशित, शुरू किया आंदोलन

**गुवाहाटी।** असम के हैलाकांदी जिले में अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर संचालन बंद करने की घोषणा के बाद करीब पांच सौ चाय बागान मजदूरों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। पिछले दिनों तालाबंदी की घोषणा के बाद गुरुवार से चाय बागान के मजदूर हैलाकांदी शहर से करीब बीस किलोमीटर की दूरी पर गगलाचेर्रा में उद्यान अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ एक चाय संघ ने दोनों पक्षों के बीच मामले को सुलझाने के लिए कदम उठाए हैं। मजिस्ट्रेट झिंटू बोरा और श्रम अधिकारी पीके मालाक समेत अधिकारियों की एक ने शुक्रवार को बगीचे का दौरा किया और मजदूरों को यह आश्वासन दिया कि वह इस मामले को जिला उपायुक्त के समक्ष उठाएंगे। स्थानीय पंचायत के प्रमुख -शेष पृष्ठ दो पर

## असम की स्पेशल चाय ने सबसे ऊंची कीमत का बनाया रिकॉर्ड

**गुवाहाटी।** असम के बगानों की चाय दुनियभर में मशहूर हैं। कई किस्मों तो ऐसी हैं जो काफी महंगी हैं। शुक्रवार को असम के डिब्रूगढ़ जिले की एक दुर्लभ प्रजाति वाली चायपत्ती ने खास रिकॉर्ड बनाया है। इस दुर्लभ प्रजाति का नाम *मनोहारी गोल्ड टी* है जो एक निजी नीलामी में 1.15 लाख रुपए प्रति किलोग्राम में बिकी। चाय बगान के मालिक राजन लोहिया ने इसके बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मनोहारी गोल्ड टी को निजी पोर्टल -शेष पृष्ठ दो पर

## देश को सबसे बड़ा खतरा चीन बॉर्डर पर : सीडीएस



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** चीन के साथ चल रहे विवाद पर सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि देश को सबसे बड़ा खतरा चीन की सीमा पर ही है। उन्होंने कहा कि अपनी सरहदों को देखने की हर देशवासी की इच्छा होती है। इसके लिए बस हमें प्रयास करने की जरूरत है। देश में बॉर्डर टूरिज्म को बढ़ावा देकर देश के सीमावर्ती इलाकों को फिर से बसाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य के अन्तिम गांवों से भी दूर सीमा की ओर बड़े पैमाने पर निर्जन क्षेत्र हैं। हमें देखना होगा कि क्या हम इन क्षेत्रों को -शेष पृष्ठ दो पर

## पत्रकार और न्यायाधीश लड़खड़ाए तो लोकतंत्र को होगा नुकसान : पूर्व जज

**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बीएन श्रीकृष्ण ने शुक्रवार को स्वतंत्र पत्रकारिता की वकालत की। मुंबई प्रेसक्लब की ओर से आयोजित रेडइंक पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के सुचारू कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए पत्रकारों की स्वतंत्रता को बनाए रखने की जरूरत है। पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि दो पेशों को अनिवार्य रूप से स्वतंत्र होना चाहिए, एक न्यायाधीश और एक पत्रकार। अगर वे लड़खड़ाते हैं, तो लोकतंत्र को नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि जो पत्रकार अपनी आजादी खो देता है, वह उतना ही बुरा है जितना एक जज जिसने अपनी आजादी खो दी है।पत्रकारिता के पेशे में ईमानदारी वास्तव में सबसे अच्छी नीति है। वरिष्ठ पत्रकार टीजेएस जॉर्ज को एक संपादक और स्तंभकार के रूप में लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए रेडइंक पुरस्कार प्रदान किया गया। 1960 के दशक में, जॉर्ज पटना के एक समाचार पत्र के संपादक थे। उन्हें सत्ता-विरोधी रुख के लिए जाना जाता है। 2021 के लिए प्रेस क्लब का *जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर* पुरस्कार वरिष्ठ पत्रकार ओम गौर को दिया गया।

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## हम लोगों की सुरक्षा के संरक्षक हमपर करें विश्वास : सीजेआई



**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि कानून की उचित प्रक्रिया में नागरिकों का विश्वास और स्वतंत्रता की रक्षा न्यायपालिका में निहित है, जो *स्वतंत्रताओं की संरक्षक* है। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने यहां एक व्याख्यान देते हुए इस बात पर बल दिया कि उन उद्देश्यों को निर्भयता से आगे बढ़ाने वाले *बार* के सदस्यों के जीवन के जरिये स्वतंत्रता की ज्योति आज भी प्रकाशमान है। वाई बी चव्हाण केंद्र में अशोक एच देसाई स्मारक व्याख्यान देते हुए उन्होंने चोरी के एक मामले -शेष पृष्ठ दो पर

## पीएम पर टिप्पणी : भाजपा ने किया देशव्यापी प्रदर्शन




**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को देशव्यापी धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने भुट्टो का पुतला फूंक कर अपने रोष का इजहार किया। महाराष्ट्र में भुट्टो का पुतला जलाते समय सांसद प्रताप पाटिल चिखलीकर का हाथ झुलस गया। **उत्तर प्रदेश :** लखनऊ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज हजरतगंज में विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय से अटल चौक पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए बिलावल भुट्टो जरदारी का पुतला फूंका। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि बिलावट भुट्टो का बयान निन्दनीय है। भुट्टो अपने बयान पर माफी मांगें। उन्होंने कहा कि सपा और बसपा की सोच पाकिस्तानी है। भाजपा सरकार सबके लिए काम करती है। प्रदर्शन में भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल, पूर्व मंत्री मोहसिन रजा, एमएलसी मुकेश शर्मा, भाजपा महानगर महामंत्री सुनील यादव, त्रिलोक सिंह अधिकारी समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। **बिहार :** भाजपा के प्रमुख नेताओं ने शनिवार को पटना में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा प्रदेश मुख्यालय से आयकर गोलम्बर तक प्रदर्शन में भाग लेने के बाद प्रेस मीडिया एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी किए जाने से देश की -शेष पृष्ठ दो पर

Door graphy
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

सुप्रभात
*पहले निश्चय करिए, फिर कार्य आरंभ करें।*
- आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

## किसानों ने किया जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** करीब 1900 किलोमीटर की यात्रा कर अमरावती के किसान दिल्ली के जंतर मंतर पर शनिवार को अपना विरोध दर्ज करवाने पहुंचे। करीब तीन साल पहले शुरू हुए आंदोलन में लगभग 2000 किसानों ने जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन किया। इस धरने में किसानों समेत कई राजनीतिक दलों के लोग शामिल हुए जिसमें कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव डी. राजा और राज्यसभा सांसद पी. संतोष कुमार, तेलगु देशम पार्टी से लोकसभा सांसद जयदेव गाला और के. राममोहन नायडू शामिल हैं। इनके -शेष पृष्ठ दो पर

*25वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद में बोले अमित शाह*

## पूर्वी क्षेत्र से खत्म हुआ नक्सलवाद



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को 25वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अगले एक वर्ष के दौरान उनके राज्यों में आयोजित होने वाले जी-20 से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान अपने राज्यों की सांस्कृतिक विविधता और पर्यटन स्थलों को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का आग्रह किया। गृह मंत्रालय के मुताबिक, अमित शाह ने कहा कि देश के पूर्वी क्षेत्र में वामपंथी उग्रवाद या नक्सलवाद लगभग समाप्त हो गया है। इस पर इस निर्णायक प्रभुत्व को बनाए रखने के प्रयास किए जाने चाहिए। यह इन राज्यों में फिर से उभरना नहीं चाहिए। यहां देश के अन्य हिस्सों के बराबर विकास होना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री ने मुख्यमंत्रियों से आग्रह किया कि वे जिला स्तर पर एनसीओआरडी प्रणाली का निर्माण सुनिश्चित करें और नशीले पदार्थों -शेष पृष्ठ दो पर

## पुरानी फोटो शेयर कर रिजिजू ने राहुल पर किया पलटवार

**नई दिल्ली।** भारत-चीन मुद्दे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान के बाद विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा लगातार कांग्रेस नेता के बयान की आलोचना कर रही है। अब केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने भी उन पर करारा हमला किया है। केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को ट्वीट कर कहा, राहुल गांधी न केवल भारतीय सेना का अपमान कर रहे हैं, बल्कि देश की छवि को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। दरअसल, रिजिजू ने शनिवार को सुबह अरुणाचल -शेष पृष्ठ दो पर

## तवांग : कांग्रेस ने पूछे सात सवाल कहा- मन की बात में जवाब दें पीएम



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प की घटना की पृष्ठभूमि में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक बार फिर निशाना साधा और सवाल किया कि वह इस विषय पर संसद में चर्चा क्यों नहीं होने दे रहे और देश को भरोसे में क्यों नहीं ले रहे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में यह भी कहा कि प्रधानमंत्री का यह राजनीतिक कर्तव्य और नैतिक जिम्मेदारी है कि वह इस मुद्दे से जुड़े सवालों पर अपने *मन की बात* करें। उन्होंने यह बयान उस वक्त दिया है, जब भारतीय जनता पार्टी अरुणाचल प्रदेश में चीनी सैनिकों द्वारा भारतीय सैनिकों की पिटाई करने संबंधी टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी पर लगातार हमले कर रही है। भाजपा ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस को राहुल गांधी को फौरन पार्टी से निष्कासित करना चाहिए। रमेश ने अपने बयान में प्रधानमंत्री से सात सवाल पूछे और कहा कि यह प्रधानमंत्री का राजनीतिक कर्तव्य और नैतिक जिम्मेदारी है कि वह इन सात सवालों पर -शेष पृष्ठ दो पर

### सीएम हिमंत करते हैं यूसीसी की पैरवी

## मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने सामाजिक कलह की दी चेतावनी




**गुवाहाटी।** कुछ भाजपा राज्यों में जहां यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लागू करने के लिए जोरदार पैरवी की गई है, असम उनमें से एक है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने इस कानून को लागू करने के लिए जोर-शोर से अभियान चलाया। पिछले कुछ महीनों में शर्मा ने कई बार कहा कि यूसीसी वर्तमान समय की जरूरत है। उन्होंने पहले टिप्पणी की थी कि देश में कोई भी मुस्लिम महिला नहीं चाहती कि उसके पति की तीन पत्नियां हों, आप किसी भी मुस्लिम महिला से पूछ सकते हैं। कोई नहीं बताएगा कि उसके पति को तीन महिलाओं से शादी करनी चाहिए। शर्मा ने जोर देकर कहा कि एक मुस्लिम पुरुष का एक से अधिक महिलाओं से विवाह करना उनकी समस्या नहीं है, बल्कि मुस्लिम माताओं और बहनों की समस्या है। उन्होंने कहा कि अगर मुस्लिम महिलाओं और माताओं को समाज में सम्मान देना है तो तीन तलाक कानून के बाद यूसीसी को लागू करना होगा। उन्होंने दावा किया, मैं एक हिंदू हूं और मेरी बहन और बेटी के लिए यूसीसी है। अगर मेरी बेटी के लिए यूसीसी है, तो मुस्लिम बेटियों को भी वह सुरक्षा दी गई होगी। मुख्यमंत्री के अनुसार मुस्लिम महिलाओं के हित में कानून को लागू किया जाना चाहिए अन्यथा बहुविवाह जारी रहेगा। अगर समान नागरिक संहिता लागू नहीं हुई तो मुस्लिम समाज में बहुविवाह प्रथा कभी नहीं रुकेगी। एक पुरुष हमेशा के लिए तीन-चार बार शादी करेगा, एक महिला के मौलिक अधिकारों का हनन करेगा। हाल के दिल्ली एमसीडी चुनावों और गुजरात विधानसभा चुनावों में भाजपा के लिए प्रचार करते हुए, शर्मा ने बार-बार देश में यूसीसी को लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यूसीसी का मतलब है कि सभी लोग, चाहे वे किसी भी क्षेत्र या धर्म के हों, नागरिक -शेष पृष्ठ दो पर

*जयपुर में श्रद्धा मर्डर जैसा हत्याकांड*

## हथौड़े से ताई की हत्या कटर से शव के किए टुकड़े



**जयपुर।** एक भतीजे ने अपनी ताई की सिर पर हथौड़ा मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए उसने चाकू से काटने की कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हो सका। बाजार से मार्बल कटर लेकर आया और फिर शव के आठ टुकड़े किए। जिन्हें एक ट्रॉली बैग में भरकर दिल्ली-सीकर हाईवे पर तीन अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया। दिल्ली के दिल्ली श्रद्धा मर्डर केस जैसा ये मामला राजस्थान की राजधानी जयपुर में सामने आया है। -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact


**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# गलवान हो या फिर तवांग, हमारे जवानों ने वीरता और पराक्रम को साबित किया : रक्षामंत्री

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फेडरेशन ऑफ चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 95वें वार्षिक सम्मेलन और एजीएम में अपने संबोधन के दौरान कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। राजनाथ ने कहा कि, प्रधानमंत्री ने लाल किले से अपने संबोधन के दौरान देश को पांच संकल्पों के बारे में बताया था, जो भारत को सुपर पावर बनाने के लिए आवश्यक हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि ये नहीं माना जाना चाहिए कि हम किसी देश पर हावी होना चाहते हैं या किसी और देश की एक इंच जमीन पर कब्जा करने का इरादा रखते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि गलवान हो या तवांग, हमारे रक्षा बलों ने अपनी वीरता और पराक्रम को साबित किया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पंच प्रण यानी पांच संकल्पों की बात की थी



जिनमें पहला-विकसित भारत का निर्माण, दूसरा-गुलामी की हर सोच से मुक्ति, तीसरा-विरासत पर गर्व, चौथा-एकता और एकजुटता और पांचवा-नागरिकों द्वारा कर्तव्य पालन, ये 5 बातें शामिल हैं। इनमें से सबसे पहले संकल्प को पूरा किए बिना भारत विश्व की महाशक्ति नहीं बन सकता। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम दुनिया के कल्याण के लिए काम करने के लिए एक महाशक्ति बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 1949 में चीन की जीडीपी भारत की तुलना में कम थी। 1980 तक भारत शीर्ष 10 अर्थव्यवस्थाओं की सूची में भी नहीं था। 2014 में भारत विश्व अर्थव्यवस्थाओं में 9वें स्थान पर था। आज भारत 3.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के करीब है और दुनिया में 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

# जंगली हाथी ने दो प्राइमरी स्कूलों को किया क्षतिग्रस्त

**ग्वालपाड़ा ( हिंस )।** जंगली हाथियों ने एक ही रात में दो स्कूलों को क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही स्कूल में मध्यानह्न भोजन के लिए रखे चावल को खाने के साथ पूरे विद्यालय में बिखेर दिया। ग्वालपाड़ा जिला में इन दिनों हाथी-इंसानों के बीच संघर्ष ने एक खतरनाक मोड़ ले लिया है। पिछले दिनों हाथियों के हमले में कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गये थे, जबकि तीन व्यक्ति यों की मौत तथा कई लोग घायल हुए थे। स्थानीय लोगों ने शनिवार को बताया कि बीती रात जंगली हाथियों ने दरंगागिरी क्षेत्र के रंगजुली में दो प्राथमिक विद्यालयों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। सबसे पहले छाताबाड़ी प्राथमिक विद्यालय परिसर की दीवार तोड़ने वाले हाथी ने स्कूल भवन की दो खिड़कियां तोड़ दीं। कमरे की दीवार तोड़ने की कोशिश करने वाले हाथी का स्थानीय लोगों ने स्कूल परिसर से पीछा कर उसे खदेड़ दिया। साताबाड़ी से लौट रहा हाथी दरंगागिरी के न्यू मुइश्खुली गारो प्राइमरी स्कूल में घुस गया और रसोई में तोड़फोड़ की। रसोई की पक्की दीवारों को तोड़ने के साथ दरवाजे और खिड़कियों को नष्ट कर दिया। इसके अलावा, रसोई घर में रखे विभिन्न बर्तन आदि को तोड़ दिया। साथ ही मिड-डे मील का चावल खा गया। रात में ही स्थानीय लोग हाथी को स्कूल से बाहर निकालने की कोशिश करते रहे, लेकिन असफल रहे। हाथी 50 किग्रा से अधिक चावल खाने के बाद ही स्कूल से बाहर निकला। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भारी दहशत है। लोगों ने वन विभाग पर आए दिन हाथियों के द्वारा मचाए जाने वाले उपद्रव को लेकर कोई कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया है।

**MISSING INFORMATION**



The above is photograph of Sri Ananta Bhadra (23 Yrs) S/O Sri Narayan Bhadra, Vill No - 3 Lissing, PS - Harisinga, Dist. Udalguri who has been missing since five month ago from Chennai.

This refers to Harisinga PS GDE No - 215 Dtd. 12/12/2022 and this office Man Missing Register Entry No. 143, Dtd. 13/12/2022.

**Descriptive Roll of the Missing Child :**

1. Complexion - Fair
2. Age - 23 Years
3. Height - 5 Feet
4. Built - Medium
5. L / Known - Assamese
6. W/apparel - Blue Pant & Red T. Shirt

All efforts may be made to trace out/recover the above noted missing person at the earliest and result thereof may be intimated to this office at the following helpline numbers for further necessary action : 6026901138 (Cell phone).

**Superintendent of Police, Udalguri, Assam.**

*-- Janasanyog /D/ 18691 / 22*

# दो करोड़ का 12 क्विंटल गांजा जब्त, महिला समेत चार गिरफ्तार

**होजाई ( हिंस )।** होजाई जिला के लमडिंग में बीती मध्य रात्रि पुलिस छापेमारी में भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। सिलचर-लमडिंग को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर लमडिंग पुलिस और होजाई जिला प्रशासन के नेतृत्व में होजाई जिला पुलिस अधीक्षक बरुण पुरकायस्थ ने संयुक्त अभियान चलाया। रात में की गयी छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में गांजा जब्त किया गया। लमडिंग पुलिस ने होजाई जिला के पुलिस अधीक्षक की देखरेख में नगालैंड के कोहिमा से एक ट्रक (एचआर-38ए-2521) के साथ बाहरी राज्य के रास्ते जा रहे चार लोगों को गांजा के साथ गिरफ्तार करने में भी कामयाबी हासिल की। लमडिंग पुलिस थाना प्रभारी ने बताया कि 60 पैकेट में जब्त गांजा का वजन करीब 12 क्विंटल है, जबकि गांजा का बाजार मूल्य करीब दो करोड़ रुपये के आसपास होगा। छापेमारी के दौरान ट्रक के चालक की पहचान नगालैंड मोन जिला के इबमाया थापा, खलासी मणिपुर के आर इयारिसू के साथ ही मणिपुर के मूल गांजा आपूर्तिकर्ता देविन सिंह और मुक्त रा देवी नामक महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने देविन सिंह और मुक्त रा देवी द्वारा इस्तेमाल कार (एएस-11आर-4404) को भी जब्त किया है। उल्लेखनीय है कि सरकार के कठोर रुख के बावजूद तस्कर गिरोह आए दिन नये-नये रास्ते का इस्तेमाल करते हुए गांजा और मादक पदार्थों की तस्करी करने में जुटे हुए हैं।

# रंगिया में गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष टीकाकरण शिविर प्रारंभ

**रंगिया ( विभास )।** देश के स्वास्थ्य विभाग की सभी के लिए टीकाकरण योजना के तहत शुक्रवार को कामरूप जिले के रंगिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जिला स्तर पर केंद्रीय रूप से गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में सैकड़ों महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जुगल चंद्र दास ने किया। बताया गया है कि इसका उद्देश्य देश से खसरा और रूबेला को खत्म करना है, इसके अलावा उन बच्चों को टीकाकरण प्रदान करना है, जिन्हें पिछली कोविड महामारी के दौरान टीकाकरण से बाहर



रखा गया था। टीकाकरण शिविर का आयोजन 16 दिसंबर के अलावा 17 जनवरी व 17 फरवरी को किया जाएगा। टीकाकरण अधिकारी डॉ. दास ने कहा कि यह कार्यक्रम हरबार एक सप्ताह तक जारी रहेगा। टीकाकरण कार्यक्रम का पहला चरण आज से शुरू हो गया।

# दो लाख का इनामी शिकारी काला गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** गैंडे के एक संदिग्ध शिकारी को करीब एक साल तक पीछा करने के बाद आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन असम के दरंग जिले में हिरासत से कथित तौर पर भागने के प्रयास में वह पुलिस की गोली से घायल हो गया। आरोपी पर दो लाख रुपए का इनाम था। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने भागने के प्रयास के तहत एक पुलिसकर्मी की छाती में हाथ की केहुनी से हमला करके उसे घायल कर दिया। उन्होंने कहा कि शिकारी की पहचान अब्दुल मतिन उर्फ काला के रूप में हुई है, जिसे बृहस्पतिवार रात में गिरफ्तार किया गया था।

# पृष्ठ एक का शेष

## प्राकृतिक खेती को...

देश के बाहर भारी मांग है। उन्होंने कहा कि असम का नींबू जो अपनी भरपूर रस सामग्री और विशिष्ट सुगंध के लिए जाना जाता है, के निर्यात और किसानों को लाभकारी मूल्य प्राप्त करने की उत्कृष्ट गुंजाइश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कई वर्षों में, असम ने निकट और दूर स्थानों पर उचित मात्रा में कृषि-बागवानी उत्पादों का निर्यात किया है। वर्तमान में, कृषि उत्पादों का निर्यात यूरोपीय संघ, यूनाइटेड किंगडम, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, भूटान, संयुक्त अरब अमीरात आदि देशों में किया जा रहा है। वर्ष 2020-21 में, 14,042.35 मीट्रिक टन कृषि-बागवानी उत्पाद विभिन्न देशों को निर्यात किए गए थे। 2022-23 के दौरान, इसमें उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है और अप्रैल से जुलाई तक केवल चार महीनों में, 8,041.28 मीट्रिक टन कृषि-बागवानी उत्पादों का निर्यात किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की निर्यात क्षमता को बढ़ावा देने के लिए, हमारी सरकार ने 2019 में एक निर्यात और रसद नीति अधिसूचित की है। इस नीति के फोकस क्षेत्रों में से एक कृषि और संबद्ध उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण, जैविक फूलों की खेती है। डॉ. शर्मा ने कहा कि खेती, बांस के उत्पाद, सजावटी सामान, मछलियां और मत्स्यपालन और औषधीय और सुगंधित उत्पाद शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य ने हाल ही में प्राकृतिक खेती पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया है। राज्य प्राकृतिक खेती में रसायनों के कम उपयोग का लाभ उठाएगा। इस कार्यक्रम के तहत, मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले चार वर्षों में 15 जिलों और 150 क्लस्टर को कवर करते हुए प्राकृतिक खेती के तहत 20,000 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करने का प्रस्ताव है। प्राकृतिक खेती के प्रसार और विकास के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में विकसित किए जाने वाले प्रगतिशील किसानों के साथ पांच जिलों में समूहों की पहचान पहले ही पूरी कर ली गई है। बाजरा के महत्व पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित किया है। इसके अनुरूप, राज्य ने 2022 से 2028 तक सात साल की अवधि के लिए नवंबर के महीने में असम मिलेट मिशन शुरू किया है। गतिविधियां पहले ही शुरू की जा चुकी हैं। अत्यधिक पौष्टिक होने के कारण, असम मिलेट्स मिशन का मुख्य उद्देश्य असमिया आबादी के आहार में विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के आहार में बाजरा को शामिल करना है। महिलाओं में गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली महिलाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मिशन अवधि के दौरान लगभग 50,000 हेक्टेयर क्षेत्र को बाजरे की खेती के तहत लाने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस शो के तहत 18 दिसंबर को क्रेता-विक्रेता संवाद आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राज्य के कृषि-बागवानी उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बातचीत अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों को एक मंच प्रदान करेगी जहां वे असम से आवश्यक कृषि-बागवानी उत्पादों की गुणवत्ता के संदर्भ में अपनी आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं। डॉ. शर्मा ने शो के आयोजन के लिए कृषि विभाग और असम कृषि विश्वविद्यालय को भी धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारिका %फसल% का भी विमोचन किया। कृषि मंत्री अतुल बोरा ने भी इस अवसर पर अपनी बातें साझा कीं। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव आशीष भूटानी ने स्वागत भाषण दिया जिसमें हथकरघा एवं वस्त्र मंत्री यूजी ब्रह्म, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री जयंत मल्लबरुवा, ऊर्जा मंत्री नंदिता गार्लोसा, सांसद क्वीन ओझा एवं पबित्र मार्घेरिटा, विधायक तरंग गोगोई भी शामिल हुए। इसके साथ ही म्यांमार के राजदूत मो क्याओ आंग, मिशन बांग्लादेश के प्रमुख रुबुल अमीन, मिशन घाना के प्रमुख अर्नेस्ट नाना अदजेई, मिशन सऊदी अरब के उप प्रमुख यासर मोबार्क एम. आल्यामी, मिशन थाईलैंड के उप प्रमुख थिरापथ मोंगकोलनाविन, वरिष्ठ कृषि अर्थशास्त्री डब्ल्यूबी बकज़ोद शम्सिएव और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## अचानक तालाबंदी की ...

राधेश्याम कुर्मी ने आरोप लगाया कि चाय बागान के अधिकारियों ने बुधवार की रात चुपके से तालाबंदी का नोटिस लगा दिया और परिसर से चले गए। उन्होंने कहा कि गुरुवार को भुगतान का दिन था और अधिकारियों ने इस तरह से पलायन कर लोगों को आक्रोशित किया है। स्थानीय पंचायत के प्रमुख राधेश्याम कुर्मी ने आरोप लगाया कि चाय बागान के अधिकारियों ने बुधवार की रात चुपके से तालाबंदी का नोटिस लगा दिया और परिसर से चले गए। उन्होंने कहा कि गुरुवार को भुगतान का दिन था और अधिकारियों ने इस तरह से पलायन कर लोगों को आक्रोशित किया है। कुर्मी ने यह भी आरोप लगाया कि मजदूरों को सरकारी दर से कम दैनिक मजदूरी मिलती है और महिला श्रमिकों को प्रतिदिन अनिवार्य से अधिक चाय पत्ती तोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्होंने दावा किया, अब हमारे पास अपनी शिकायतों को दूर करने वाला कोई नहीं है। प्लांटर्स बॉडी टी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बराक वैली के महासचिव सरदिन्दु भट्टाचार्जी ने कहा कि उन्हें इस घटना की जानकारी है और उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही इस मुद्दे को सुलझा लिया जाएगा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने किसानों के बीच उनके लाभ के लिए सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने में पीछे रहने पर कृषि और वन विभागों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के साथ दो मंडलों को गांव और कलस्टर स्तर पर किसानों तक पहुंचना चाहिए, ताकि उन्हें विभिन्न राज्य और केंद्रीय योजनाओं से अवगत कराया जा सके। तीन दिवसीय सातवें असम कृषि-वानिकी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि पिछले एक वर्ष में किसानों के लिए सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। लेकिन, मुझे लगता है कि हमारे कृषि और वन विभाग लोगों तक इन बातों को पहुंचाने में पिछड़ रहे हैं।

## असम की स्पेशल ...

टी इंटेक पर नीलामी में इतनी कीमत मिली। लोहिया ने आगे बताया कि गुवाहाटी चाय नीलामी केंद्र (जीटीएसी) में टी बोर्ड इंडिया द्वारा निर्धारित एक लाख रुपए प्रति किलोग्राम की सीमा के कारण, हमें इस साल निजी नीलामी के माध्यम से इस बैच को बेचना पड़ा। साथ ही राजन ने दावा किया कि इस तरह की किसी भी नीलामी में चाय के लिए यह अब तक की सबसे ऊंची कीमत है। उन्होंने कहा कि आरके टी सेल्स ने एक किलोग्राम विशेष चाय खरीदी। मनोहारी ब्रांड की चाय पिछले कई सालों से नए रिकॉर्ड स्थापित कर रही है। मनोहारी गोल्ड दिसंबर 2021 में जीटीएसी के माध्यम से 99,999 रुपए प्रति किलोग्राम में बिका थी। बता दें कि मनोहर गोल्ड टी एक खास तरह की चायपत्ती होती है, जिसे सुबह चार से छह बजे के बीच सूरज की किरणें जमीन पर पढ़ने से पहले तोड़ा जाता है। इस चायपत्ती का रंग हल्का मटमैला पीला होता है। इतना ही नहीं ये चायपत्ती अपनी खास तरह की खुशबू के लिए भी मशहूर है।

## हम लोगों की सुरक्षा ...

का हवाला दिया, जिसमें यदि उच्चतम न्यायालय ने हस्तक्षेप नहीं किया होता तो एक व्यक्ति को 18 साल कैद की सजा काटनी पड़ती। उन्होंने कहा कि हमारे नागरिकों की स्वतंत्रता के संरक्षक के तौर पर हम पर विश्वास करें। कार्यक्रम का आयोजन बंबई बार एसोसिएशन ने किया था। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि कल एक मामले में, जिसमें बिजली चोरी को लेकर एक आरोपी को सत्र अदालत ने दो साल कैद की सजा सुनाई थी, लेकिन निचली अदालत के न्यायाधीश यह कहना भूल गए थे कि सजाएं एक साथ चलेंगी।

## पीएम पर टिप्पणी : भाजपा ...

जनता के साथ बिहार के पार्टी कार्यकर्ता एवं आमजनों में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अपने काम एवं विचारों से पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। पड़ोसी देश को भारत की तरक्की देखी नहीं जा रहा है। ईर्ष्यावश की गई इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी को भारत की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। बिहार विधान परिषद में प्रतिपक्ष के नेता सम्राट चौधरी ने कहा कि बिलावल भुट्टो के ओछे बयान से द्वेष की बू आ रही है। अमर्यादित एवं अशोभनीय बयान बिलावल भुट्टो के कुत्सित मानसिकता का परिचायक है। भारत की जनता अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए गए इस बयान की घोर निंदा करती है। पाकिस्तान कंगाल होने की स्थिति में है, उसकी चिंता न करके भारत के प्रधानमंत्री पर छींटाकशी करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। विश्व पटल पर नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता एवं सर्व स्वीकार्यता पड़ोस के लोगों को पच नहीं रहा है। **झारखंड :** शनिवार को भाजपा ने प्रदेश भर में प्रदर्शन किया। रांची में महानगर भाजपा युवा मोर्चा ने कचहरी चौक पर प्रदर्शन किया और बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि पार्टी बिलावल भुट्टो के बयान की कड़ी भर्त्सना करती है। पाकिस्तान मोदी की लोकप्रियता और नए भारत की उपलब्धियों से डरा हुआ है। **पश्चिम बंगाल :** कोलकाता में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश भाजपा मुख्यालय से थोड़ी ही दूरी पर धर्मतल्ला में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली और बिलावल भुट्टो के खिलाफ नारेबाजी की। उनके हाथों में बैनर पोस्टर था जिस पर भुट्टो के खिलाफ नारे लिखे हुए थे। हालांकि बिलावल भुट्टो का पुतला नहीं फूंका गया। पार्टी के इस कार्यक्रम को पुलिस ने भी सुरक्षा दी थी। इस विरोध प्रदर्शन के लिए कुछ देर तक ट्रैफिक को रोक दिया गया था। करीब आधे घंटे तक विरोध प्रदर्शन हुए। पार्टी कार्यकर्ताओं ने बिलावल भुट्टो के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। **जम्मू-कश्मीर :** उधमपुर में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अंकुश शर्मा की अगुवाई में इंदिरा चौक पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका और प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला सचिव राहुल गुप्ता, सुशांत गुप्ता, विवेक गुप्ता तथा कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। **गुजरात :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह प्ले कार्ड के साथ प्रदर्शन किया। सूरत, अहमदाबाद, राजकोट, वडोदरा शहर की ईकाई की ओर से भाजपा ने प्रदर्शन कर अधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर नाराजगी जताई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल ने इस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है। पाटिल ने कहा कि पाक विदेश मंत्री के बयान पर देश भर में लोगों में रोष पनप रहा है। **महाराष्ट्र :** कई जिलों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई ने शनिवार को जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुणे, नांदेड़, नंदुरबार, नासिक, कोल्हापुर, सोलापुर, अमरावती में शनिवार को सुबह से विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। नांदेड़ जिले के वजीराबाद चौक में भाजपा की ओर से बिलावल भुट्टो का जोरदार विरोध करके उनका पुतला फूंका गया। **हरियाणा :** कैथल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका और प्रदर्शन किया। भाजपा जिला कार्यालय में पुतला दहन व प्रदर्शन की अगुवाई भाजपा जिला महामंत्री सुरेश संधू ने की।

## देश को सबसे ...

फिर से आबाद कर सकते हैं। यदि नहीं, तो हमें यह देखना होगा कि क्या हम वहां बॉर्डर टूरिज्म को लोकप्रिय बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपनी सरहदों को देखने की हर किसी की चाहत होती है, इसलिए बॉर्डर टूरिज्म के कल्चर को बढ़ाना होगा। सीमावर्ती गांवों का भी देश की सुरक्षा में अहम योगदान होता है, इसलिए यहां फिर से लोगों को बसाने की जरूरत है।

## पूर्वी क्षेत्र से ...

के खिलाफ लड़ाई के लिए इसकी नियमित बैठक करें। आज देश में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई निर्णायक चरण में है और एआई के जरिए ड्रग्स के खिलाफ अभियान को और तेज करने की जरूरत है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में पश्चिम बंगाल सचिवालय में हुई 25वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद (ईजेडसी) की बैठक में अवैध घुसपैठ, सीमा पार तस्करी और भारत-बांग्लादेश सीमा से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। अधिकारी ने कहा कि 25वीं ईजेडसी बैठक में राज्यों के बीच परिवहन सुविधाओं और जल-बंटवारे पर भी बातचीत हुई, जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के उनके समकक्ष हेमंत सोरेन, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और ओडिशा के मंत्री प्रदीप अमत ने भाग लिया।

## पुरानी फोटो शेयर ...

प्रदेश के तवांग दौरे की अपनी पुरानी फोटो पोस्ट की थी। तस्वीर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा कि हमारे सैनिक यहां पूरी तरह मुस्तैद हैं और तवांग पूरी तरह सुरक्षित है। इस दौरान एक अन्य ट्वीट में उन्होंने राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा, वह न केवल कांग्रेस पार्टी के लिए एक समस्या हैं, बल्कि वह देश के लिए एक बड़ी शर्मिंदगी बन गए हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी राहुल गांधी के बयान की निंदा की। उन्होंने कहा, यह 1962 का भारत नहीं है, यह 2014 का भारत है। देश पीएम मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। यूपीए सरकार 10 साल तक हमारी सेना के लिए फाइटर जेट, बुलेटप्रूफ जैकेट या स्नो बूट नहीं खरीद सकी। आपने हमारी सेना के लिए क्या किया ? केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि भारत में आज 300 से ज्यादा डिफेंस आइटम बन रहे हैं। भारत अब रक्षा उपकरणों का निर्यातक है न कि आयातक। यह *आत्मनिर्भर भारत* है। डोकलाम घटना के दौरान भी पीएम मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हमारी सेना का दौरा किया था। भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर राहुल गांधी जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा केंद्र सरकार चीन मुद्दे को नजरअंदाज कर रहा है।

## तवांग : कांग्रेस ने ...

अपने मन की बात करें। राष्ट्र जानना चाहता है। उन्होंने सवाल किया कि 20 जून, 2020 को आपने (प्रधानमंत्री) क्यों कहा कि पूर्वी लद्दाख में चीन द्वारा कोई घुसपैठ नहीं हुई ? आपने चीन को यह अनुमति क्यों दी कि वह हमारे सैनिकों को उन हजारों किलोमीटर के क्षेत्र में जाने से रोके जहां वे मई, 2020 से पहले नियमित रूप से गश्त किया करते थे ? रमेश ने यह भी पूछा कि आपने माउंटेन स्ट्राइक कोर बनाने को लेकर 17 जुलाई, 2013 को कैबिनेट द्वारा स्वीकृत की गई योजना को क्यों त्याग दिया ? आपने चीनी कंपनियों को पीएम केयर फंड में अंशदान क्यों देने दिया ? आपने पिछले दो वर्षों में चीन से आयात को रिकॉर्ड स्तर पर क्यों बढ़ने दिया ? कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि आप इस बात पर जोर क्यों दे रहे हैं कि सीमा के हालात और चीन से खड़ी हुई चुनौतियों पर संसद में चर्चा नहीं होनी चाहिए ? आपने चीन के शीर्ष नेतृत्व के साथ 18 बार मुलाकात की है और हाल ही में शी चिनफिंग से बाली में हाथ भी मिलाया।

## मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने ...

कानूनों के एक सेट के तहत होंगे। भारत के संविधान के भाग चार के अनुच्छेद 44 में इसका उल्लेख है। भाग में राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत (डीपीएसपी) शामिल हैं। ये प्रावधान लागू करने योग्य नहीं हैं, लेकिन विधायिकाओं के मार्गदर्शक सिद्धांतों के रूप में काम करने के लिए हैं। अनुच्छेद 44 कहता है, राज्य भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुरक्षित करने का प्रयास करेगा। जबकि डीपीएसपी लागू करने योग्य नहीं हैं, भारत में संविधान लागू होने के बाद से इसके तहत सूचीबद्ध कई प्रावधानों को कानून में बदल दिया गया है। गौहाटी उच्च न्यायालय के एक वरिष्ठ अधिवक्ता और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) के कार्यकारी सदस्य हाफिज राशिद अहमद चौधरी ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि डीपीएसपी को पहले लागू किया गया था जब नए कानून को लागू करने के लिए हंगामा हुआ था। लेकिन, यूसीसी के साथ यह स्थिति नहीं है। अब जो कुछ भी कहा जा रहा है वह समाज के बारे में चिंता किए बिना राजनीतिक मकसद से है। इसलिए, मैं इस कदम का विरोध करता हूं। उन्होंने सवाल किया कि अगर मुस्लिम महिलाओं की भलाई के लिए यूसीसी लाया जा रहा है, तो उन्हें कानून के रूप में बनाने की मांग कहां से की गई ? चौधरी ने चेतावनी दी कि यूसीसी को शुरू करने से समाज में नए विवाद आएंगे और एक संवेदनशील राज्य होने के नाते असम को प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, उन्होंने तीन तलाक को खत्म करने का समर्थन किया और कहा कि अगर सरकार को कोई जरूरत महसूस होती है तो वह मौजूदा कानून में कुछ संशोधन ला सकती है। असम में कई मुस्लिम बुद्धिजीवी चौधरी के बयान से सहमत थे और उन्होंने भी यही आवाज उठाई है। ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के नेता रफीकुल इस्लाम ने कहा कि भारत विभिन्न जातियों और समुदायों का देश है। अलग-अलग धर्मों के अलग-अलग कानून हैं। अगर समान नागरिक संहिता लागू होती है तो यह देश के लिए मुश्किलें पैदा करेगा।

## हथौड़े से ताई की...

11 दिसंबर को हुई वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। आइए, अब इस हत्याकांड के बारे में विस्तार से जानते हैं। जानकारी के अनुसार वारदात शहर के विद्याधर नगर के सेक्टर-2 की है। मृतका सरोजी देवी की बेटियों पूजा और मोनिका शर्मा ने अपनी मां के गुमशुदा होने का केस 16 दिसंबर को थाने में दर्ज कराया था। दोनों ने चाचा के लड़के अपने अनुज शर्मा पर मां की हत्या करने का भी शक जताया था। दोनों बहनों ने पुलिस को बताया कि उनके पिता की मौत 1995 में हो गई थी। इसके बाद से मां सरोज देवी विद्याधर नगर में चाचा बद्री प्रसाद शर्मा के यहां रहती थीं। वे पिछले 3-4 साल से कैंसर की बीमारी से जूझ रहीं थीं। उनकी कीमोथैरेपी भी चल रही थी।

## किसानों ने किया ...

साथ कांग्रेस पार्टी के आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिडगू रूद्रराज और दिल्ली यूनिट के अध्यक्ष अनिल चौधरी शामिल हुए। किसानों की मांग है कि केवल अमरावती को ही आंध्र प्रदेश राज्य की राजधानी के रूप में स्थापित किया जाए। वर्ष 2019 में जगन रेड्डी की सरकार के तीन राजधानी बनाने वाले फैसले को वापस लिया जाए। साथ ही तेलंगाना राज्य के गठन के समय आंध्र प्रदेश राज्य के लिए जिस विशेष पैकेज को देने का वायदा किया था उसे पूरा किया जाए। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना राज्य के गठन के बाद आंध्र प्रदेश राज्य के पास अपनी कोई राजधानी नहीं थीं। वर्ष 2015 में चंद्र बाबू नायडू की सरकार ने अमरावती को राजधानी के रूप में चिन्हित किया था। उस समय विपक्ष में बैठे जगन मोहन रेड्डी ने भी इस निर्णय का समर्थन किया था।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **षष्ठ अध्याय**

**( वैराग्य )**

**मनमोहक परपञ्च है, रचना ललित विशाल।**
**एक अन्य आकर्ष में, बन्ध सम्बन्ध कि चाल॥ 09॥**

**शब्दार्थ :** (परपञ्च) दृश्य (ललित) मनोहर (विशाल) बड़ा (आकर्ष) खिचांव (सम्बन्ध) प्रेम, योग (बन्ध) बंधन।

**भाष्य :** यह मनमोहक दृश्य, सुंदर, विस्तृत रचना महान है। समस्त प्राणी एक दूसरे के मोह-आकर्षण के बंधन में फंसे हुए हैं। इस मोह-संबंध को करने वाली माया की चाल को कोई नहीं जानता।

**हम हजार अभिमान में, भूल पड़े सब जीव।**
**दुख अपार सुख लेश है, फिर नहिं जानत पीव॥ 10॥**

**शब्दार्थ :** (अभिमान) अहंकार, बड़प्पन (लेश) अल्प, लवमात्र (पीव) परमप्रभु।

**भाष्य :** अज्ञानी जीव, मोह और अभिमान के कारण इस विषय माया के सुख में भूले हुए हैं। माया के स्वरूप को ही अपना समझ रहे हैं और हम हैं और यह हमारा है, इस अज्ञान, भूल में पड़े हुए हैं। संसार में दुःख अपार है और विषय-सुख लेश मात्र, थोड़ा है, फिर भी अज्ञानी जीव इस अपार दुःख को पाकर भी अनंत महाप्रभु को नहीं जानते, न उनकी भक्ति ही करते हैं।

## राहुल गांधी : कोई भारतीय सेना से इतनी नफरत कैसे कर सकता है

# राहुल गांधी पर हिमंत का पलटवार



**गुवाहाटी।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में हुई झड़प को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चीन ने 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है, लेकिन केंद्र सरकार इसे छिपाने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि कोई भारतीय सेना से इतनी नफरत कैसे कर सकता है? हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि *चीन के प्यार में राहुल गांधी ने सारी सीमाएं लांघ दी हैं। वीडियो सबूत के बावजूद, उनका कहना है कि भारतीय सैनिकों को चीनियों ने पीटा है। कोई भारत और भारतीय सेना से इतनी नफरत कैसे कर सकता है?* गौरतलब है कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर जयपुर में एक प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने कहा कि चीन ने 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है, 20 भारतीय सैनिकों को मार डाला है और अरुणाचल प्रदेश में हमारे जवानों की पिटाई कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि जो चीन का खतरा (थ्रेट) है...और मुझे तो वो स्पष्ट है.. और मैं इसको अब दो-तीन साल से कह रहा हूं वो बिल्कुल स्पष्ट है और केंद्र सरकार उसको छिपाने की कोशिश कर रही है। सरकार उसको नजरअंदाज कर रही है मगर उस खतरे को ना छुपाया जा सकेगा और ना ही उसे अनदेखा किया जा सकेगा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चीन, भारत की सीमा पर युद्ध की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी पूरी तैयारी चल रही है..उनका लद्दाख की तरफ और अरुणाचल की तरफ पूरा आफेंसिव प्रिपेरेशन (युद्ध की तैयारी) चल रहा है*हिंदुस्तान की सरकार सोई हुई है।* उन्होंने कहा कि बात को हिंदुस्तान की सरकार सुनना नहीं चाहती है... मगर उनकी (चीन) तैयारी चल रही है, तैयारी युद्ध की है... तैयारी कोई घुसपैठ की नहीं है... तैयारी युद्ध की है।

# रंगिया प्रशानिसक अधिकारियों ने किया विभिन्न खाद की दुकानों पर औचक निरीक्षण, एक दुकान सील



**रंगिया (विभास)।** यूरिया खाद को अधिकतम खुचरा मूल्य से अधिक कीमत पर बेचे जाने की शिकायत मिलने पर रंगिया महकमा प्रशासन ने आज महकमा के विभिन्न हिस्सों में स्थित खाद की दुकानों का औचक निरीक्षण किया तथा इस दौरान कुछ दुकानदारों विभिन्न नियमों का उल्लंघन करते देखा गया। इसको देखते हुए रंगिया प्रशासन द्वारा एक दुकान को सील कर दिया गया। साथ ही आईपीसी व एफसीओ के तहत कार्रवाई करने का कदम उठाया गया। उल्लेखनीय है कि यूरिया खाद की कीमत 266 रुपए है जबकि कुछ खाद दुकानदार दो से तीन गुना अधिक कीमत वसूल रहे हैं। निरक्षण टीम में कामरूप जिले के अतिरिक्त उपायुक्त जावीर राहुल सुरेश, रंगिया राजस्व अंचल अधिकारी लीना कुमारी पाथे, रंगिया महकमा के सहायक आयुक्त अम्लान वैश्य, चुनाव अधिकारी डॉ. नील हरित कौशिक, रंगिया थाना प्रभारी भास्कर मल्ल पटवारी व संबंधित कृषि पदाधिकारी शामिल रहे। जिन्होंने रंगिया, कोया आदि अंचलों की विभिन्न खाद दुकानों में यह आकस्मिक अभियान चलाया। तथा इस मौके पर बताया गया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## श्री बालाजी भक्त मंडल का दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ

**गुवाहाटी (विभास)।** श्री बालाजी भक्त मंडल का 15 वां दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ गुवाहाटी गौशाला के बृंदावन गार्डन में बालाजी की ज्योत प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर बालाजी भक्त मंडल के सदस्यों ने संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ किया। दोपहर को स्थानीय कलाकारों द्वारा एवं चार तल्ला बालाजी के भक्तों द्वारा रात्रि 10 बजे तक जागरण किया गया। कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए वृंदावन गार्डन में भव्य पंडाल का निर्माण कर उसमें मुख्य रूप से राम दरबार एवं हनुमान एवं शिव का दरबार बनाकर आकर्षक रूप से सजाया गया। सभी सवामणि प्रसाद दाताओं ने जोत लेकर बालाजी के दरबार का दर्शन किया। इन सभी भक्तों को आशीर्वाद स्वरूप लाल दुपट्टा, मोती की कंठमाला एवं सालासर बालाजी की आकर्षक तस्वीर प्रदान कर सवामणी का प्रसाद प्रदान किया गया। आज प्रथम दिन जोत लेकर बालाजी के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी हुई थी। भक्तों को भजनों का आनंद लेने के लिए पंडाल में एलईडी की व्यवस्था भी की गई। चाय और पानी की सेवा दो दिन तक निरंतर चल रही थी। दोपहर प्रथम दिन के भंडारे में सर्वप्रथम कुंवारी कन्या व ब्राह्मण भोजन के पश्चात असंख्य भक्तों ने अमृत भोग भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया। रात्रि 10 बजे तक श्रद्धालु भजनों की लय पर झूमते रहे। बालाजी भक्त मंडल के सभी सदस्यों ने व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाने में अपना सहयोग दिया।

# डॉ. बीरेंद्र सराफ महाराष्ट्र के एडवोकेट जनरल नियुक्त



**गुवाहाटी।** वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. बीरेंद्र सराफ को महाराष्ट्र का नया एडवोकेट जनरल नियुक्ति किया गया है। महाराष्ट्र कैबिनेट ने उनके नाम की सिफारिश कर राज्यपाल के पास भेजा था। राजभवन ने वृहस्पतिवार को उनके नाम पर सहमति जता दी और उन्हें औपचारिक रूप से महाराष्ट्र का एडवोकेट जनरल नियुक्त कर दिया गया। यह पद अधिवक्ता आशुतोष कुंभकोनी के इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुई थी। मालूम हो कि डॉ. बीरेंद्र सराफ मूलत: गुवाहाटी के हैं। वे जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्य न्यायाशीध न्यायमूर्ति स्व. बीपी सराफ के पुत्र तथा गौहाटी हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक सराफ के छोटे भाई हैं। डॉ. सराफ ने गौहाटी कॉमर्स कॉलेज से बी.कॉम की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उन्होंने प्रथम श्रेणी में प्रथम स्थान हासिल किया था। इसके बाद मुंबई विश्वविद्यालय से कानून की तीनों कक्षाओं की परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। वहीं उन्होंने एलएलबी तथा पीएचडी की डिग्री हासिल की थी।

# न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद की प्रक्रिया की समीक्षा बैठक आयोजित

**रंगिया/अमीनगांव (विभास)।** राज्य के जल संसाधन, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री पीयूष हजारिका ने आज कामरूप जिले के एकीकृत उपायुक्त कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में कामरूप जिले के किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद के विभिन्न उपायों की प्रगति की समीक्षा की। मंत्री ने आज कामरूप जिले में किसानों से धान की खरीद और प्रक्रिया की समग्र स्थिति के साथ-साथ कृषक सम्मान निधि, एक राष्ट्र एक राशन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि कामरूप जिले में वर्ष 2022-23 में किसानों से 23,300 मेट्रिक टन धान की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मंत्री ने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिया। उन्होंने धान मिलों, खलिहानों आदि के विवरण की भी समीक्षा की और किसानों के पंजीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मंत्री ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया, एक राष्ट्र एक राशन कार्ड आदि के बारे में जमीनी स्तर पर जन जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कामरूप इस मौके पर उन्होंने जिले के विधायकों से भी इस कार्यक्रम में हर संभव सहयोग करने को कहा। इसके बाद मंत्री ने ददरा स्थित असम खाद्य और नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के तहत एक धान खरीद केंद्र का दौरा किया और केंद्र में मौजूद स्थानीय किसानों से बातचीत की। बैठक में कमलपुर के विधायक दिगंत कलिता, छयगांव के विधायक रेकिबुद्दीन आहमेद, कामरूप जिला उपायुक्त कीर्ति जल्ली, अतिरिक्त उपायुक्त ध्रुवज्योति दास, सिद्धार्थ गोस्वामी, प्रणब दत्त गोस्वामी, सुजाता गोगोई, सहायक आयुक्त जौली दास निशामनी कलिता सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।



# जेसीआई अचीवर्स की नई कार्यकारिणी गठित



**गुवाहाटी (विभास)।** समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्यों मैं अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाली संस्था जेसीआई गुवाहाटी अचीवर्स की नई कार्यकारिणी का गठन शनिवार को किया गया। जेसीआई अचीवर्स के सत्र 2023 के लिए नए अध्यक्ष के रूप में मृदुल डेका को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। वहीं सचिव का पदभार रेशमा जीतानी व कोषाध्यक्ष सुभम हरलालका को दिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जेसीआई जोन अध्यक्ष सीए विजय कुमार अग्रवाल मौजूद थे। जोन अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने जेसीआई अचीवर्स के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की। वहीं नवनियुक्त अध्यक्ष श्री डेका ने अपने संबोधन में कहा की वे अपने कार्यकाल के दौरान सभी सदस्यों के सहयोग से संस्था को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का पूरा प्रयास करेंगे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ में निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. सरोज तिवारी ने सभी का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में उनके कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों की जानकारी सभा के समक्ष रखी। साथ ही उन्होंने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग हेतु सभी के प्रति आभार व्यक्त किया एवं विभिन्न सदस्यों को सम्मानित किया। शपथ ग्रहण समारोह में जेसीआई अचीवर्स के निवर्तमान सचिव श्रेया अग्रवाल, निवर्तमान कोषाध्यक्ष आशीष जालान के अलावा पूर्व जॉन अध्यक्ष, विभिन्न शाखाओं से आए पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सचिव रेशमा जीतानी ने दिया।

# अग्निकांड पीड़ितों के बीच बर्तन वितरित




**गुवाहाटी (विभास)।** रेडीमेड गारमेंट डीलर एसोसिएशन ने फटाशील हरिजन कॉलोनी में हुए भीषण अग्निकांड में पीड़ित परिवारों की बीच खाना बनाने के काम में आने वाले सभी प्रकार के बर्तनों का वितरण कर उन्हें अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुब्रत रॉय ने कहा कि रेडीमेड गारमेंट डीलर एसोसिएशन व्यापारियों के हितों की रक्षा करने वाला संगठन है। इसके अलावा यह संगठन अपने सामाजिक दायित्व बोध को पालन करते हुए सामाजिक कार्यों में भी आगे रहता है। इसी कड़ी में फटाशील में हुए भीषण अग्निकांड में प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करते हुए उन्हें खाना बनाने के काम में आने वाले सभी प्रकार के बर्तनों का वितरण किया है।

# हिरण के मांस समेत तीन गिरफ्तार



**तिनसुकिया (हिंस)।** तिनसुकिया जिला के डिगबोई से वन विभाग ने तीन अवैध शिकारियों को हिरण के मांस गिरफ्तार किया है। वन विभाग ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान हिरण के मांस समेत तीन अवैध शिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अवैध शिकारियों की पहचान रामायण गड़, धानो गड़ और पवन फुकन के रूप में की गई है। गिरफ्तार तीनों शिकारियों के पास से हिरण के मांस के अलावा एक बंदूक भी जब्त किया गया है। वन विभाग इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार तीनों अवैध शिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम *दिव्य कला शक्ति* में शामिल हुए राज्पाल

**गुवाहाटी (हिंस)।** सांस्कृतिक कार्यक्रम व्यक्ति के रचनात्मक कौशल के विकास में योगदान कर सकते हैं। यह बात असम के राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी ने रविवार को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ऑडिटोरियम में दिवांगजन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम *दिव्य कला शक्ति* में कही। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि मुझे इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है और दिव्य कला शक्ति के नाम से विकलांगता पर इन विशेष क्षमताओं को देखकर खुशी हो रही है-एक सांस्कृतिक कार्यक्रम जो कला, संगीत, नृत्य आदि के क्षेत्र में दिव्यांगजनों की आंतरिक क्षमता प्रदर्शन के लिए एक व्यापक और अनूठा मंच प्रदान करता है। प्रो. मुखी ने कहा कि जब से राज्य में सरकार बनी है, राज्य में विकास की बहस ने एक नया प्रतिमान ले लिया है, क्योंकि सरकार मानव विकास सूचकांक पर बहुत अच्छा कर रही है। इस नई पहल का परिणाम सभी क्षेत्रों पर नजर आया है। परिणामस्वरूप विकलांग व्यक्ति यों और अन्य लोगों के बीच की खाई धुंधली होती जा रही है। विकलांग व्यक्ति यों के कल्याण से संबंधित मुद्दों के प्रति केंद्र और राज्य दोनों सरकारें काफी संवेदनशील रही हैं। असम सरकार ने भी एक अलग और विशेष रूप से विकलांग लोगों के लिए समर्पित मुकाम बनाया है। *सामाजिक न्याय और अधिकारिता निदेशालय* बुजुर्गों के साथ-साथ विकलांग व्यक्तियों की भलाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बहुत अच्छी तरह से काम कर रहा है। राज्यपाल ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम व्यक्ति के रचनात्मक कौशल के विकास में योगदान कर सकते हैं। ये कार्यक्रम एक ऐसा मंच प्रदान करते हैं जिसके माध्यम से विकलांग व्यक्ति अपनी रचनात्मक, कलात्मक और बौद्धिक क्षमताओं को प्रस्तुत कर सकते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम व्यक्ति के भावनात्मक, संज्ञानात्मक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतिभागियों की कमियों के बावजूद, उनका प्रदर्शन समूह के सदस्यों के बीच एकता के बंधन को मजबूत करता है। यह सहयोग और संवाद का कौशल भी विकसित करता है। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की कि विकलांग व्यक्ति यों के अधिकारिता विभाग, भारत सरकार ने बच्चों के शानदार प्रदर्शन को प्रदर्शित करने के लिए गुवाहाटी को एक केंद्र के रूप में चुना है। उल्लेखनीय है कि भारत के विभिन्न राज्यों से 102 बच्चे और युवा शास्त्रीय, लोक और आधुनिक सहित अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए उपस्थित थे और यह साबित करता है कि सभी भारतीय विविधता के बीच एकता में रह रहे हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, विकलांग व्यक्ति यों के अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के कई गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।




# राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो नगांव महिला शाखा की औपचारिक बैठक संपन्न



**नगांव (विभास)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो नगांव महिला शाखा की आज एक औपचारिक बैठक श्रीमंत शंकरदेव विश्वविद्यालय के एक सभागार में संपन्न हुई, जिसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो महिला शाखा के राज्यिक सभापति शीतल शोमानी, सचिव निसा काबरा तथा यूथ विंग के राज्यिक सभापति संतोष कानू उपस्थित थे। अधिवक्ता सीमा डाबड़ीवाल के कुशल मंच संचालन में नगांव महिला शाखा की अध्यक्षा अनिता धुत ने अतिथियों का फुलाम गमछा से स्वागत किया तथा अपने भाषण में एक वर्ष की कार्यकाल के ऊपर में विस्तृत रुप से प्रकाश। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के राज्यिक महिला विंग के अध्यक्षा शीतल शोमानी ने अपने भाषण ने कहा कि हमारी महत्वपूर्ण कार्य यह है कि महिलाओं को न्याय दिलाना। क्राईम केस के बारे में जानकारी हासिल कर उसके बारे में चर्चा करनी चाहिए और उसके समाधान करने की पहल करते हुए न्याय दिलाने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्याय दिलाने के मामले में पक्षपात नहीं हो, इसका भी ध्यान रखना अनिवार्य है। चाय बगानों में जागरूकता लाने के लिए काम करने की पहल करते हुए उन्होंने कहा कि अपने हक की लड़ाई के लिए हमें तत्पर रहना चाहिए। निसा काबरा सचिव ने कहा कि पूरे समाज के लिए कुछ करने की मनोभावना ऊंची होनी चाहिए, जिससे हम इस मंच के जरिए समाजहित में काम कर सकें। यूथ प्रेसिडेंट संतोष कानू ने मानवाधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो के क्रियाकलापों के बारे में सभा को अवगत कराया। सभा के अंत में करबी कोंच ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# एसोचैम के शीर्ष 100 संस्थानों में डिजाइन विवि ने बनाया अपना स्थान



**गुवाहाटी।** वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन ने डिजिटल डिस्टिंक्शन: एनईपी के लिए प्रौद्योगिकी अनुरूपता पर शिखर सम्मेलन में एसोचैम एडुटेक 100 इंस्टीट्यूशन सूची के शीर्ष स्थान पर जगह लिया हैं। वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन, सोनीपत, हरियाणा को एसोचैम नेशनल काउंसिल ऑन एजुकेशन द्वारा *डिजिटल डिस्टिंक्शन: टेक्नोलॉजी कंफर्मेंस टू एनईपी* पर एडुटेक 100 शिखर सम्मेलन में भारत के शीर्ष 100 उच्च शिक्षा संस्थानों में मान्यता दी गई है। बुधवार, 14 दिसंबर, 2022 को एसोचैम एडुटेक 100 सम्मेलन 2022, नई दिल्ली में एक औपचारिक प्रस्तुति में यह करते हैं। अकादमिक, प्रौद्योगिकी और नीतिगत नेताओं के द्वारा डिजाइन और अनुमोदित किए जा रहे व्यापक प्रौद्योगिकी ढांचे के आधार पर शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों का चयन किया गया है। वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन ने ना ही केवल शीर्ष 100 में स्थान बनाया है बल्कि शीर्ष 20 संस्थानों में शामिल होने के लिए उत्कृष्टता प्रमाणपत्र भी प्रदान किया है। शिखर सम्मेलन में प्रतिष्ठित सरकारी और निजी संस्थानों के शिक्षाविदों, कुलपतियों, प्राचार्यों , डीन, निदेशकों और प्रमोटरों, एडटेक स्टार्ट-अप, हितधारकों और देशभर के छात्रों ने भाग लिया। वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के कुलपति डॉ. संजय गुप्ता ने कहा हैं कि, *देश के सिर्फ 100 संस्थान नहीं बल्कि टॉप 20 में एसोचैम द्वारा मान्यता प्राप्त होना, 4 साल पुराने विश्वविद्यालय के लिए एक बहुत बड़ा सम्मान हैं।* यह इस बात की गवाही देता है कि हम सही दिशा में सही तरह से आगे बढ़ रहे हैं और हमारी मेहनत रंग ला रही हैं। मैं प्रबंधन, शिक्षाविदों और छात्रों की अपनी पूरी टीम को बधाई देता हूं जिन्होंने इस उपलब्धि को संभव बनाया हैं।

## गांजा तस्करी करती छह महिलाएं बस से गिरफ्तार

**करीमगंज (हिंस)।** करीमगंज जिला में असम-त्रिपुरा सीमावर्ती चुराईबारी में पुलिस छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में गांजा जब्त किया गया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि पुलिस टीम ने बीती रात नाइट सुपर बस में छापेमारी के दौरान 23 किग्रा गांजा जब्त किया। नाइट सुपर बस में सवार छह महिला यात्रियों के पास से गांजा जब्त किया गया। त्रिपुरा की छह महिलाएं यात्रियों के रूप में गांजा की तस्करी कर रही थीं। पुलिस तलाशी के दौरान छह महिलाओं के पास से गांजा के कई बंडल जब्त किए गए। पुलिस ने छह महिलाओं को गिरफ्तार कर और उनसे पूछताछ कर रही है। इस संबंध में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# पूसीरे में मनाया गया *राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस*

**गुवाहाटी (हिंस)।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) द्वारा एक सप्ताह के कार्यक्रम के साथ *राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस* मनाया गया था जो 8 दिसंबर को शुरू हुआ और 14 दिसंबर को संपन्न हुआ। आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को ऊर्जा के महत्व और इसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूक करना था। ऊर्जा संरक्षण सप्ताह में बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे पूसीरे में विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने शनिवार को बताया कि सप्ताह के दौरान ऊर्जा संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों जैसे पत्रक वितरण, कला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर और बैनर प्रदर्शन, नारे नुक्कड़ नाटक पूरे पूसीरे में आयोजित किए गए ताकि कर्मचारियों के साथ-साथ आम जनता के बीच ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा किया जा सके। विभिन्न फील्ड इकाइयों में ऊर्जा संरक्षण की तात्कालिकता पर कर्मचारियों की काउंसलिंग की गई है। इस अवसर पर सभी के बीच ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए रेलवे अधिकारियों और जनता की उपस्थिति में 14 दिसंबर को पूसीरे के मुख्यालय कॉम्प्लेक्स के परिसर के पास नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस सप्ताह के दौरान पूर्वोत्तर रेल पर विभिन्न स्थानों पर ऊर्जा बर्बादी को रोकने के लिए बैनर और नारों के साथ जन जागरूकता वॉक आयोजित किए गए। अच्छी दृश्यता वाले रेलवे परिसरों में पोस्टर लगाए गए हैं और रेलवे कर्मचारियों और जनता के बीच ऊर्जा संरक्षण के सुझावों वाले पर्चे भी वितरित किए गए हैं।



# शिवराज का राहुल गांधी पर पलटवार, कहा-मोदी के नेतृत्व में हो रहा गौरवशाली भारत का निर्माण

**- कटनी में भाजपा की एक दिवसीय विस्तारित पदाधिकारी बैठक शुरू**



**कटनी, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी द्वारा तवांग में भारत-चीन की सेनाओं के बीच हुई झड़प को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे, तब हमें दुनिया के पिद्दी-पिद्दी से देश डराते थे। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक वैभवशाली, गौरवशाली, शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है। राहुल गांधी जी अनर्गल बातें ना करें, अब भारत की ओर कोई आंख उठाकर नहीं देख सकता है। मुख्यमंत्री चौहान शनिवार को कटनी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यहां स्थानीय निर्मल सत्य गार्डन में सुबह 11.30 बजे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक दिवसीय विस्तारित पदाधिकारी बैठक मुख्यमंत्री चौहान की मौजूदगी शुरू हुई। बैठक में पार्टी के संपन्न हुए कार्यक्रमों और अभियानों की समीक्षा होगी। आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से पार्टी पदाधिकारी चर्चा करेंगे। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा कर रहे हैं। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तरुण चुग, मंत्री भूपेंद्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, जयभान सिंह पवैया सहित सभी कोर कमेटी सदस्य एवं वरिष्ठ नेता उपस्थित हैं। पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक बैठक और व्यवस्था की कमान संभाल रहे हैं। बैठक शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से कटनी पहुंचे। यहां कलेक्टर अवी प्रसाद, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने उनकी अगवानी की। बैठक स्थल पर पहुंचने के बाद शिवराज ने मीडिया से बातचीत में राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी 1962 याद कर लो। चीन ने भारत के कितने क्षेत्र पर कब्जा किया था। आज भारत को दुनिया आशा भरी निगाहों से देख रही है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय छोटे-छोटे देश भी भारत को आंख दिखाते थे। आज भारतीय सेना चीन की सेना को पीछे धकेल रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। एक वैभवशाली गौरवशाली संपन्न समृद्ध और शक्तिशाली भारत का निर्माण उनके नेतृत्व में हो रहा है। हमारे देश की तरफ देखने की हिम्मत चीन ने की थी, तो हमारी सेना ने चीन के सैनिकों की गर्दन तोड़कर चीन की सीमा पर वापस फेंका था। हमारी सेना का अपमान न करें, केवल बातें न करें। अब भारत की तरफ कोई आंख उठाकर नहीं देख सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कह दिया है और कह नहीं रहे, हम कर रहे हैं, 'हम किसी को छेड़ेंगे नहीं लेकिन किसी ने हमें छेड़ा तो उसे हम छोड़ेंगे नही।' एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक सारी दुनिया देख रही हैं। राहुल को पहले 1962 देखना चाहिए, उसके बाद बात करना चाहिए। गौरतलब है कि भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर शुक्रवार को जयपुर में राहुल गांधी ने चीन के मसले पर विदेश मंत्री को नसीहत दी थी। उन्होंने कहा था कि विदेश मंत्री जयशंकर को अपनी सोच और समझ बड़ी करनी चाहिए। चीन की तैयारी युद्ध की है। सरकार इस मसले को नजरअंदाज कर रही है और इससे संबंधित जानकारियों को छुपाने की कोशिश कर रही है। चीन युद्ध की तैयारी कर रहा, सरकार सोई हुई है। उन्होंने कहा था कि हिन्दुस्तान की सरकार रणनीतिक रूप से काम नहीं करती, इवेंट बेस काम करती है। जहां जिओ पॉलिटिक्स की बात आती है, वहां इवेंट काम नहीं आते, वहां ताकत काम आती है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि चीन पर कोई सवाल नहीं पूछ रहा है। चीन ने दो हजार स्क्वायर किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया। हिंदुस्तान के 20 जवानों को शहीद किया। वे हमारे जवानों को अरुणाचल प्रदेश में पीट रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसी बयान को लेकर राहुल गांधी पर पलटवार किया है।

# चीन और पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं राहुल - जेपी नड्डा

**आशीष वर्मा**



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के चीन और भारतीय सैनिकों की हालिया झड़प पर दिए बयान की कड़ी निंदा की है और कहा कि वे चीन और पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। एक वीडियो संदेश में जेपी नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी का बयान सेना का मनोबल गिराने वाला है। इसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम होगी। भारतीय सेना साहस और वीरता की प्रतीक है। जेपी नड्डा ने राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से मिली मदद और राहुल के डोकलाम झड़प के दौरान चीनी राजनयिकों से मुलाकात का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के साथ समझौता किया हुआ है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा पर भी सवाल उठाए थे। यह भारत की भाषा नहीं है यह वैसी ही भाषा है जैसी पाकिस्तान बोलता है। वह इस तरह के बयान की निंदा करते हैं। यह राहुल गांधी की देश के प्रति मानसिकता दिखाता है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने कल जयपुर में कहा था कि चीन भारत के खिलाफ युद्ध की तैयारी कर रहा है और भारत सरकार खतरे की अनदेखी कर सो रही है।

चीन भारत की सीमा के अंदर घुस रहा है और अरुणाचल प्रदेश में हमारे सैनिकों की पिटाई कर रहा है। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा था कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को तत्काल प्रभाव से राहुल गांधी को उनके बयान के लिए पार्टी से निकाल देना चाहिए। यह तभी संभव है जब खड़गे रिमोट कंट्रोल से संचालित नहीं है और उनकी पार्टी देश के साथ खड़ी है। उनका बयान देश को छोटा करके दिखाता है और सेना का मनोबल गिराता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश एकजुट हुआ है। कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी इस एकता के पीछे खंजर भोंकने का काम करती आई है। इन्होंने पुलवामा हमले को होमग्रोन टेररिज्म बताया था। भाटिया ने कहा कि वे राहुल गांधी को बता देना चाहते हैं कि भारत की सेना इतनी सक्षम है कि ना तो कभी पिटी थी और ना कभी पीटेगी। आज हमारी सेना के चलते सीमांत इलाके सक्षम और सुरक्षित हो रहे हैं और कांग्रेस को इसको लेकर दर्द हो रहा है।

# पूर्वी क्षेत्रीय बैठक के बाद अमित शाह ने ममता बनर्जी के साथ की अलग बैठक



**कोलकाता, (हि.स.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राज्य सचिवालय नवान्न में पूर्वी क्षेत्रीय बैठक के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से अलग से मुलाकात की है। राज्य सचिवालय की 14 मंजिल स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में शाह के साथ ममता की बैठक हुई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ भले ही सचिवालय में हुई यह बैठक प्रशासनिक है, लेकिन इसका राजनीतिक महत्व भी कम नहीं है। पंचायत चुनाव को केंद्र पर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच प्रतिद्वंदिता चरम पर है। इसके अलावा केंद्रीय एजेंसियां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी समेत तृणमूल कांग्रेस के कई नेताओं के खिलाफ जांच कर रही है। ऐसे में ममता और अमित शाह की बैठक बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हालांकि, दोनों नेताओं की बैठक में क्या चर्चा हुई है, इस बारे में आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन सूत्रों ने बताया है कि काफी सौहार्दपूर्ण माहौल में दोनों नेताओं की बातचीत हुई है। सूत्रों ने बताया है कि बैठक में ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल का वित्तीय आवंटन जल्द से जल्द रिलीज किए जाने की मांग केंद्रीय गृह मंत्री के समक्ष रखी है। दरअसल, पूर्व क्षेत्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक के लिए अमित शाह बंगाल आए हैं। वह इस परिषद के अध्यक्ष हैं जबकि ममता बनर्जी इसकी उपाध्यक्ष हैं।

# आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत अबतक 29 करोड़ लोगों ने बनवाया आभा पहचान पत्र

**राकेश शर्मा**



**नई दिल्ली।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत अबतक 29 करोड़ लोगों ने आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट(आभा) स्वास्थ्य पहचान पत्र बनवाया लिया है, जबकि 4 करोड़ से अधिक लोगों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को आभा से जोड़ा जा चुका है। उल्लेखनीय है कि आभा अकाउंट में लोग अपनी सभी स्वास्थ्य जानकारियों को डिजिटल रूप से सहेज कर रख सकते हैं। इससे लोग अपने चिकित्सा इतिहास को सहज रूप से दुनिया के किसी भी कोने में देख सकते हैं। इसके अलावा, मिशन के तहत पंजीकृत स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के साथ डिजिटल रूप से प्रासंगिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड भी साझा कर सकते हैं। शनिवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. आर एस शर्मा ने बताया कि प्राधिकरण स्वास्थ्य रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण को और बढ़ावा देने के लिए अस्पतालों, क्लीनिक, नैदानिक प्रयोगशालाओं आदि जैसी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एक प्रोत्साहन योजना शुरू करने जा रहा है। हम एबीडीएम के साथ एकीकृत करने के लिए विभिन्न हेल्थ लॉकर एप्लिकेशन को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं ताकि नागरिकों को अपने डिजिटल रिकॉर्ड को स्टोर करने और प्रबंधित करने के लिए अधिक विकल्प मिल सकें।

# सेना को 18 हजार फीट ऊंचाई पर तैनात करने के लिए मिलेंगे 570 लॉजिस्टिक ड्रोन

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय सेना 12 हजार फीट तक और 18 हजार फीट की ऊंचाई पर तैनात करने के लिए दो तरह के 570 लॉजिस्टिक ड्रोन खरीदेगी। 12 हजार फीट तक की मानक स्थितियों की तैनाती के लिए लॉजिस्टिक ड्रोन (एस) और 18 हजार फीट के बीच तैनाती के लिए लॉजिस्टिक ड्रोन (हाई एल्टीट्यूड) होंगे। दोनों तरह के 570 लॉजिस्टिक ड्रोन खरीदने के लिए रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को रिक्वेस्ट फॉर इन्फॉर्मेशन (आरएफआई) जारी कर दिया है। आरएफआई के अनुसार भारतीय सेना के लिए 570 लॉजिस्टिक ड्रोन के दो संस्करणों की परिकल्पना की गई है। यानी 12 हजार फीट तक तैनाती के लिए लॉजिस्टिक ड्रोन (एस) और 12-18 हजार फीट के बीच तैनाती के लिए लॉजिस्टिक ड्रोन (हाई एल्टीट्यूड) होंगे।भारतीय सेना को हवा या झोंके की स्थिति, बारिश या बर्फ आदि में संचालन की क्षमता वाले लॉजिस्टिक ड्रोन की जरूरत है। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में अग्रिम चौकियों पर तैनात सैनिकों को खाद्य एवं रसद की आपूर्ति के लॉजिस्टिक कार्यों को पूरा करने के लिए लॉजिस्टिक ड्रोन की मांग है। आरएफआई में यह भी कहा गया है कि प्रत्येक लॉजिस्टिक ड्रोन में एक एरियल व्हीकल (एवी), एक मैन पोर्टेबल ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन (एमपीजीसीएस), एक रिमोट वीडियो टर्मिनल (आरवीटी), एक कलर डे वीडियो कैमरा, मोनोक्रोमैटिक नाइट थर्मल सेंसर और अतिरिक्त बैटरी का एक सेट होना चाहिए। इसके अलावा कलर डे वीडियो कैमरा, मोनोक्रोमैटिक



नाइट थर्मल सेंसर को छोड़कर ड्रोन के लिए भार वहन क्षमता की सीमा होनी चाहिए। दरअसल, 2021 में शुरू की गई भारत की ड्रोन उदारीकरण नीति का उद्देश्य ड्रोन के वाणिज्यिक और औद्योगिक उपयोग में तेजी लाना है। सरकार लास्ट-माइल लॉजिस्टिक्स में अक्षमताओं से निपटने के लिए लॉजिस्टिक्स ड्रोन तकनीक की ओर रुख कर रही है, क्योंकि यह परिचालन लागत को नियंत्रित करने के साथ ही ट्रैफि क की बाधाओं को दूर कर सकती है। आपूर्ति सिस्टम को अधिक कुशल, निर्बाध और समय प्रभावी बनाने की जरूरतों को देखते हुए सेना ने भी ड्रोन सिस्टम पर ध्यान केन्द्रित किया है।

# प्रधानमंत्री आज मेघालय और त्रिपुरा का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को 6,800 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के लिए त्रिपुरा और मेघालय का दौरा करेंगे। इन परियोजनाओं में आवास, सड़क, कृषि, दूरसंचार, आईटी, पर्यटन और आतिथ्य सहित कई क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 दिसंबर को मेघालय और त्रिपुरा का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी शिलांग में पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद लगभग 10:30 बजे वह स्टेट कन्वेंशन सेंटर में इसकी बैठक में भी शामिल होंगे और उसे संबोधित करेंगे। पीएमओ ने कहा कि एनईसी का औपचारिक रूप से उद्घाटन 7 नवंबर, 1972 को हुआ था। एनईसी ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और क्षेत्र के सभी राज्यों में विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और अन्य विकास पहलों को समर्थन दिया है। इसके बाद, पूर्वाह्न लगभग 11:30 बजे, प्रधानमंत्री शिलांग में एक सार्वजनिक समारोह में 2450 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। क्षेत्र में दूरसंचार कनेक्टिविटी को और बढ़ावा देने वाले एक कदम के तहत, प्रधानमंत्री देश को 4जी मोबाइल टावर समर्पित करेंगे, जिनमें से 320 से अधिक पूरे हो चुके हैं और लगभग 890 निमार्णाधीन हैं। वह उमसावली में आईआईएम शिलांग के नए परिसर का उद्घाटन करेंगे। वह शिलांग-देंगपसोह रोड का उद्घाटन करेंगे, जो नई शिलांग सैटेलाइट टाउनशिप और भीड़-भाड़ वाली शिलांग को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। वह मेघालय, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश जैसे तीन राज्यों में चार अन्य सड़क परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। वह मशरूम स्पॉन उत्पादन बढ़ाने के लिए मेघालय में मशरूम विकास केंद्र में स्पॉन प्रयोगशाला का उद्घाटन करेंगे और किसानों और उद्यमियों के लिए कौशल प्रशिक्षण भी प्रदान करेंगे। वह क्षमता निर्माण और प्रौद्योगिकी उन्नयन के माध्यम से मधुमक्खी पालन करने वाले किसानों की आजीविका में सुधार के लिए मेघालय में एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र का भी उद्घाटन करेंगे।

# सुरक्षा क्षेत्र में ट्रेंड लोगों की कमी को पूरा कर सकता है निजी सुरक्षा क्षेत्र : सिंह




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** पूर्व थल सेना अध्यक्ष और केंद्रीय भूतल परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल ( सेवानिवृत्त ) वीके सिंह ने कहा कि सुरक्षा क्षेत्र में प्रशिक्षित कर्मियों की कमी है। इसे निजी सुरक्षा क्षेत्र के प्रशिक्षित लोग पूरा कर सकते हैं। सिंह ने शनिवार को निजी सुरक्षा एजेंसियों की प्रतिनिधि संस्था कापसी के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह सर्वविदित है कि एयरपोर्ट से लेकर रेलवे स्टेशन तक ट्रेंड सुरक्षाकर्मियों की कमी है। इसे पूरा करने के लिए निजी सुरक्षा एजेंसियों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। लेकिन इसके साथ ही यह भी तय करना होगा कि निजी सुरक्षा एजेंसीयां उस मानक को पूरा करती हों जिसके आधार पर निजी सुरक्षा एजेंसियों को ऐसे महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा का दायित्व दिया जा सके। जनरल वीके सिंह ने कहा कि निजी सुरक्षा एजेंसियों को नजरअंदाज करना आज के समय में मुश्किल है। इसकी वजह यह है कि आवासीय परिसर से लेकर औद्योगिक स्थानों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर निजी सुरक्षा एजेंसी ही सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। उन्होंने कहा कि निरंतर बेहतर प्रशिक्षण के आधार पर निजी सुरक्षा एजेंसियां सुरक्षा क्षेत्र में आए गैप को भरने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं लेकिन इसके लिए सुरक्षा एजेंसियों को अप टू डेट बनना होगा। उन्हें विभिन्न तरह की तकनीक सीखनी होगी। उन्हें सुरक्षा क्षेत्र में नवीनतम कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्रों में भी अपने को दक्ष करना होगा। अगर सुरक्षा एजेंसियां क्वालिटी कंट्रोल, स्किलिंग पर ध्यान देगी तो निश्चित तौर पर ना केवल सुरक्षा एजेंसियों बल्कि उनके गार्डों की सिक्योरिटी रेटिंग भी बेहतर होगी। जिससे उनके लिए रोजगार और कारोबार के अवसर लगातार बढ़ेंगे। उल्लेखनीय है कि देशभर की निजी सुरक्षा एजेंसियों के इस सम्मेलन की अध्यक्षता कापसी के चेयरमैन कुंवर विक्रम सिंह ने की।

# रक्षा मंत्रालय के लिए क्रांतिकारी सुधारों का साल रहा 2022, कई योजनाएं परवान चढ़ीं

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय के लिए 2022 क्रांतिकारी सुधारों का साल साबित हुआ। इस साल सेना को युवा, आधुनिक और 'आत्मनिर्भर' बनाने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए। 'मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड' विजन के अनुरूप वैश्विक शांति और समृद्धि के सामूहिक लक्ष्य हासिल करने के लिए रक्षा निर्यात बढ़ाने के निरंतर प्रयास किये गए। कई देशों ने भारतीय प्लेटफार्मों में गहरी रुचि दिखाई, जिससे रक्षा निर्यात का रिकॉर्ड बना। सीमा क्षेत्र विकास, नारी शक्ति, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का विस्तार और युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए नए सैनिक स्कूलों की स्थापना नए सिरे से आगे बढ़ी।

**सेना को युवा बनाने के लिए अग्निपथ योजना–** सरकार ने सशस्त्र बलों में युवाओं की भर्ती के लिए जून में अग्निपथ योजना शुरू की, जिससे अग्नि वीरों को चार साल की अवधि के लिए देश की सेवा करने की अनुमति मिली। इस योजना के तहत तीनों सेनाओं में होने वाली भर्ती के लिए आकर्षक मासिक पैकेज और एक बार 'सेवा निधि' पैकेज शामिल है। अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेना में 37.09 लाख, भारतीय नौसेना में 9.55 लाख और भारतीय वायु सेना में 7.69 लाख पंजीकरण किये गए हैं। अग्नि वीरों को बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ शीघ्र प्रशिक्षण शुरू करने की तैयारी है।

**'आत्मनिर्भर भारत' की मिसाल आईएनएस विक्रांत–** इसी साल सितंबर में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत नौसेना के बेड़े में कमीशन किया। 76 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ, 262.5 मीटर लंबा और 61.6 मीटर चौड़ा जहाज अत्याधुनिक उपकरणों/प्रणालियों से लैस है, जिसे लगभग 1,600 अधिकारियों और नाविकों के चालक दल के लिए डिजाइन किया गया है। यह मिग-29के फाइटर जेट्स, कामोव-31, एमएच-60आर मल्टी-रोल हेलीकॉप्टरों से युक्त 30 विमानों से युक्त एयर विंग को संचालित करने में सक्षम है।

**लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर 'प्रचंड'–** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अक्टूबर में लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' को औपचारिक रूप से भारतीय वायु सेना में शामिल किया। इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया है। यह देश का पहला स्वदेशी मल्टी रोल हेलीकॉप्टर है, जिसमें शक्तिशाली ग्राउंड अटैक और हवाई युद्ध क्षमता है। ऑनबोर्ड एडवांस्ड नेविगेशन सिस्टम, नजदीकी मुकाबले के लिए बनाई गई बंदूकें और शक्तिशाली हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें एलसीएच को आधुनिक युद्ध के मैदान के लिए विशेष रूप से अनुकूल बनाती हैं। यह उच्च ऊंचाई वाले इलाकों से संचालित करने और उच्च ऊंचाई वाले लक्ष्यों पर सटीक प्रहार करने में सक्षम है।


**इंडियन नेवल एयर स्क्वाड्रन–** स्वदेशी एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) मार्क-ककक का संचालन करने के लिए इंडियन नेवल एयर स्क्वाड्रन 325 को भारतीय नौसेना में कमीशन किया गया है। भारतीय नौसेना में स्वदेशी एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) मार्क-कककके लिए कमीशन की गई यह दूसरी स्क्वाड्रन है। अत्याधुनिक मल्टी रोल हेलीकॉप्टर का विकास और निर्माण एचएएल ने किया है। यह हेलीकॉप्टर उन्नत राडार के साथ-साथ इलेक्ट्रो ऑप्टिकल सेंसर, शक्ति इंजन, फुल ग्लास कॉकपिट, हाई-इंटेंसिटी सर्च लाइट, उन्नत संचार प्रणाली, स्वचालित पहचान प्रणाली के साथ-साथ खोज-उपकरण सहित अत्याधुनिक उपकरण से लैस हैं।

**मिसाइल डेस्ट्रॉयर, फ्रिगेट्स–** रक्षा मंत्री ने मई में मझगांव डॉक्स लिमिटेड, मुंबई में भारतीय नौसेना के दो फ्रंटलाइन युद्धपोत 'सूरत' और 'उदयगिरि' लॉन्च किए। 'सूरत' प्रोजेक्ट 15-बी वर्ग का चौथा स्टील्थ-गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जबकि 'उदयगिरि' प्रोजेक्ट 17-ए वर्ग का दूसरा स्टील्थ फ्रिगेट है। प्रोजेक्ट 15 बी वर्ग के जहाज भारतीय नौसेना की अगली पीढ़ी के स्टील्थ गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक हैं। प्रोजेक्ट 17-ए फ्रिगेट्स युद्धपोत हैं जो शिवालिक क्लास के फॉलो-ऑन वर्ग के फ्रिगेट्स हैं, जिनमें बेहतर स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियार और सेंसर और प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम हैं। प्रोजेक्ट 15 बी का दूसरा जहाज मोरमुगाओ नवंबर में भारतीय नौसेना को सौंपा गया था, जबकि प्रोजेक्ट 17-ए का पांचवां स्टील्थ फ्रिगेट 'तारागिरी' सितंबर में लॉन्च किया गया।

**सी-295 परिवहन विमान प्लांट–** प्रधानमंत्री ने अक्टूबर में गुजरात के वडोदरा में सी-295 परिवहन विमान निर्माण के लिए प्लांट की आधारशिला रखी। इस प्लांट में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और स्पेन की कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के सहयोग से भारतीय वायु सेना के लिए सी-295 परिवहन विमानों का निर्माण किया जायेगा। यह अपनी तरह का पहला प्रोजेक्ट है, जिसमें निजी कंपनी भारत में सैन्य विमान का निर्माण करेगी। परियोजना की कुल लागत 21,935 करोड़ रुपये है। अनुबंध के अनुसार 40 विमान वडोदरा प्लांट में निर्मित किए जाएंगे, जबकि 16 विमान फ़्लाइंग मोड में स्पेन से आएंगे।

# विशेष पैकेज के साथ कई मांगों को लेकर अमरावती के किसानों ने किया जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन

**अजय कुमार**



**नई दिल्ली।** करीब 1900 किलोमीटर की यात्रा कर अमरावती के किसान दिल्ली के जंतर मंतर पर शनिवार को अपना विरोध दर्ज करवाने पहुंचे। करीब तीन साल पहले शुरू हुए आंदोलन में लगभग 2000 किसानों ने जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन किया। इस धरने में किसानों समेत कई राजनीतिक दलों के लोग शामिल हुए जिसमें कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव डी. राजा और राज्यसभा सांसद पी. संतोष कुमार, तेलगु देशम पार्टी से लोकसभा सांसद जयदेव गाला और के. राममोहन नायडू शामिल हैं। इनके साथ कांग्रेस पार्टी के आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिडगू रूद्रराज और दिल्ली यूनिट के अध्यक्ष अनिल चौधरी शामिल हुए। किसानों की मांग है कि केवल अमरावती को ही आंध्र प्रदेश राज्य की राजधानी के रूप में स्थापित किया जाए। वर्ष 2019 में जगन रेड्डी की सरकार के तीन राजधानी बनाने वाले फैसले को वापस लिया जाए। साथ ही तेलंगाना राज्य के गठन के समय आंध्र प्रदेश राज्य के लिए जिस विशेष पैकेज को देने का वायदा किया था उसे पूरा किया जाए। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना राज्य के गठन के बाद आंध्र प्रदेश राज्य के पास अपनी कोई राजधानी नहीं थीं।

## संपादकीय

# असुविधा के अस्पताल

**हालांकि** बहुमंजिला इमारतों में अब आमतौर पर लिफ्ट या अन्य व्यवस्थाएं की जाती हैं, लेकिन अक्सर ऐसे मामले सामने आते रहते हैं, जिसमें सभी सुविधाओं से लैस कोई भवन बना तो दिया जाता है, मगर उसमें यह ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा जाता कि अगर किसी व्यक्ति के पांवों में दिक्कत है तो उसे ऊपरी मंजिलों पर या कहीं भी सीढ़ियां चढ़ने में किस परेशानी का सामना करना पड़ेगा। यह अदूरदर्शिता और अव्यवस्था अगर कहीं अस्पतालों तक में दिखती है तो इसे एक विडंबना ही कहा जाना चाहिए। दिल्ली के कुछ अस्पतालों में दिव्यांगजनों के आने-जाने के लिए लिफ्ट या फिर सपाट सीढ़ी यानी रैंप के अभाव की खबर हैरान करने वाली है। सवाल है कि इसके निर्माण से लेकर अब तक इस पहलू पर गौर करना जरूरी क्यों नहीं समझा गया, जबकि अस्पतालों में इस तरह की व्यवस्था को अनिवार्य माना जाना चाहिए। गौरतलब है कि दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में पुस्तकालय में आने-जाने के लिए दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए लिफ्ट और रैंप जैसी व्यवस्था नहीं की गई है। वर्धमान महावीर मेडिकल कालेज के पुस्तकालय में जाने के लिए दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए विशेष टाइलों वाले रास्ते से लेकर अन्य दिव्यांगजनों के लिए जरूरी सुविधाओं का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा गया है। इसी तरह दिल्ली के जाने-माने अस्पताल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में दिव्यांगों के लिए अनुकूल शौचालय और अन्य सुविधाओं का अभाव है। किसी अस्पताल में लिफ्ट या रैंप के लिए जगह तो निर्धारित है, मगर सालों से यह सुविधा अधर में लटकी हुई है। इस वजह से किसी तरह की दिव्यांगता से दो-चार विद्यार्थियों को कैसी परेशानी से गुजरना पड़ता होगा, यह समझा जा सकता है। यों सरकारों का दावा हमेशा यही रहता है कि वह समूची आबादी का खयाल रखने के लिए हर संभव प्रयास करती है, मगर ऐसे दावों की हकीकत जमीन पर कुछ और ही होती है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में सभी इमारतों को इस दायरे में आने वाले लोगों के लिए सुलभ और अनुकूल बनाने के मद्देनजर पांच साल की समय सीमा दी गई थी। लेकिन अगर आज भी इस मसले पर आधे-अधूरे ढंग से काम हुआ है और इसका खमियाजा दिव्यांग लोगों को उठाना पड़ रहा है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? विचित्र है कि दिल्ली देश की राजधानी है और यहां के अस्पतालों सहित सभी सार्वजनिक भवन या तो दिल्ली सरकार के तहत आते हैं या फिर केंद्र सरकार के। सभी लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के मामले में दोनों ही सरकारें बढ़-चढ़ कर अक्सर दावे करती रहती हैं। लेकिन क्या कभी इन दावों में यह चिंता भी शामिल रहती है कि अस्पतालों में इलाज के लिए आने वालों से लेकर खुद उस परिसर में कामकाज करने वाले लोग भी किसी शारीरिक असुविधा का सामना कर रहे होंगे। और उनके लिए विशेष व्यवस्था भी प्राथमिक होना चाहिए? यों बहुत सारी सार्वजनिक इमारतों में अलग से लिफ्ट या सपाट सीढ़ियों की व्यवस्था की गई है, लेकिन आज भी ऐसी तमाम जगहें हैं, जहां इसके अभाव में दिव्यांगजनों को दिक्कतें उठानी पड़ती हैं। खासतौर पर अस्पतालों में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वहां नियमित कामकाज या फिर इलाज के लिए आने-जाने वाले तमाम लोगों के साथ-साथ दिव्यांगजनों को भी कोई दिक्कत न हो, उनके अनुकूल सुविधाओं की व्यवस्था की जाए।




दिल्ली के कुछ अस्पतालों में दिव्यांगजनों के आने-जाने के लिए लिफ्ट या फिर सपाट सीढ़ी यानी रैंप के अभाव की खबर हैरान करने वाली है। सवाल है कि इसके निर्माण से लेकर अब तक इस पहलू पर गौर करना जरूरी क्यों नहीं समझा गया, जबकि अस्पतालों में इस तरह की व्यवस्था को अनिवार्य माना जाना चाहिए। गौरतलब है कि दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में पुस्तकालय में आने-जाने के लिए दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए लिफ्ट और रैंप जैसी व्यवस्था नहीं की गई है। वर्धमान महावीर मेडिकल कालेज के पुस्तकालय में जाने के लिए दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए विशेष टाइलों वाले रास्ते से लेकर अन्य दिव्यांगजनों के लिए जरूरी सुविधाओं का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा गया है। इसी तरह दिल्ली के जाने-माने अस्पताल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में दिव्यांगों के लिए अनुकूल शौचालय और अन्य सुविधाओं का अभाव है।

## कुछ अलग

# कहां गई इंसानियत

**अमीर** बनने की चाहत में एक कपल द्वारा दो महिलाओं की अलग-अलग बलि देने की केरल में हुई घटना स्तब्ध करने वाली है। हालांकि कोच्चि जिले के पुलिस प्रमुख का कहना है कि यह काफी जटिल मामला है, जिसमें कई परतें हैं, मगर फिर भी जो तथ्य सामने आए हैं, वे देश में सबसे अधिक साक्षरता दर वाले राज्य केरल के लिए तो शर्मिंदगी का कारण हैं ही, एक राष्ट्र के रूप में भी हमारा सामना कई असुविधाजनक सवालों से कराते हैं। जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक आरोपी कपल आर्थिक समस्याओं से गुजर रहा था और अमीर बनना चाहता था। लेकिन अपनी कथित गरीबी से परेशान इस कपल ने गरीबी दूर करने का झांसा देने वाले तांत्रिक को इसकी एवज में लाखों रुपये दिए। तांत्रिक के बारे में इन्हें पता तब चला, जब इस कपल ने एक अखबार में इश्तहार देखा कि वह कुछ अनुष्ठानों के जरिए गरीबी से मुक्ति दिला सकता है। उसके बाद इस कपल ने तांत्रिक से संपर्क किया और उसने कुछ समय में विश्वास दिला दिया कि किसी महिला की बलि देकर वह इस कपल के अच्छे दिन ला सकता है। जाहिर है, कपल को पता नहीं था कि उस कथित तांत्रिक के खिलाफ पुलिस में कई मामले पहले से दर्ज थे और एक मामले में तो वह जेल भी काट चुका था। बहरहाल, आगे की प्रक्रिया के लिए भी तांत्रिक ही एक लॉटरी विक्रेता महिला को धोखे से कपल के पास ले आया। तीनों ने मिलकर उसकी बलि दी और लाश के टुकड़े-टुकड़े करके जमीन के नीचे गाड़ दिए। कुछ समय बाद कपल ने दिन नहीं बदलने की शिकायत की तो तांत्रिक ने वही अनुष्ठान दोहराने की जरूरत बताई। एक बार फिर एक अन्य महिला को धोखे से इनके पास लाया और उसकी भी वही गति की। मगर इस बार गुमशुदगी की शिकायत पर पुलिस सक्रिय हो गई और तीनों गिरफ्त में आ गए। सवाल है, क्या यह इन तीनों का इकलौता कृत्य है या ऐसे और भी लोगों की गरीबी दूर करने का प्रयास यह तांत्रिक कर चुका है? यह भी कि क्या इसमें और लोग भी शामिल हैं जो जाने अनजाने छोटे-मोटे या बड़े फायदों के लिए इनकी मदद करते रहे हैं? इन पहलुओं की जांच की जा रही है। मगर एक तथ्य तो रेकॉर्ड पर आ चुका है कि इस तांत्रिक ने इश्तहार देकर सार्वजनिक तौर पर दावा किया था कि वह कुछ अनुष्ठानों के जरिए गरीबी दूर करेगा। भले ऐसे विज्ञापनों को छापना गैरकानूनी न साबित होने देने के लिए रास्ता ढूंढ लिया जाए, यह कितना खतरनाक हो सकता है, इस प्रकरण से साफ है।



जिस राज्य की साक्षरता दर सबसे अधिक हो और वहां इस प्रकार की घटना के बाद कई सवाल हैं। एक कपल जिसकी आर्थिक हालत ठीक नहीं थी और वह अमीर बनना चाहता था। वहीं अपनी कथित गरीबी से परेशान इस कपल ने गरीबी दूर करने का झांसा देने वाले तांत्रिक को इसकी एवज में लाखों रुपये दिए। जिस राज्य की साक्षरता दर सबसे अधिक हो और वहां इस प्रकार की घटना के बाद कई सवाल हैं। एक कपल जिसकी आर्थिक हालत ठीक नहीं थी और वह अमीर बनना चाहता था।

### यूसीसी का विरोध यही बताता है कि विपक्षी दल समान नागरिक संहिता पर बहस करने के लिए भी तैयार नहीं

# 'मिशन 2024' में जीत की गारंटी बनेगा 'समान नागरिक संहिता' कानून

भाजपा के राज्यसभा सांदस किरोड़ी लाल मीणा ने 09 दसिंबर 2022 को राज्यसभा में प्राइवेट मैम्बर के तौर पर यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) का प्रस्ताव पेश किया। यानी राज्यसभा में यह विधेयक सरकार द्वारा पेश नहीं किया गया है। बल्कि सांदस द्वारा निजी तौर पर इस प्रस्ताव को पेश किया गया था। इस मुद्दे पर भाजपा के रुख ने संकेत दयिा है कि सांदस किरोड़ी लाल मीणा ने जो बिल पेश किया उसका पार्टी का मौन समर्थन है। राजनीति के जानकार कहते हैं कि बीजेपी की नजर 2024 के आम चुनाव पर है और दसन के नेता पीयूष गोयल ने इस मुद्दे पर बोलते हुए कहा भी था कि यह दसस्य का वैध अधिकार है। उच्च दसन के कई दसस्यों ने स्वीकार किया है कि सत्ता पक्ष अवसर की तलाश कर रहा है और जब दसन में विपक्ष की संख्या कम थी तब विधेयक पेश किया गया।

**सुप्रीम** कोर्ट और कई हाईकोर्ट काफी समय से अपने तमाम फैसलों के दौरान केंद्र सरकार से समान नागरिक संहिता लाने के लिए कह रहे थे। यह बात तो सबको पता थी, लेकिन केंद्र सरकार कानून बनाने की राह क्यों नहीं पकड़ रही थी, यह बात कम ही लोगों को समझ में आ रही थी। परंतु राज्यसभा में भाजपा के एक वरिष्ठ सांसद की ओर से निजी स्तर पर समान नागरिक संहिता विधेयक (यूसीसी) प्रस्तुत करके समान नागरिक संहिता पर गरम बहस छेड़ दी गयी है। यूसीसी का राज्यसभा में जैसा विरोध हुआ, उसका औचित्य समझना कठिन है, क्योंकि हमारे संविधान में भी समान नागरिक संहिता को आवश्यक बताया गया था। इसके बाद भी यूसीसी का विरोध यही बताता है कि विपक्षी दल समान नागरिक संहिता पर बहस करने के लिए भी तैयार नहीं हैं। आखिर जिस समान नागरिक संहिता का उल्लेख संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में है, उस पर संसद में बहस क्यों नहीं हो सकती और वह भी तब, जब निजी विधेयक पेश करने की एक परंपरा है? यह हास्यास्पद है कि कई विपक्षी सांसदों ने समान नागरिक संहिता विधेयक पेश करने की पहल को संविधान विरोधी बता दिया। इसे अंधविरोध और कुतर्क के अतिरिक्त और कुछ नहीं कहा जा सकता। भाजपा के राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने 09 दिसंबर 2022 को राज्यसभा में प्राइवेट मैम्बर के तौर पर यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) का प्रस्ताव पेश किया। यानी राज्यसभा में यह विधेयक सरकार द्वारा पेश नहीं किया गया है। बल्कि सांसद द्वारा निजी तौर पर इस प्रस्ताव को पेश किया गया था। इस मुद्दे पर भाजपा के रुख ने संकेत दिया है कि सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने जो बिल पेश किया उसका पार्टी का मौन समर्थन है। राजनीति के जानकार कहते हैं कि बीजेपी की नजर 2024 के आम चुनाव पर है और सदन के नेता पीयूष गोयल ने इस मुद्दे पर बोलते हुए कहा भी था कि यह सदस्य का वैध अधिकार है। उच्च सदन के कई सदस्यों ने स्वीकार किया है कि सत्ता पक्ष अवसर की तलाश कर रहा है और जब सदन में विपक्ष की संख्या कम थी तब विधेयक पेश किया गया। विधेयक पेश किये जाने के समय कांग्रेस के कुछ ही सदस्य उपस्थित थे। इस बारे में सूत्रों का कहना है कि हो सकता है कि कांग्रेस बिल का



विरोध नहीं करना चाहती हो। संविधान के नीति निर्देशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 44 बनाकर उसमें कहा भी गया है कि सरकार आगे चलकर समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में काम करेगी, लेकिन मीणा की तरफ से लाए गए समान नागरिक संहिता बिल का विपक्षी दलों ने विरोध शुरू कर दिया है। कांग्रेस, सपा और ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने बिल के खिलाफ आवाज उठाई, हालांकि बिल पेश करने की राह में वे रोड़े नहीं अटका सके। उल्लेखनीय है कि कई चुनावों में यूसीसी भाजपा के घोषणापत्र में रहा है। जबकि निजी सदस्य का बिल 2020 से लंबित था, लेकिन पेश नहीं किया गया था। यूसीजी नागरिकों के व्यक्तिगत कानूनों को बनाने और लागू करने के लिए एक प्रस्तावित कानून है, जो सभी नागरिकों पर उनके धर्म, लिंग या यौन अभिविन्यास की परवाह किए बिना लागू होगा। दरअसल, उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने यूसीसी के कार्यान्वयन की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी यूसीसी के पक्ष में अपनी हामी जाहिर कर चुके हैं। वहीं, हिमाचल प्रदेश में भी भाजपा ने अपने घोषणापत्र में यूसीसी के कार्यान्वयन को सूचीबद्ध किया था, लेकिन पार्टी को राज्य में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। उत्तराखंड सरकार ने उत्तराखंड के निवासियों के निजी दीवानी मामलों को विनियमित करने वाले संबंधित कानूनों की जांच करने और कानून का मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की है। इसके तहत वर्तमान में प्रचलित कानूनों में संशोधन व सुझाव उपलब्ध कराना। साथ ही राज्य में विवाह, तलाक के संबंध में वर्तमान में प्रचलित कानूनों में एकरूपता लाने का मसौदा बनाना। राज्य में समान नागरिक संहिता के लिए मसौदा तैयार करना शामिल है। बता दें कि विपक्ष के विरोध के बीच समान नागरिक संहिता विधेयक निजी सदस्य द्वारा 09 दिसंबर 2022 को राज्यसभा में पेश किया गया। कुल 63 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया, जबकि 23 मत इसके विरोध में पड़े। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और द्रमुक ने विरोध प्रदर्शन किया, जबकि बीजू जनता दल ने सदन से वॉकआउट कर दिया। यह ठीक है कि निजी विधेयक मुश्किल से ही कानून का रूप लेते हैं और हाल के इतिहास में तो किसी भी ऐसे विधेयक को संसद की मंजूरी नहीं मिली है, लेकिन किसी भी सांसद को निजी स्तर पर विधेयक पेश करने का अधिकार है। जब ऐसे विधेयकों पर संसद में चर्चा होती है तो देश का ध्यान संबंधित विषय की ओर आकर्षित होता है और उस पर विचार-विमर्श की प्रक्रिया तेज होती है। यदि भाजपा सांसद किरोड़ी मल मीणा के निजी विधेयक के जरिये यह काम होता है तो इससे किसी को परेशानी क्यों होनी चाहिए? निजी स्तर पर पेश किए गए समान नागरिक संहिता विधेयक पर राज्यसभा में व्यापक बहस इसलिए होनी चाहिए, क्योंकि कई राज्य सरकारें इस संहिता के निर्माण की दिशा में सक्रिय हैं। उत्तराखंड और गुजरात के अलावा मध्य प्रदेश सरकार ने भी समान नागरिक संहिता के निर्माण की आवश्यकता जताई है। इन स्थितियों में आवश्यक केवल यह नहीं कि संसद में समान नागरिक संहिता को लेकर विस्तार से बहस हो, बल्कि यह भी है कि केंद्र सरकार इस संहिता का कोई मसौदा सामने लाए, जिससे आम जनता के बीच भी विचार-विमर्श की प्रक्रिया आगे बढ़े। जब ऐसा होगा तो समान नागरिक संहिता को लेकर दुष्प्रचार की जो राजनीति हो रही है, उसकी काट करने में मदद मिलेगी। यह दुष्प्रचार वोट बैंक की राजनीति के तहत और साथ ही अल्पसंख्यक समुदायों, खास तौर पर मुस्लिम समुदाय को भ्रमित करने के शरारतपूर्ण इरादे से हो रहा है। इसका पता विपक्षी सांसदों के इस तरह के थोथे बयानों से चलता है कि समान नागरिक संहिता के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने से विविधता की संस्कृति को क्षति पहुंचेगी। यह निरा झूठ है, क्योंकि यह संहिता तो विविधता में एकता के भाव को बल देगी। इसके साथ ही इससे राष्ट्रीय एकता को भी बल मिलेगा।

# फिर कोरोना की जकड़ में चीन



बढ़ते मामलों के मद्देनजर की गई पूर्णबंदी के दौरान एक चिंगारी से भड़का विद्रोह पूरे चीन में फैल गया। इसमें शी जिंगपिंग की शून्य कोविड नीति और उनके कामकाज के तौर-तरीकों से नाराज लोगों के प्रदर्शन से अलग परेशानी खड़ी हो गई। करीब द स दनि पहले उरुमकी में पूर्णबंदी के दौरान एक रिहाइशी इमारत में लगी आग से दस लोगों की मौत हो गई। उसके बाद नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा और हालात बेकाबू होते चले गए। लोगों का मानना है कि पूर्णबंदी के कारण उस आग को बुझाने में बाधा आई, जिसे लेकर लोगों की नाराजगी बढ़ गई और बेजिंग, शंघाई सहित दर्जन भर से ज्यादा शहरों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। यों तो चीन में विरोध का अपना एक अलग इतिहास है, मगर इस बार के प्रदर्शन थोड़े अलग हैं।आनन-फानन में पहले बेदह सख्ती और अब एकाएक थोड़ी ढिलाई का फैसला बताता है कि शादय शी जिंगपिंग की नीति लोगों की हिफाजत से ज्यादा तानाशाही का प्रतीक बन गई।

**क्या** उसने कोरोना के नाम पर नई अर्थव्यवस्था बनाने के लिए टीके की आड़ में कोई विफल प्रयोग किया है? क्या उसने विश्व स्वास्थ्य संगठन को भी ठेंगा दिखाया है? शायद इसका जवाब वही दे सकता है, जो कभी मिल पाएगा या नहीं, कहना मुश्किल है। मगर यह वहां की सरकार के लिए एक बड़ी असमंजस वाली स्थिति है। इन दिनों चीन में फिर से कोरोना की लहर लौट आई है। बढ़ते मामलों के मद्देनजर की गई पूर्णबंदी के दौरान एक चिंगारी से भड़का विद्रोह पूरे चीन में फैल गया। इसमें शी जिंगपिंग की शून्य कोविड नीति और उनके कामकाज के तौर-तरीकों से नाराज लोगों के प्रदर्शन से अलग परेशानी खड़ी हो गई। करीब दस दिन पहले उरुमकी में पूर्णबंदी के दौरान एक रिहाइशी इमारत में लगी आग से दस लोगों की मौत हो गई। उसके बाद नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा और हालात बेकाबू होते चले गए। लोगों का मानना है कि पूर्णबंदी के कारण उस आग को बुझाने में बाधा आई, जिसे लेकर लोगों की नाराजगी बढ़ गई और बेजिंग, शंघाई सहित दर्जन भर से ज्यादा शहरों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। यों तो चीन में विरोध का अपना एक अलग इतिहास है, मगर इस बार के प्रदर्शन थोड़े अलग हैं। आनन-फानन में पहले बेहद सख्ती और अब एकाएक थोड़ी ढिलाई का फैसला बताता है कि शायद शी जिंगपिंग की नीति लोगों की हिफाजत से ज्यादा तानाशाही का प्रतीक बन गई। इसी कारण लोगों को सड़कों पर उतरना पड़ा। चीनी उप-प्रधानमंत्री सुन चुनलान, जो कोविड से लड़ने की अगुआई कर रहे थे, ने संकेत दिए कि ओमीक्रान ज्यादा संक्रामक होने के बावजूद कम खतरनाक है। तो क्या वहां की जनता के धैर्य की परीक्षा तो नहीं ली जा रही थी? हालांकि चीन ने अपने सभी नागरिकों को बहुत पहले टीके की दो खुराक लगवा दी थी, फिर भी कोरोना काबू नहीं हुआ, क्योंकि उसके सिनोफार्म कंपनी द्वारा बनाए टीके के बेअसर होने की बातें सामने आईं। अब वहां स्थिति यह है कि चीनी टीके की दूसरी और तीसरी खुराक ले चुके लोग भी तेजी से संक्रमित होने लगे। फिर शी जिनपिंग की बेचैनी बढ़ी और कड़ाई करना उनकी मजबूरी बन गई, जिसके नतीजे सामने हैं। चीन में वहां के बने छह तरह के टीके इस्तेमाल हो रहे हैं। इनमें दो टीके कोविलो और वोरो सेल सिनोफार्म कंपनी बनाती है। अब तो दुनिया भर में आशंका जताई जाने लगी है कि चीन ने कहीं कोरोना के टीके भी नकली बना कर बड़ा खेल तो नहीं कर दिया? वहां के सेंटर फार डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के निदेशक गाओ फू ने खुद माना है कि वहां उपयोग हो रहे देशी टीकों में से ज्यादातर बेअसर साबित हुए। अब इसके अंतरराष्ट्रीय मायने क्या लगाए जाएंगे यह तो नहीं मालूम, लेकिन इतना जरूर पता है कि जिस तरह दुनिया के तमाम देशों ने कोरोना के साथ लड़ कर नई राह पकड़ी, उसमें चीन दुनिया से अलग-थलग पड़ गया, जिसका नतीजा सामने है। जब दुनिया भर में कोरोना महामारी उफान पर थी, तब चीन कहीं इस मुगालते में तो नहीं था कि कोरोना नियंत्रण उसके लिए चुटकियों का खेल है? सबसे पहला मामला हुबेई प्रांत के वुहान में आया था और तब चीन पर कोविड को दबाने, फैलाने, यहां तक कि प्रयोगशाला में पनपाने के तमाम आरोप लगे थे। शायद वही चूक या अहं आज चीन के सामने चुनौती बन कर खड़ा है। मान भी लिया जाए कि कोरोना चीन की देन है, तो अब तक इस पर काबू न कर पाना और अपने लिए ही महामारी बना लेना शी जिंगपिंग सरकार के लिए गले की फांस जैसा है। कोरोना का असर पूरी दुनिया ने झेला। सभी ने मान लिया है कि आगे इसी विषाणु के साथ जीना होगा, और जिसकी तैयारी भी कर ली। मगर चीन अपनी अकड़ में रहा। यही वजह है कि बीते तीन साल में बंदी, कड़े प्रतिबंधों, जांच अभियानों और बदतर एकांतवास केंद्रों में रह रहे लोग इतने बेबस और लाचार हो गए हैं कि उनकी सहनशीलता जवाब दे गई है। इसी के बाद कोविड बंदिशों के खिलाफ लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हुए। इस सवाल का जवाब चीन सरकार के पास भी नहीं है कि शी जिनपिंग की शून्य कोविड नीति कब तक सहनी होगी? क्या चीन ने अपने नागरिकों के साथ धोखा किया है? क्या उसने कोरोना के नाम पर नई अर्थव्यवस्था बनाने के लिए टीके की आड़ में कोई विफल प्रयोग किया है? क्या उसने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को भी ठेंगा दिखाया है? शायद इसका जवाब वही दे सकता है, जो कभी मिल पाएगा या नहीं, कहना मुश्किल है। मगर यह वहां की सरकार के लिए एक बड़ी असमंजस वाली स्थिति है। शायद चीन सरकार यह भी सोच रही हो कि उस जैसा शक्ति और साधन संपन्न देश अपने यहां से पनपे इस विषाणु पर काबू नहीं कर पाएगा, तो और भी बड़ी बेइज्जती होगी। यह सब अब आईने की तरह साफ दिख रहा है। यकीनन, चीन ऐसे दोराहे पर खड़ा है, जहां उसके पास संक्रमण रोकने के लिए न तो पर्याप्त संसाधन हैं और न ही इस काम में अब वहां के लोगों का समर्थन है। दुनिया के दूसरे प्रभावित देशों की बात करें तो अमेरिका में कोरोना के नए संक्रमण के मामले लगभग नहीं आ रहे हैं, भारत में बहुत कम आ रहे हैं और मोतों का आंकड़ा भी बीते महीने के आखिरी हफ्ते में लगभग आधा सैकड़ा तक ही सीमित रहा। हालात यह हैं कि जहां जिनपिंग यह आलाप भरते नहीं थक रहे हैं कि शून्य कोविड नीति से ही लोगों की जान बचाई जा सकती है, वहीं इससे लोगों के सामने तमाम आर्थिक समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं। हर संक्रमित व्यक्ति को अलग रखने और कई जगह चार महीनों से लोगों के घरों में कैद रहने और खाना तथा दवा न मिलने से आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अर्थव्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई है। लोगों के पास काम नहीं है। कंपनियों को बेहद नुकसान हो रहा है। जहां ग्रामीण और शहरी बेरोजगारी बहुत बढ़ गई है, वहीं अतिमहत्त्वाकांक्षी तीसरी बार राष्ट्रपति बने शी जिनपिंग के लिए उनके अगले पांच वर्षों का कार्यकाल ऐतिहासिक बनाने के लिए कोई गुप्त योजना तो नहीं? अब कोरोना की चौथी लहर का खतरा सिर्फ चीन में नहीं, सिनोफार्म कंपनी के टीकों का इस्तेमाल करने वाले दुनिया के पचास से ज्यादा देशों के लिए बना हुआ है। मगर चीन है कि देश के बदतर हालात के बावजूद वह अपनी सैन्य गतिविधियों से बाज नहीं आ रहा है। भारत की अमेरिका से बढ़ती नजदीकियां उसे फूटी आंखों नहीं सुहा रही हैं। चीन सुलग रहा है, लेकिन उसका समुद्री ताकत का विस्तार नहीं रुक रहा। अफ्रीकी देश जिबूती में सैन्य अड्डा बना चुका है, ताकि हिंद महासागर में भारतीय नौसेना के लिए नई और गंभीर चुनौतियां बने। पाकिस्तान के ग्वादर और म्यांमा के यंगून बंदरगाह से अंडमान और निकोबार पर हर वक्त निगाह रखने की नापाक कोशिशों के बीच कंबोडिया पर भी उसकी बदनीयती भरी हरकतें जारी हैं।

## नागरिक बोध

# महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी में बाधाएं

**जबकि** शिक्षा और पोषण में लैंगिक अंतर समय के साथ कम हो रहा है, श्रम बाजार में महिलाओं की वंचित स्थिति बहुत स्पष्ट है। भारत में महिला श्रम बल की भागीदारी केवल 25% है जबकि वैश्विक औसत 60% है, विश्व शक्ति बनने के लिए, हम महिलाओं को सेवा से बाहर होने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। आर्थिक कारकों के ऊपर और ऊपर गैर-आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कारक हैं। जब पारिवारिक आय में वृद्धि होती है तो सांस्कृतिक कारकों के कारण महिलाएं परिवार की देखभाल के लिए काम छोड़ देती हैं। पितृसत्ता की गहरी जड़ें इस प्रकार जकड़े है कि घर के बाहर काम करने वाली महिलाओं के बारे में सांस्कृतिक बोझ इतना मजबूत है कि अधिकांश पारंपरिक भारतीय परिवारों में, शादी के लिए ही काम छोड़ना एक आवश्यक पूर्व शर्त है। चाइल्डकैअर की जिम्मेदारी पूरी तरह से महिलाओं प निर्भर है जिसका एक बड़ा कारक मातृत्व है। कार्यबल में शामिल होने वाली कई महिलाएं बच्चा होने के बाद फिर से शामिल नहीं हो पाती हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि चाइल्डकैअर को मुख्य रूप से महिलाओं की नौकरी के रूप में देखा जाता है। महिलाओं के खिलाफ कार्यस्थल पर पक्षपात आज भी होता है, ऐतिहासिक कानून, जो एक महिला को 26 सप्ताह के सवेतन मातृत्व अवकाश का अधिकार देता है, एक बड़ी बाधा बन रहा है। एक अध्ययन के अनुसार कंपनियों के लिए यह बढ़ी हुई लागत है और यह उन्हें महिलाओं को काम पर रखने से हतोत्साहित कर सकती है। माताओं को इसलिए भी तरजीह नहीं दी जाती क्योंकि परिवार के कारण वे कम आधिकारिक जिम्मेदारियां उठाती नजर आती हैं। मेट्रोपॉलिटन, टियर 1 और टियर 2 शहरों में सुरक्षा प्रमुख मुद्दा है। कार्य स्थल पर सुरक्षा और उत्पीड़न के बारे में स्पष्ट और निहित दोनों तरह की चिंताएँ है। महिलाओं के उच्च शिक्षा स्तर भी उन्हें अवकाश और अन्य गैर-कार्य गतिविधियों को करने की अनुमति देते हैं, जो सभी महिला श्रम बल की भागीदारी को कम करते हैं। जब आय बढ़ती है, तो पुरुष भारतीय महिलाओं को श्रम बल से हटने की अनुमति देते हैं, जिससे काम करने के कलंक (सांस्कृतिक कारक) से बचा जा सकता है। ऐसी नौकरियों की अपर्याप्त उपलब्धता जो महिलाएं कहती हैं कि वे करना चाहेंगी, जैसे कि नियमित अंशकालिक नौकरियां जो स्थिर आय प्रदान करती हैं और महिलाओं को काम के साथ घरेलू कर्तव्यों को पूरा करने की अनुमति देती हैं। अवैतनिक कार्य/घरेलू कार्य के बारे में सामाजिक मानदंड महिलाओं की गतिशीलता और वैतनिक कार्यों में भागीदारी के खिलाफ हैं। प्रसव और बुजुर्ग माता-पिता या ससुराल वालों की देखभाल बाद के बिंदुओं के लिए होती है, जहां महिलाएं रोजगार पाइपलाइन से बाहर हो जाती हैं।

## देश दुनीया से

# 'मोदी मैजिक' का कमाल, गुजरात में भाजपा को प्रचंड बहुमत

**हिमाचल** प्रदेश और गुजरात विधानसभाओं के नतीजे आ चुके हैं। गुजरात में जहां भाजपा ने अपनी बादशाहत कायम रखी है, वहीं हिमाचल प्रदेश में उसे अपनी सत्ता गंवानी पड़ी है, जहां कांग्रेस ने थोड़े-से अंतर से बहुमत हासिल कर लिया है। चुनाव के इन नतीजों से एक बात जो स्पष्ट होती है, वह यह कि गुजरात में नरेंद्र मोदी अजेय हैं। सत्ताइस साल के सत्ता विरोधी रुझान के बावजूद विधानसभा चुनाव में इस तरह का प्रदर्शन कोई सामान्य बात नहीं है। और वह भी तब, जब भाजपा को तीन बार अपने मुख्यमंत्री बदलने पड़े। अगर भाजपा के मुख्यमंत्रियों से जनता नाराज नहीं रहती, तो भाजपा अपने मुख्यमंत्रियों को क्यों बदलती! हालांकि भाजपा का गुजरात में जीतना लगभग तय था, क्योंकि वह प्रधानमंत्री और गृहमंत्री, दोनों का गृह प्रदेश है, फिर भी मोदी ने वहां अपनी सारी ताकत झोंक दी और 30 से ज्यादा रैलियां कीं। उनका मकसद था कि माधव सिंह सोलंकी के 149 सीटें जीतने का रिकॉर्ड तोड़ा जाए, और उन्होंने वह रिकॉर्ड तोड़ दिया। गौरतलब है कि वर्ष 1985 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के नेता माधव सिंह सोलंकी ने सोशल इंजीनियरिंग करके 149 सीटों पर जीत हासिल की थी, जो एक रिकॉर्ड था। इस बार भाजपा ने लगातार सातवीं बार गुजरात में जीत हासिल की है। इससे पहले वामपंथी दलों ने पश्चिम बंगाल में लगातार सातवीं बार जीत हासिल की थी। यह भी भाजपा के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अगर भाजपा ने सिर्फ सीटें ही जीती होतीं और उसका वोट शेयर पिछली बार के मुकाबले नहीं बढ़ता, तो कहा जा सकता था कि विपक्षी दलों में वोटों का बंदरबांट हो गया, इसलिए भाजपा जीत गई है। लेकिन भाजपा ने सिर्फ सीटें ही नहीं जीती हैं, बल्कि लगभग चार फीसदी उसका वोट शेयर भी बढ़ा है। सीटों से ज्यादा महत्वपूर्ण वोट शेयर का बढ़ना है। यह भी तय है कि तमाम शिकायतों के बावजूद लोगों ने मोदी का मान रखा है। कुछ लोगों ने तो यह भी कहा कि अगर मोदी नहीं होते, तो भाजपा वहां हार जाती। एक और बात है कि मोदी भाजपा के लिए तुरुप का पत्ता तो हैं ही, और इस बार मोदी मैजिक चला भी है। लेकिन हर बार यह काम कर जाए, यह जरूरी नहीं है, क्योंकि हरेक राज्य की परिस्थितियां बहुत अलग-अलग होती हैं। दिल्ली और हिमाचल प्रदेश के अलावा इससे पहले भी कई राज्यों-पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र में मोदी मैजिक नहीं चला था। हां, यह जरूर कह सकते हैं कि मोदी मैजिक भाजपा की कमियों की भरपाई करता है, इसलिए दिल्ली नगर निगम और हिमाचल प्रदेश में भाजपा बेशक चुनाव हार गई, लेकिन उसका प्रदर्शन उतना बुरा नहीं रहा है। यदि हिमाचल में मोदी फैक्टर नहीं होता, तो भाजपा और भी बुरी तरह से हार जाती। हो सकता है, मोदी फैक्टर ने भाजपा को बुरी हार से बचा लिया। सत्ता विरोधी रुझान तो गुजरात में भी था, लेकिन नतीजे से लगता है कि आक्रोश उतना ज्यादा नहीं था कि लोग घरों से निकलें और कांग्रेस को वोट देकर भाजपा को हराएं। हिमाचल प्रदेश में सत्ता विरोधी रुझान तो था ही, लोग परेशान थे और नई पेंशन एवं पुरानी पेंशन का मसला वहां एक बड़ा मुद्दा बन गया। भाजपा ने पुरानी पेंशन प्रणाली खत्म करके नई पेंशन प्रणाली लागू की, जबकि सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन चाहते हैं। कांग्रेस ने पुरानी पेंशन प्रणाली का वादा किया, जिसका उसे लाभ मिला, क्योंकि सरकारी कर्मचारी जिस पार्टी के विरोध का मन बना लेते हैं, फिर उस पार्टी के लिए जीतना मुश्किल हो जाता है। हालांकि हिमाचल में कांग्रेस ने नेतृत्व का एलान नहीं किया था, पर वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह तो चुनाव प्रभाव का नेतृत्व कर ही रही थीं। वहां कांग्रेस का संगठन भी मजबूत है, इसलिए उसने अच्छी लड़ाई लड़ी। कांग्रेस भले ही हिमाचल प्रदेश जीत गई है, लेकिन गुजरात में उसका जो हश्र हुआ है, वह उसकी निष्क्रियता के कारण हुआ है। पिछली बार उसे 77 सीटें मिली थीं और भाजपा को 99, लेकिन कांग्रेस ने अपनी कमियों को सुधारने के लिए कुछ किया ही नहीं। पिछली बार जो लोग उसके साथ थे, उनका भी वह ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाई, नतीजतन वे भाजपा के पाले में चले गए। ऐसा लग रहा था कि कांग्रेस ने हथियार डाल दिए थे कि गुजरात में तो हम जीत ही नहीं पाएंगे। और 'भारत जोड़ो यात्रा' का समय भी ऐसा चुना गया, जब इधर दो राज्यों में चुनाव हो रहे थे। यह यात्रा तो 2023 में भी हो सकती थी।



सत्ता विरोधी रुझान तो गुजरात में भी था, लेकिन नतीजे से लगता है कि आक्रोश उतना ज्यादा नहीं था कि लोग घरों से निकलें और कांग्रेस को वोट देकर भाजपा को हराएं।



# लोग शराब पियें तो हादसे, न पियें तो सरकार को राजस्व की क्षति

**टोक्यो ।**

जापान में शराब पीकर ड्राइविंग से होने वाली मौतों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इसके अलावा ऐसे लोग भी दुर्घटना का शिकार हुए हैं, जो बेहद शराब पी लेने के कारण सड़कों पर ही सो गए या डगमगाते चलने की वजह से हादसे का शिकार हुए। इस बढ़ती समस्या को देखते हुए अब जापान की पुलिस ने शराबखोरी के खिलाफ राजधानी टोक्यो में एक खास मुहिम शुरू की है। इस दौरान लोगों से अपनी आदत सुधारने और उतना ही पीने की सलाह दी जा रही है, जिससे वे होशो-हवास में रहें। इस वर्ष 25 नवंबर तक सिर्फ टोक्यो की सड़कों पर दस लोग नशे के कारण हुए हादसे का शिकार होकर जान गंवा चुके थे। जापान पुलिस के बयान के मुताबिक यह इस वर्ष टोक्यो की सड़कों पर हुई कुल मौतों का 22 फीसदी है। साथ ही पिछले साल की तुलना में ये संख्या दो गुना ज्यादा है। पुलिस ने कहा- 'पैदल यात्री, कृपया पीने में सावधानी बरतें। पुलिस को आशंका है कि इस महीने के अंत में जब नव-वर्ष का उत्सव शुरू होगा, तब ऐसे हादसों में और बढ़ोतरी हो सकती है। जापान में तीन साल बाद ऐसे नव-वर्ष की आशा की जा रही है, जब कोविड-19 से जुड़े प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। ऐसे में संभावना है कि इस बार क्रिसमस से नव वर्ष तक सड़कों पर खूब धमा-चौकड़ी मचेगी। इसे देखते हुए पुलिस ने एक वीडियो जारी किया है। इसमें अत्यधिक पीने के खतरों को लेकर लोगों को आगाह किया गया है। साथ ही सड़क सुरक्षा के उपाय बताए गए हैं। टोक्यो की टैक्सियों में यह वीडियो दिखाना अनिवार्य कर दिया गया है। शहर में साठ हजार से ज्यादा टैक्सियां चलती हैं। साथ ही टोक्यो में जगह-जगह लगे मॉनिटरों के जरिए भी ये वीडियो लोगों को दिखाया जा रहा है। जापान में कोविड-19 प्रतिबंधों में छूट देने की शुरुआत अक्तूबर 2021 में ही हो गई थी। इस वर्ष मार्च में इन प्रतिबंधों को पूरी तरह हटा लिया गया। इसके तहत रेस्तरांओं को रात में खुले रहने और अल्कोहल बेचने की छूट दी गई। इस वर्ष अक्टूबर में तमाम अंतरराष्ट्रीय यात्राओं पर से भी रोक हटा दी गई। पर्यटन अधिकारियों को आशा है कि इन प्रतिबंधों के ना रहने के कारण इस वर्ष नव वर्ष की छुट्टियों में पर्यटन उद्योग की चमक वापस लौट आएगी।

वैसे अध्ययनों से यह सामने आया है कि जापान में शराब पीने की लत दूसरे विकसित देशों की तुलना में कम है। लेकिन धनी देशों के संगठन ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक को-ऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (ओईसीडी) की तरफ से 2021 में जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया था कि सामाजिक उत्सवों के दौरान जापान लोग शराब पीना पसंद करते हैं। जापान में शराब की हर वर्ष प्रति व्यक्ति औसत खपत आठ लीटर है।

कोरोना महामारी के दौरान जापान में अल्कोहल की खपत में भारी गिरावट आई। इससे बार का कारोबार मंदा पड़ गया। नतीजतन, शराब से सरकार को होने वाली आमदनी भी गिर गई।

## न्यूज ब्रीफ

### जीरो कोविड पॉलिसी में छूट के बाद चीन में कोरोना का कहर, बीजिंग में दाह संस्कार के लिए मारामारी



**बीजिंग ।** चीन में कोरोना महामारी का कहर अब भी थमा नहीं है। दो करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले राजधानी शहर बीजिंग में कोविड से हुई मौतों के लिए शनिवार को अंतिम संस्कार और दाह संस्कार के लिए मारामारी जैसी स्थिति पैदा हो गई। अंतिम संस्कार और दाह संस्कार सेवाओं के लिए लंबी-लंबी कतारें लग रहीं हैं। मजदूरों और ड्राइवरों का बड़ी संख्या में कोविड-19 परीक्षण पॉजिटिव आया है, जिसके कारण यह स्थिति पैदा हुई है। देश में जीरो कोविड पॉलिसी के खिलाफ हाल ही में व्यापक स्तर पर प्रदर्शन हुए थे। राष्ट्रपति शी जिनपिंग को पहली बार बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों का सामना करना पड़ा था। इसके बाद चीन ने अचानक अपने कोविड प्रबंधन प्रोटोकॉल को बदल दिया। लगातार टेस्टिंग, लॉकडाउन और सख्त यात्रा प्रतिबंधों के साथ चीन दुनिया के ऐसे देशों के साथ तालमेल बिठाने की कोशिश कर रहा है, जो कोविड महामारी के बाद काफी हद तक फिर से खुल गए हैं। देश ने अपनी 1.4 अरब की आबादी से कहा है कि जब तक लक्षण गंभीर नहीं हो जाते, तब तक अपने घरों के अंदर ही अपने हल्के लक्षणों की देखभाल करें। हालांकि, बीजिंग में 7 दिसंबर को कोविड प्रबंधन नीतियों में बदलाव के बाद से अभी तक किसी की भी कोविड से मृत्यु की सूचना नहीं थी। कोविड ने पार्लरों, रेस्तरां और कूरियर फर्मों से लेकर इसकी लगभग एक दर्जन से अधिक सेवाओं के मजदूरों और कर्मचारियों को प्रभावित किया है। मियुन शवदाह गृह के एक कर्मचारी ने बताया, अब हमारे पास कम कारें और कर्मचारी हैं। उन्होंने आगे कहा कि दाह संस्कार सेवाओं की मांग बढ़ रही है। उन्होंने कहा, हमारे कई कर्मचारी हैं जिनका परीक्षण सकारात्मक आया है। कर्मचारी ने कहा, यह स्पष्ट नहीं है कि क्या दाह संस्कार सेवाओं की बढ़ती मांग के पीछे वजह कोविड से मौतों में वृद्धि है।

### पेरू में हिंसा के बीच दो मंत्रियों ने दिया इस्तीफा, नई सरकार पर बढ़ा दबाव




**लीमा ।** पेरू में पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा के बीच दो मंत्रियों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। शिक्षा मंत्री पेट्रीसिया कोरिया और संस्कृति मंत्री जायर पेरेज ने ट्विटर पर अपने इस्तीफे की घोषणा की। पेरू के शिक्षा मंत्री पेट्रीसिया कोरिया ने लिखा, मैंने पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया। हमवतन लोगों की मौत का कोई औचित्य नहीं है। राज्य की हिंसा मौत का कारण नहीं बन सकती है। बता दें, पेरू के पूर्व राष्ट्रपति की गिरफ्तारी के बाद नई सरकार राजनीतिक उथल-पुथल से गुजर रही है। अब दो मंत्रियों के इस्तीफ के बाद इस सरकार पर और भी दबाव बढ़ गया है। पेरू की सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को 18 माह के लिए जेल भेज दिया। उन पर देश में विद्रोह भड़काने व साजिश रचने के आरोप में मुकदमा चलाया जाएगा। उन्हें 8 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के जज कार्लोस चेकले ने गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को जेल भेजने का आदेश जारी किया था। उन्हें 18 माह तक मुकदमे की सुनवाई तक हिरासत में रखा जाएगा। कैस्टिलो की गिरफ्तारी के बाद दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में अशांति फैल गई थी। उनके समर्थकों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए थे।

### जैविक विविधता सम्मेलन में बोले भूपेंद्र यादव, कीटनाशकों में कमी के लिए वैश्विक लक्ष्य तय करना गैर-जरूरी

**मॉन्ट्रियल ।** कनाडा के मॉन्ट्रियल शहर में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन में भारत ने कृषि



क्षेत्र में कीटनाशकों की कमी के लिए वैश्विक लक्ष्य तय करने के खिलाफ आवाज उठाई और इसे गैर-जरूरी बताया। जैविक विविधता पर कन्वेंशन को संबोधित करते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि कृषि क्षेत्र में कीटनाशकों की कमी के लिए वैश्विक लक्ष्य गैर-जरूरी है। उन्होंने कहा कि इसे देशों को तय करने के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए। यादव ने कहा कि विकासशील देशों की तरह भारत में भी कृषि क्षेत्र करोड़ों लोगों की आजीविका का प्रमुख स्रोत है। इसलिए कीटनाशकों की कमी को लक्षित नहीं किया जा सकता है। यादव ने कहा, कमजोर वर्गों को ध्यान में रखते हुए इसे खत्म नहीं किया जा सकता है।

# एकसाथ 70 से अधिक रूसी मिसाइलों से दहला यूक्रेन, कई शहरों में बढ़ा बिजली व पानी का संकट

**कीव।**

**रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन पर बड़ा मिसाइल हमला किया। रूस ने यूक्रेन पर 70 से अधिक मिसाइलें दागीं। यह युद्ध की शुरुआत के बाद से सबसे बड़े हमलों में से एक है। हमले से दो लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। साथ ही कीव को देश भर में आपातकालीन ब्लैकआउट लागू करने के लिए मजबूर होना पड़ा। यूक्रेनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। इसके अलावा कई शहरों में पानी-बिजली का संकट हो गया है। मिसाइलें खासतौर पर बिजली-पानी से जुड़े बुनियादी ढांचों को निशाना बनाकर दागी गई थीं। यूक्रेनी एयरफोर्स के प्रवक्ता यूरी ईग्नत ने बताया, दोपहर एक बजे तक रूस ने 60 से ज्यादा मिसाइलें दागीं। कई जगह पर ड्रोन और आर्टिलरी (तोप) से भी हमला किया।**



### एयर डिफेंस सिस्टम की मदद से 37 मिसाइलों को आसमान में ही नष्ट कर दिया गया

यूक्रेनी एयरफोर्स के प्रवक्ता यूरी ईग्नत ने बताया, दोपहर एक बजे तक रूस ने 60 से ज्यादा मिसाइलें दागीं। कई जगह पर ड्रोन और आर्टिलरी (तोप) से भी हमला किया। उन्होंने कहा, अकेले कीव को निशाना बनाकर दागी गईं 40 में से 37 मिसाइलों को एयर डिफेंस सिस्टम की मदद से आसमान में ही नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा, अभी कई जगहों से हमले की सूचना मिल रही है, जिससे रूस की तरफ से दागी गई मिसाइलों की सटीक संख्या पता नहीं चली है। कीव के मेयर विताली क्लिट्सको ने बताया, राजधानी के तीन जिलों में कई जगह विस्फोट हुए हैं। कीव, खारकीव, जपोरिझिया, पोल्टावा, ओडेसा, विनीनत्सिया और क्रीवी रिह सहित 15 शहरों पर एक साथ हमला हुआ है। लोगों से घरों के अंदर या सुरक्षित ठिकानों पर रहने के लिए कहा गया है। सबवे सेवा भी रोक दी गई है।

पूरे शहर में पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है। इसी तरह मायकोलेइव के गर्वनर वीतालीय किम ने बताया कि उनके इलाके में बिजली पूरी तरह से बंद हो गई है। इसके अलावा गैस, हीटिंग सिस्टम और पानी आपूर्ति से जुड़े ढांचों को भी रूस ने तबाह किया है। वहीं, यूक्रेनी अवसंरचना मंत्री ओलेक्जेंडर कुब्राकोव ने बताया कि राष्ट्रीय रेल प्रणाली के कई हिस्सों को नुकसान हुआ है। खासतौर पर खारकीव, किरोवोह्रद, दोनेस्क और निप्रॉपेट्रोस में रेल सेवा बंद हो गई है। इन इलाकों में बिजली भी नहीं आ रही है। वहीं, जपोरिझिया नगर परिषद की सचिव अनातोली कुर्टिएव के बताया कि शहर पर 18 मिसाइलें गिरी हैं, जिनमें से एक परमाणु संयंत्र के काफी करीब गिरी। हालांकि, हमले में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है।

### बड़े हमले की तैयारी में रूस

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को कहा कि रूस नए साल में यूक्रेन पर फिर से बड़ा जमीनी हमला करने की तैयारी कर रहा है। यूक्रेनी रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनीकोव ने दावा किया किया कि जनवरी के मध्य से फरवरी की शुरुआत तक रूस यूक्रेन पर फिर से बड़ा जमीनी हमला कर सकता है। अबकी बार रूस सीधे कीव को निशाना बना सकता है।


### अमेरिका में रक्षा विधेयक पारित, यूक्रेन के लिए 80 करोड़ डॉलर

अमेरिकी सीनेट ने 2023 के लिए 858 अरब डॉलर के रक्षा विधेयक को मंजूरी दे दी। इसमें यूक्रेन के लिए 80 करोड़ डॉलर का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा 10 अरब डॉलर ताइवान की मदद के लिए दिए जाएंगे। पिछले वर्ष की तुलना में यह 45 अरब डॉलर ज्यादा है। बजट का बड़ा हिस्सा शोध-अनुसंधान, अमेरिकी सैन्य प्रतिष्ठानों के प्रबंधन और कर्मचारियों के वेतन पर खर्च होता है।

### यूक्रेन ने किया लुहांस्क पर हमला

रूस के नियंत्रण वाले लुहांस्क पर यूक्रेन के हमलों में बीते एक दिन में आठ लोगों की मौत व 23 घायल हुए हैं।

# फ्यूजन तकनीक में मिली ताजा अमेरिकी सफलता की अहमियत को कैसे समझें



**वाशिंगटन ।**

अमेरिका में फ्यूजन तकनीक से परमाणु ऊर्जा बनाने में मिली सफलता से ऊर्जा का पूरा परिदृश्य बदल जाने की संभावना जताई जा रही है। इसी हफ्ते अमेरिकी वैज्ञानिकों ने इस तकनीक में कामयाबी हासिल कर लेने की घोषणा की। कैलिफोर्निया स्थित लॉरेंस लाइवमोर नेशनल लेबोरेटरी (एलएलएनएल) में दशकों तक चले प्रयासों के बाद यह सफलता मिली है। इसका नतीजा यह होगा कि परमाणु ऊर्जा बनाने में लगने वाला वक्त काफी घट जाएगा और साथ ही कहीं अधिक मात्रा में ऊर्जा पैदा होगी।

अमेरिका में ये सफलता इनर्शियल कॉन्फाइनमेंट फ्यूजन प्रक्रिया के जरिए हासिल की गई है। इसके तहत सूक्ष्म स्वर्ण सिलिंडरों की बमबारी की जाती है। इस सिलिंडर में हाइड्रोजन ईंधन के पैलेट मौजूद रहते हैं, जिनका आकार पेंसिल इरेजर जितना होता है। इस प्रक्रिया के जरिए गर्म प्लाज्मा और एक्स-रे पैदा होते हैं, जो आंतरिक विस्फोट को प्रेरित करते हैं। इससे ईंधन पैलेट में संपीड़न होता है, जिसके परिणास्वरूप होने वाले फ्यूजन रिएक्शन से ऊर्जा पैदा होने लगती है।

वैज्ञानिकों के मुताबिक फ्यूजन प्रक्रिया के जरिए ही सूरज जैसे ग्रहों पर ऊर्जा पैदा होती है। लेकिन फ्यूजन प्रक्रिया सिर्फ कुछ खास परिस्थितियों में ही संभव है। इसके लिए जरूरी है कि अणुओं (एटम) पर अत्यधिक ताप पड़े। साथ ही उन पर अत्यधिक दबाव भी पड़े। इनसे ही फ्यूजन (विलय) की स्थिति बनती है। फ्यूजन तकनीक फिशन (विखंडन) के विपरीत है। अभी दुनिया में मौजूद परमाणु रिएक्टरों में विखंडन प्रक्रिया के जरिए ही परमाणु बिजली बनाई जाती है। वैज्ञानिकों ने कहा है कि फ्यूजन तकनीक प्रचलन में आने से बड़ी मात्रा में स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन संभव हो जाएगा।

फ्यूजन तकनीक से बिजली बनाने की कोशिश दुनिया के कई देशों में हुई है। पिछले साल चीन ने इस मामले में बड़ी सफलता पाने का दावा किया था। कुछ मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि चीन में मिली सफलता अमेरिका में अभी मिली कामयाबी से बड़ी थी। लेकिन वैज्ञानिकों ने ध्यान दिलाया है कि एलएलएनएल में लेजर के जरिए यह सफलता मिली है। जबकि दुनिया के ज्यादातर दूसरे हिस्सों में मैग्नेटिक फील्ड के जरिए फ्यूजन कराने की कोशिश की गई है।

# कर्ज राहत पर चीन के टाल-मटोल से श्रीलंका में बढ़ रही नाराजगी



**कोलंबो ।**

श्रीलंका में कर्ज राहत के मुद्दे पर चीन के रुख को लेकर नाराजगी बढ़ रही है। हाल में 22 धनी देशों के संगठन पेरिस क्लब में कर्ज चुकाने की समयसीमा बढ़ाने पर सहमति बनने के बाद अब आर्थिक संकट से ग्रस्त श्रीलंका में सारी निगाहें चीन की तरफ टिक गई हैं। जानकारों के मुताबिक चीन के कर्ज राहत देने पर राजी होने के बाद पेरिस क्लब से इस बारे में औपचारिक समझौता होगा। पेरिस क्लब फ्रांस के वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी की अध्यक्षता में काम करता है। यह क्लब धनी देशों की कर्जदाता एजेंसियों के बीच तालमेल बनाने का काम करता है। आर्थिक संकट से निकलने में श्रीलंका की सहायता करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) उसे 2.9 बिलियन डॉलर का कर्ज देने पर राजी हुआ है। लेकिन साथ ही उसने शर्त लगा रखी है कि ये रकम वह तब जारी करेगा, जब पेरिस क्लब, चीन और दूसरे कर्जदाता देश श्रीलंका को दिए अपने कर्ज की वापसी के बारे में रियायत देने को तैयार हो जाएंगे। पेरिस क्लब से अच्छी खबर आने के बाद श्रीलंका के अधिकारियों ने उम्मीद जताई थी कि आईएमएफ से उन्हें इसी वर्ष कर्ज मिल जाएगा।

# नेपाल में उलझी हुई है नई सरकार की गुत्थी, पुष्प कमल दहल ने फेंका नया पासा

**काठमांडो ।**

नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओइस्ट सेंटर) के प्रमुख पुष्प कमल दहल ने अपनी सियासी चालों से देश में असमंजस का माहौल बना रखा है। जब ऐसा लग रहा था कि वे नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले सत्ताधारी गठबंधन में बनने वाली आमराय के साथ चलने को तैयार हो गए हैं, उन्होंने एक बार फिर से प्रधानमंत्री पद पर अपना दावा जता दिया है।

दहल ने अन्नपूर्णा ग्रामीण नगरपालिका के एक समारोह के दौरान कहा- 'अब सक्रिय राजनीति में मेरे ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। अगर आपका आशीर्वाद, शुभकामनाएं और प्यार कारगर रहे, तो मैं देश का नेतृत्व करूंगा।' राजनीतिक पर्यवेक्षकों के मुताबिक इस ताजा बयान से यह साफ हो गया है कि दहल तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के लिए बेताब हैं। अपनी ये बेसब्री उन्होंने आम चुनाव के पहले भी जाहिर की थी। निर्वाचन आयोग के द्वारा चुनाव परिणामों की प्रामाणिक कॉपी राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी को सौंपे जाने के बाद से देश में नई सरकार बनाने की गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसके लिए राजनीतिक पार्टियों के अंदर और विभिन्न पार्टियों के बीच बातचीत चल रही है। इसी बीच दहल ने अपना यह बयान दिया है। उन्होंने कहा कि महीने के भर के भीतर देश में गठबंधन सरकार



बनेगी। पर्यवेक्षकों के मुताबिक दहल अपने पक्ष में प्रतिनिधि सभा के 60 सदस्यों का समर्थन जुटाने की कोशिश में हैं। इसके लिए अपनी पार्टी के 32 सांसदों के अलावा उनकी नजर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड सोशलिस्ट) के 10, जनता समाजवादी पार्टी के 12, जनमत पार्टी के छह, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के चार और चार निर्दलीय सदस्यों पर है। दहल ने पिछले रविवार को ललितपुर में कहा था- 'हम पर्याप्त संख्या में सीटें नहीं जीत पाए, फिर भी हम किंगमेकर की हैसियत में हैं। हम आसानी से 60 सदस्यों का समर्थन जुटा सकते हैं। लेकिन तमाम ऐसे संकेत हैं कि नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा दहल की मंशा पूरी करने के मूड में नहीं हैं। ऐसी चर्चा है कि सत्ताधारी गठबंधन में सहमति बनी है कि पांच साल के कार्यकाल में आधे समय तक प्रधानमंत्री देउबा और बाकी आधे समय तक दहल रहेंगे।

# नाना-मां के पदचिह्नों पर चल रहे बिलावल, भारत विरोधी बयानबाजी के आदी

**इस्लामाबाद ।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर फिर सुर्खियों में आए पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भारत विरोधी बयानों के आदी हैं। वे पाकिस्तान के दिवंगत पीएम जुल्फिकार अली भुट्टो के नाती और दिवंगत पीएम बेनजीर भुट्टो और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के पुत्र हैं। वे मात्र 18 साल की उम्र में भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी पीपीपी के अध्यक्ष बन गए थे। वर्तमान में बिलावल शाहबाज शरीफ सरकार के विदेश मंत्री हैं। 21 सितंबर 1988 में कराची में जन्मे बिलावल भुट्टो 2018 में पहली बार पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के लिए चुने गए थे। बिलावल की स्कूली शिक्षा पाकिस्तान के फ्रोबेल इंटरनेशनल स्कूल में हुई। कॉलेज की पढ़ाई उन्होंने लंदन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में की। उन्होंने 2012 में बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री हासिल की थी। इसके बाद उन्हें मास्टर ऑफ आर्ट्स की डिग्री मिली। बिलावल 2007 में मात्र 19 साल की उम्र



में पीपीपी के अध्यक्ष चुने गए थे। 2018 के आम चुनाव में पीपीपी सिंध की सबसे बड़ी पार्टी और पाकिस्तान की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। उन्होंने कराची जिले, दक्षिण, मलकंद और लरकाना निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ा। जरदारी लरकाना में जीते, लेकिन अन्य दो सीटों से पीटीआई के अध्यक्ष व पूर्व पीएम इमरान खान से हार गए थे। बिलावल अगस्त 2018 में पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के सदस्य बने थे।

**जयशंकर के सांप वाले बयान से भड़के बिलावल** - दरअसल, पाक विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो यूएन में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान से बुरी तरह भड़के हुए है। इसके जवाब में उन्होंने पीएम मोदी व जयशंकर के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर अपनी घटिया सियासत का परिचय दिया। जयशंकर ने यूएन में कहा था, पाकिस्तान को पूरी दुनिया आतंकवाद के केंद्र के रूप में जानती है। मुझे करीब एक दशक पुराना वाकया याद आ रहा है, जब तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन पाकिस्तान के दौरे पर थीं। उस वक्त हिलेरी क्लिंटन ने अपने भाषण में कहा था कि आप अपने घर के पिछले हिस्से में सिर्फ यह सोचकर सांप नहीं पाल सकते कि वे सिर्फ आपके पड़ोसी को काटेंगे, वे उन लोगों को भी काटेंगे, जो उन्हें पाल रहे हैं।

**भारत ने पाक विदेश मंत्री को जमकर लताड़ा** - बिलावल के बयान के बाद भारत ने उन्हें जमकर लताड़ा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने संयुक्त राष्ट्र में 26/11 मुंबई हमले में पाकिस्तान के हाथ का खुलासा किया है, इससे बिलावल बौखला गए हैं। मुंबई हमले में कई लोगों की जान बचाने वाली स्टाफ नर्स अंजली कुलथे और विदेश मंत्री एस जयशंकर के तीखे हमले के बाद पाकिस्तान परेशान है। आतंकी हाफिज सईद और लखवी अब तक पाकिस्तान में आजाद घूम रहे हैं, पाकिस्तान मुंबई हमले के मामले में अब तक कुछ भी नहीं कर पाया है, इसीलिए बौखलाहट में पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने पीएम मोदी व जयशंकर के खिलाफ अभद्र बयान दिया है। पाकिस्तान के नेताओं और मौजूदा विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी का कश्मीर राग दशकों पुराना है। दरअसल, कश्मीर हासिल करने की कभी पूरी नहीं होने वाली हसरत उन्हें भारत व उसके नेताओं के खिलाफ उग्र बयान और आतंकवाद को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित करती है।

# सेना व देश से माफी मांगें राहुल गांधी : मनोहर लाल

## कांग्रेस नेता के बयान पर भड़के सीएम बोले, सेना का मनोबल गिरा रहे राहुल

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर आपत्ति जताते हुए उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि राहुल गांधी ने इस बयान से साबित कर दिया है कि वह एक अपरिपक्व नेता हैं। राहुल गांधी ने शुक्रवार को जयपुर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कहा था कि चीन जंग की तैयारी कर रहा है और सरकार सोई हुई है। वो इसको नजरअंदाज करने का प्रयास कर रही है। तवांग में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हाल में हुई झड़प पर भी राहुल गांधी ने विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि



चीन के सैनिकों ने भारतीय सैनिकों की पिटाई की है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को ट्वीट करके कहा कि राहुल गांधी ने एक बार फिर से एक अपरिपक्व बयान देकर यह बता दिया है कि उन्हें देश की भावनाओं से कोई मतलब नहीं है। जिस वक्त हमारे सैनिक चीन को जोरदार और असरदार जवाब दे रहे हैं, ऐसे में राहुल गांधी का बयान सेना और पूरे देश के मनोबल को तोड़ने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं इस बयान की कड़े शब्दों में भर्त्सना करता हूं और कहना चाहता हूं कि सबसे पहले तो वो सेना व देश से माफी मांगें। भले ही राहुल गांधी और उनकी पार्टी कैसी भी गंदी राजनीति करे लेकिन ये पूरा देश एक मजबूत नेतृत्व में अपनी सेना के साथ खड़ा है और उनके शौर्य पर हमेशा गर्व करता है।

## कांग्रेस ने राहुल गांधी की यात्रा के लिए सरकार से मांगी सुरक्षा

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा कांग्रेस ने राहुल गांधी की हरियाणा यात्रा को लेकर प्रदेश सरकार से अनुमति की मांग की है। कांग्रेस ने इस यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा की भी गुहार लगाई है। हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं यात्रा के संयोजक अशोक अरोड़ा ने शनिवार को प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कहा है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा हरियाणा में पहुंच रही है। यह यात्रा 21 दिसंबर को राजस्थान सीमा से हरियाणा के मेवात जिले में प्रवेश करेगी। इस यात्रा के सुचारू संचालन के लिए उचित अनुमति तथा सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की जाए। राहुल गांधी पहले चरण में हरियाणा में एनसीआर के जिलों में तीन दिन रहेंगे। इसके बाद वह दिल्ली में प्रवेश करेंगे।

# भिवानी: सेना पर सियासत ना करें राहुल गांधी : जेपी दलाल

**भिवानी ( हिंस )।** हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से लेकर उनके विवादित बयानों पर निशाना साधा। उन्हें ये यात्रा 4-5 साल तक निकालने की बात कहकर सेना पर सियासत ना करने की सलाह दी। साथ ही विधायक व सांसद का चुनाव लड़ने की उम्र कम करने पर अपनी सहमति जताई। वे शनिवार को यहां अपने आवास पर जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने बिजली, पानी व गांवों के विकास की मांग को लेकर आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को फोन कर तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही मीडिया से मुखातिब होते हुए विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर विपक्षी कटाक्ष किए। सबसे पहले कृषि मंत्री जेपी दलाल ने बताया कि राहुल गांधी की यात्रा व चीनी सेना को लेकर दिए बयान पर कटाक्ष किए। उन्होंने कहा कि राहुल ने यात्रा निकालकर अच्छा काम किया है। उनकी यात्रा को नंबर मैं नहीं, बल्कि जनता देगी, पर इससे उन्हें देश की जानकारी होगी, इसलिए उन्हें ये यात्रा 4-5 साल निकालनी चाहिए। साथ ही राहुल गांधी को नसीहत दी कि वो सेना को लेकर सोच-समझसत्र बयानबाजी करें। ऐसी बयानबाजी से सेना का मनोबल गिरता है। जेपी दलाल ने कहा कि राहुल गांधी बताए कि उन्हे कैसे पता चलता है कि चीन कब और क्या तैयारी करता है। बता दें कि राहुल गांधी ने कल अपनी यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर हमारी सेना व चीन द्वारा युद्ध की तैयारी करने की बात कही थी। राहुल गांधी द्वारा अपनी पार्टी में गुटबाजी को लोकतांत्रिक पार्टी करार देने पर जेपी दलाल हंसे और कहा कि सब जानते हैं कि कांग्रेस कैसी पार्टी है। कांग्रेस में एक परिवार का कब्जा रहा है और अब जो राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए हैं, वो डम्मी हैं। साथ ही विधायक व सांसद के लिए चुनाव लड़ने की उम्र कम करने की चर्चा का उन्होंने स्वागत किया और नेताओं की रिटायरमेंट पर कहा कि भाजपा में ये तय है। इस पर दूसरी पार्टियों को विचार करना चाहिए।

# हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य जगदीश सिंह झिंडा ने इस्तीफा दिया



**यमुनानगर ( हिंस )।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान एडहॉक कमेटी के सदस्य जगदीश सिंह झिंडा ने अपने सदस्यता पद से इस्तीफा दिया। यमुनानगर शनिवार को पहुंचे जगदीश सिंह झिंडा ने जिमखाना क्लब में की गई प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने पत्रकारों को बताया कि हरियाणा की सिख संगत के लिए गुरुद्वारों के रख रखाव और प्रबंधन के लिए हरियाणा की गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बनाने के लिए लड़ते रहे हैं। जिसमें इस लड़ाई में शुरू से लेकर सुप्रीम कोर्ट में हमने लड़ाई लड़ी और केस जीते। हरियाणा सरकार ने अब 38 सदस्यीय एडाहोक कमेटी का गठन कर दिया है। जिसमें संघर्ष के समय से केवल उन चार साथियों को इस गठित टीम में शामिल किया गया, जिसमें मेरा नाम भी था। उन्हें हैरानी हुई कि मुख्यमंत्री के द्वारा वर्तमान में गठित कमेटी में सही सदस्यों का चुनाव नहीं किया गया और इस टीमें और पुराने संघर्षशील सदस्यों को भी मान सम्मान नहीं दिया गया है, जो इस लड़ाई के साथ शामिल थे। उन्होंने कहा कि 21 दिसंबर को हरियाणा की कार्यकारी कमेटी का गठन किया जाना है। उन्होंने कहा कि जो लोग अकाली दल में मलाई खाते रहे है। फिर हुड्डा सरकार में भी उन्होंने मलाई खाई है और आज वर्तमान सरकार में भी खीर और मलाई खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज वह सिख संगत के कारण अपने पद से स्वेच्छा से इस्तीफा हरियाणा के राज्यपाल को भेज रहे है। कल कुरुक्षेत्र में सिख संगत की एक बड़ी बैठक रखी गई है। जिसमें सिख संगत बैठक में जो निर्णय लेगी। उस हिसाब से भविष्य की रणनीति तय की जाएगी।इस मौके पर उनके साथ जोगा सिंह, कश्मीर सिंह, जोगेंद्र सिंह झिंडा, दलजीत सिंह बाजवा, बाबा सोरन सिंह मुख्य रूप से शामिल रहे।

# अर्थशास्त्र नहीं मानवीय आधार देखकर हमने ओपीएस लागू की : मुख्यमंत्री

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि ओपीएस (ओल्ड पेंशन स्कीम) का नीति आयोग ने विरोध किया। एन के सिंह और अरविंद पनगड़िया समेत देश के कई अर्थशास्त्री इसका विरोध कर रहे हैं। प्रधानमंत्री भी ओपीएस के खिलाफ है। अर्थशास्त्र की दृष्टि से इसका विरोध हो सकता है लेकिन हमने मानवीय आधार पर ओपीएस लागू किया है। जो कर्मचारी 35 साल सरकार की सेवा में रहता है, उसे सुरक्षा का एहसास तो होना ही चाहिए। यही मानवीय आधार देखकर हमने ओपीएस लागू की। गहलोत शनिवार को कांग्रेस सरकार के चार साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री आवास पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब जमाना सामाजिक सुरक्षा का है। विकसित देशों में सप्ताह में पैसा मिलता है। अब वक्त आ गया है मोदीजी, देश में सामाजिक सुरक्षा लागू कीजिए। विधवाओं, वृद्धों, विकलागों को सामाजिक सुरक्षा देना नितांत आवश्यक है। केंद्र दो सौ रुपए की बुजुर्ग पेंशन देता है, 200 रुपए में क्या होता है? पूरे




देश में नीति बने और सबको यथा योग्य पेंशन मिले। ताकि बुढ़ापे और बुरे वक्त में आदमी का सम्मान बना रहे। इसमें आधा पैसा केंद्र सरकार और आधा राज्य दे। ईस्टर्न राजस्थान कैनाल योजना की चर्चा करते हुए गहलोत ने कहा कि 13 जिलों की योजना है, वहां पानी का भारी संकट है। ईआरसीपी में हमारे यहां के मंत्री शेखावत धोखा दे रहे हैं। जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत राजस्थान के हैं, लेकिन वे धोखा दे रहे हैं। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे और मंत्री गजेंद्र के क्या संबंध है, वह तो वह जाने, लेकिन ऐसे मामलों में आपस में मनमुटाव है तो भी पब्लिक उसे क्यों भुगते? वसुंधरा की योजना शुरू की हुई थी और यह विभाग उनको बाद में मिला है, इसलिए अड़चन पैदा कर रहे होंगे। गहलोत ने कहा कि राजस्थान ने भाजपा के 25 सांसदों को जीता कर भेजा है। क्या वे ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं करवा सकते? भाजपा के सांसद काम के नहीं केवल नाम के एमपी हैं। गहलोत ने कहा कि जब मैं पहली बार सीएम बना था तो मैंने घोषणा पत्र को सरकारी दस्तावेज बनाया था। हमारी नीति और नीयत साफ थी इसलिए ये किया। आज तीसरे टर्म में हमनें घोषणा पत्र के एक एक वादे को पूरा करने का संकल्प लिया है। गहलोत ने कहा कि हमारे फैसले देश भर में चर्चित है। चिरंजीवी योजना के साथ सरकारी कर्मचारियों की मेडिकल सुविधा के लिए आरजीएचएस का कार्ड देने को एतिहासिक फैसला किया है।

# पाक विदेश मंत्री की पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन



**फतेहाबाद ( हिंस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा यूनेस्को में की गई भद्दी व निंदनीय टिप्पणी के खिलाफ शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय से भाजपाईयों ने रोष प्रदर्शन किया गया। पाकिस्तान व उसके विदेश मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता भूना चौक पर पहुंचे और वहां बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका। भूना चौक पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भारत भूषण मिढ़ा व राजपाल बैनीवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान को पूरी दूनिया जानती है कि पाकिस्तान आंतकवाद का गढ़ है तथा यहीं से आंतकवादी पैदा होकर पूरी दूनिया में आंतकवाद फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि बिलावल भुट्टो के बयान से पाकिस्तान की मानसिकता साबित हो गई है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से सुधरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो खुद तो भूखमरी के कगार पर है मगर अपने देशवासियों को बचाने की बजाय ऐसे निंदनीय बयान देकर देश की असलियत पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दुनिया में एक अच्छी पहचान है, इसी से दुखी होकर पाकिस्तान घबराया हुआ है । अनर्गल बयानबाजी कर रहा है। इस मौके पर अनिल सिहाग, जगदीश शर्मा, महेश शर्मा, शम्मी धींगड़ा, भारतभूषण गर्ग, टेकचंद मिढ़ा, नरेश सरदाना, रणबीर सिंह चौधरी, डॉ. रणजीत ओड, रमेश छिरंग, राजेंद्र खिंची, दर्शन नागपाल, बनवारी लाल गहलोत, सुभाष चन्दौरा, चंद्र प्रकाश बजाज, लाल चंद गेरा, डॉ. राकेश शर्मा, हंसराज सचदेवा, विकास सारस्वत, जगदीश नायक, राधा कृष्ण नारंग, इन्द्र सैन बत्तरा आदि मौजूद रहे।

## पंजाब में हिंदू नेता से मांगी फिरौती

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब में हिंदू नेताओं पर हमले तथा उन्हें धमकियां दिए जाने की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। अमृतसर में सुधीर सूरी की हत्या के बाद शिवसेना पंजाब के जिला प्रधान रमेश भारद्वाज उर्फ टीटू बॉक्सर को 10 दिनों से लगातार फिरौती के लिए धमकियां मिल रही हैं। हिंदू नेता ने पुलिस कमिश्नर से परिवार व उनके लिए सुरक्षा की अपील की है। टीटू के अनुसार उन्हें बीते 10 दिनों से लगातार फोन पर धमकियां मिल रही हैं। उन्हें सबसे पहली काल 8 दिसंबर को विदेशी नंबर से आई थी। फोन करने वाले ने 10 लाख रुपए की मांग की और एक हफ्ते का समय दिया। रमेश भारद्वाज ने बताया कि दूसरी बाद उन्हें पूरे एक सप्ताह के बाद 15 दिसंबर को दिन में तीन बार कॉल आई।

# शेरगढ़ गैस कांड : एमजीएच मोर्चरी पर धरना जारी

**जोधपुर ( हिंस )।** शेरगढ़ तहसील के भूंगरा गांव में दस दिन पहले हुई भीषण गैस अग्नि कांड में मृतकों की संख्या रात तक 33 हो गई। कईयों का अभी उपचार जारी है। कुछ गंभीर झुलसे लोगों का एमजीएच आईसीयू में उपचार चल रहा है। इधर केंद्र एवं राज्य सरकार से उचित मुआवजा दिए जाने की मांग दिया जा रहा धरना आज भी जारी रहा। शेरगढ़ पूर्व विधायक बाबू सिंह राठौड़ और सूरसागर विधायक सूर्यकांता व्यास, रानीवाड़ा विधायक नारायण सिंह देवल भी सुबह धरनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने अग्निकांड में मृतकों के आश्रितों एवं परिजन से बात कर सांत्वना प्रदान की। घायलों की अस्पताल के बर्न यूनिट में जाकर कुशलक्षेम भी पूछी। डॉक्टर्स से इलाज के बारे में जानकारी भी जुटाई। उल्लेखनीय है कि शेरगढ़ के भूंगरा गांव में दस दिन पहले शादी समारोह में सगत सिंह की ढाणी में गैस रिसाव के बाद भीषण अग्निकांड होने के साथ सिलेंडर फट गए थे। जिसमें 54 लोग आग की चपेट में आने से झुलस गए। अब तक इसमें 33 लोगों की जान चली गई है। कुछेक को अस्पताल से छुट्टी दी गई। कुछ आईसीयू में अभी भी गंभीर हालत में जिंदगी मौत से जूंझ रहे है।

# अलवर में विहिप व बजरंगदल ने सिनेमाघरों को दी चेतावनी, पठान मूवी लगाई तो भुगते अंजाम



**अलवर ( हिंस )।** देश व प्रदेश के साथ अलवर जिले में भी पठान मूवी का हिंदू संगठन जमकर विरोध कर रहे हैं। शहर के होप सर्कस पर शनिवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने पठान मूवी के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान मूवी के अभिनेता शाहरुख खान व अभिनेत्री दीपिका पादुकोण पुतला भी जलाया गया। विहिप के जिला मंत्री नरेश धानावत ने बताया कि मूवी में भगवा रंग का गलत इस्तेमाल किया गया है जो हिंदू संघटन कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। इन अभिनेता व अभिनेत्री के द्वारा पहले भी हिंदू समाज की भावनाओं पर कुठारघात किया गया है। इस पठान मूवी को देशभर में कहीं नहीं चलने दिया जाएगा। बजरंग दल के जिला संयोजक संजय पंडित ने बताया कि हम मीडिया के माध्यम से सिनेमा घर के मालिकों को चेतावनी दे रहे हैं कि पठान मूवी को नहीं चलाए जो भी पठान मूवी को चलाएगा बाद में कुछ भी होता है तो उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। पूरे देश में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल सहित अनेक हिंदू संघटन इस मूवी का विरोध कर रहे है। कहीं भी भारतीय संस्कृति को आहत करने वाली इस मूवी को नहीं चलने दिया जाएगा। इस अवसर पर सुभाष अग्रवाल, ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा, नगर मंत्री सुबेसिंह सिंह, महेश खत्री, जुगल किशोर, केशव सहित, दिनेश जादौन, निर्मल प्रकाश सुरा, जगदीश सोनी, हितेश ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंजाब सरकार ने शहीद कांस्टेबल के परिजनों को दी दो करोड़ की सहायता

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के एडीजीपी कानून-व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने शनिवार को ड्यूटी के दौरान शहीदी पाने वाले पंजाब पुलिस के शहीद कांस्टेबल मनदीप सिंह के परिवार को 2 करोड़ रुपए के दो चेक सौंपे। 2013 बैच के कांस्टेबल मनदीप सिंह (32) जो शाहकोट, जालंधर के गांव कोटली गाजरां के रहने वाले थे और एक कपड़ा व्यापारी मृतक भूपिंदर सिंह उर्फ टिम्मी के साथ गनमैन के तौर पर तैनात थे। वे एक बहादुरी भरे और जोखिम से भरपूर कार्य को अंजाम देते हुए सात दिसंबर को नकोदर में हमलावरों के साथ मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से शहीद हो गए। सिपाही के बलिदान के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उसके परिवार को सम्मान देने के तौर पर 2 करोड़ रुपए देने का ऐलान किया था। 2 करोड़ रुपए की रकम में राज्य सरकार द्वारा एक्स- ग्रेसिया के तौर पर 1 करोड़ रुपए शामिल हैं जबकि 1 करोड़ रुपए बीमा कवर के तौर पर एचडीएफसी बैंक की तरफ से अदा किया गया है। एडीजीपी जालंधर रेंज के इंस्पेक्टर जनरल गुरशरन सिंह संधू के साथ शाहकोट के गांव कोटली गाजरां के गुरुद्वारा सिंह सभा साहिब में शहीद के निमित्त अंतिम अरदास के भोग समागम में शामिल होने के लिए पहुंचे हुए थे। एडीजीपी अर्पित शुक्ला ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार की तरफ से 1 करोड़ रुपए का चेक दिया है, जबकि पंजाब पुलिस मुलाजिमों की भलाई नीति के अंतर्गत डीजीपी पंजाब गौरव यादव और एचडीएफसी बैंक की तरफ से शहीद परिवार को 1 करोड़ रुपए का एक और चेक भी दिया है।


**SHORT TENDER NOTICE**

**O.O. No: 419**

Sealed tender affixing non-refundable court fee stamp of Rs. 8.25 (Rupees Eight & paisa twenty five) only for the following urgent works under KTCF is hereby invited from intending registered Contractor/firms as detailed below-

| Sl. No. | Name of the Range | Details of Works | Estimate cost (in lakh) | Earnest Money (Rs.) | Completion time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Western Range, Nagshankar | Various works on opening of tourism at Bhomuraguri Beat | **3.6107** | 2% Gen. 1% SC/ST/OBC | 300.00 |

The tender will be received up to 3.00 P.M (IST) on **06/01/2023** in the office of the Divisional Forest Officer, Biswanath Wildlife Division, Biswanath Chariali and will be opened on the same day in presence of interested bidders or their authorized representative at 3.30 P.M. (IST). In the event of the office remaining closed under unavoidable circumstances, the tender will be received on next working day up to the stipulated time. The envelope containing the tender paper should be distinctly marked.

The details of the work, tender papers and general terms and conditions for execution may be collected from the office of the Divisional Forest Officer, Biswanath Wildlife Division, Biswanath Chariali during office hours on any working day on payment of **Rs.500/-** (five hundred) in cash only being non-refundable processing cost. The bid offered should be clearly write both in figure and words. The offered bid should not be in percentage basis. Bid should be submitted separately for each item with required earnest money and documents

The acceptance of the tenders and issue of work order is subject to release of fund by the Govt. Of Assam/Competent Authority without hereby incurring any liabilities to the affected tenders any obligation to inform the affected tenderer of the grounds.

Divisional Forest Officer
Biswanath Wildlife Division cum
Deputy Director, Kaziranga Tiger Reserve
Biswanath Chariali

*-- Janasanyog /C/16234/ 22*


# समाज के प्रति त्याग की भावना जरूरी : बंडारू दत्तात्रेय

**गुरुग्राम ( हिंस )।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि जीवन में सफलता के शिखर पर पहुंचने के लिए 3डी यानी डिसिप्लिन, डेडीकेशन व डिवोशन के सिद्धांत पर चलना अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थी जीवन में पूर्ण अनुशासन, समर्पण व लगन से ही जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने का रास्ता खुलता है। वे शनिवार को यहां केआर मंगलम युनिवर्सिटी के पंचम दीक्षांत समारोह में रहे थे। इस समारोह में उन्होंने विश्वविद्यालय के 632 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर डिग्रियां तथा मेडल व अवार्ड प्रदान किए। समारोह में डिग्रियां तथा अवार्ड प्राप्त करने वालों में लड़कियों की संख्या ज्यादा होने पर राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाज के लिए अच्छे संकेत हैं। लड़कियां जितना आगे बढ़ेंगी उतना ही हमारा समाज भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में कुछ कर गुजरने का जुनून है तो कोई लक्ष्य कितना भी कठिन क्यों न हो, आप उपरोक्त सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए उसे प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए किए जा



रहे प्रयासों के समय आपको मन में समाज के प्रति त्याग का भाव भी रखना होगा। युवाओं से सीधा संवाद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि व्यक्ति जीवन के अंत तक विद्यार्थी रहता है, इसलिए जीवन में सीखने का भाव कभी ना छोड़े। अगर आप इस सोच और विश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे तो निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। राज्यपाल ने कहा कि मैं आज भी एक विद्यार्थी हूं और प्रत्येक दिन कुछ नया सीखने की चाहत रखता हूं। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों को विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा देने के लिए तीन प्रमुख बिंदु नामत: टेक्नोलॉजी, इनोवेशन व रिसर्च पर विशेष ध्यान देना होगा। आज टेक्नोलॉजी व इंटरनेट का युग है, जिसके आधार पर वैश्विक स्तर पर बड़े परिवर्तन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ इंटरनेट से जुड़ कर आप विश्व में शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध, अनुसन्धान व नए अध्ययनों की जानकारी प्राप्त कर अपने आप को अपडेट रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक अनुमान के तहत वैश्विक स्तर पर वर्ष 2030 तक नई तकनीक के क्षेत्र में करीब तीन करोड़ लोगों को रोजगार मिलने जा रहा है। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि मेरा मानना है कि जिस लगन व मेहनत के साथ देश की युवा शक्ति आगे बढ़ रही है इस हिसाब से करीब दो करोड़ रोजगार भारतीयों के हिस्से में आएंगे। हमारे देश में 80 हजार से भी अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हैं। 110 स्टार्टअप को युनिकार्न का दर्जा मिल चुका है। अकेले हरियाणा में लगभग चार हजार स्टार्टअप हैं।

# नीदरलैंड और अमेरिका बनेंगे यूपी के बड़े साझेदार




**लखनऊ।**
यूपी की राजधानी लखनऊ में आगामी 10-12 फरवरी को होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए विदेशों से निवेश आना तय हो गया है। सीएम योगी के मार्गदर्शन में विभिन्न देशों का दौरा करके वहां ट्रेड शो और रोड शो के माध्यम से निवेशकों को आकर्षित कर रही टीम योगी को लगभग सभी देशों से सकारात्मक परिणाम मिले हैं।

अमेरिका से लेकर यूरोप तक से निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उत्सुक नजर आए हैं। इस क्रम में नीदरलैंड्स और अमेरिका से मिले निवेश के तमाम प्रस्ताव टीम योगी का उत्साह बढ़ाने वाले रहे हैं। इन प्रस्तावों में मैन्युफैक्च रिंग सुविधाओं की यूनिट से लेकर वेस्ट टू एनर्जी यूनिट्स, वेलनेस सेंटर, इको टूरिज्म रिसॉर्ट, आईटी सेंटर, मल्टी स्पोर्ट्स सेंटर समेत कई बड़ी यूनिट्स की स्थापना के लिए टीम योगी के साथ करार किए गए हैं। सीएम योगी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए प्रदेश में 10 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा है और उम्मीद की जा रही है कि विदेशों से बड़ी मात्रा में निवेश के जो प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं उसके बाद ये लक्ष्य शत प्रतिशत पूर्ण हो जाएगा। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और आईटी मिनिस्टर योगेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधिमंडल को नीदरलैंड्स में निवेश के कई प्रस्ताव प्राप्त हुए। टेरावोर्क्स एंड टीमाबी ने 800 करोड़ रुपए के निवेश के इंटेंट पर हस्ताक्षर किए। इसके जरिए वह उत्तर प्रदेश में जियोक्रीट एडिटिव मैन्युफैक्च रिंग सुविधाएं शुरू करेगी। जियोक्रेट सीमेंट के साथ एक मिश्रित योजक है जो सफेद रंग का होता है। इसी तरह, मुजफ्फरनगर और गाजियाबाद में वेस्ट टू एनर्जी यूनिट्स लगाने के लिए जीसी-बीवी ने 150 मिलियन यूरो (करीब 132 करोड़) के दो निवेश इंटेंट पर साइन किए। डिप्टी सीएम ने जीसी-बीवी के निवेश पर स्वागत किया और उन्हें इन्वेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित किया। इसके अलावा वॉल्यूसेंट ग्रुप ने भी मथुरा में वेलनेस सेंटर, इको टूरिज्म रिसॉर्ट और आईटी सेंटर के लिए 100 करोड़ के निवेश का इंटेंट साइन किया। वहीं, स्पोर्ट्स नेटवर्किंग साइंस ने 600 करोड़ रुपए का निवेश इंटेंट फाइल किया। इस निवेश के जरिए उत्तर प्रदेश में मल्टी स्पोर्ट्स सेंटर स्थापित किया जाएगा। वहीं, पिकेल बीवी ने 450 करोड़ रुपए के निवेश का इंटेंट फाइल किया है, जिससे वह उत्तर प्रदेश में 5 बायोलॉजिकल वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स और बायोगैस ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करेगा। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने नीदरलैंड्स के व्यापारिक समुदाय को उन सभी क्षेत्रों में भागीदारी का भी आमंत्रण दिया, जिनमें नीदरलैंड्स की कंपनियां श्रेष्ठ हैं। खासतौर पर एग्रीकल्चर, हॉर्टीकल्चरऔर फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट के लिए। इस अवसर पर हाई कमिश्नर रीनत संधू ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और व्यापारिक समुदाय से उत्तर प्रदेश में मिल रहे निवेश के मौके का लाभ उठाने की अपील की।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल अमेरिका में फाल्कनएक्स के सीईओ मुरली चिराला से मिला। इस अवसर पर 3 एमओयू भी साइन किए गए। इनमें से एक एमओयू विशेष रूप से नोएडा में प्लांट स्थापित करने के लिए है तो बाकी दो 20-20 करोड़ के निवेश से जुड़े एमओयू हैं। प्रतिनिधिमंडल ने ब्लूम एनर्जी के अध्यक्ष केआर श्रीधर से भी मुलाकात की और एनर्जी सेक्टर में इनोवेशन को लेकर उत्तर प्रदेश के साथ भागीदारी पर चर्चा की गई।

## न्यूज़ ब्रीफ

### कंप्यूटर में खराबी के नाम पर अमेरिका में धोखाधड़ी, सीबीआई व दिल्ली पुलिस की मदद से एफबीआई ने किया भंडाफोड़



**नई दिल्ली ।** दिल्ली पुलिस और केंद्रीय जांच ब्यूरो ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय घोटाले का पर्दाफाश करने में एफबीआई की मदद की है, इस घोटाले में पिछले 10 वर्षों में हजारों अमेरिकियों जिनमें ज्यादातर वरिष्ठ नागरिक हैं से उन्हें टेक सपोर्ट देने के नाम पर लाखों डॉलर की ठगी की गई थी। एक अमेरिकी वकील इस बात की जानकारी दी है। नई दिल्ली के 34 वर्षीय हर्षद मदान और फरीदाबाद के 33 वर्षीय विकास गुप्ता को इस सप्ताह केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। तीसरा भारतीय गगन लांबा (41) फिलहाल नई दिल्ली से फरार है। गगन का भाई जतिन लांबा भी पुलिस हिरासत में है। सभी पर वायर फ्रॉड और कंप्यूटर फ्रॉड करने की साजिश कर डॉलर ठगने का आरोप लगा है। यूएस अटॉर्नी फिलिप आर सेलिंगर ने एक बयान में, इस ट्रांस-नेशनल टेक सपोर्ट घोटाले का भंडाफोड़ करने में सहायता के लिए भारतीय जांच एजेंसी सीबीआई और दिल्ली पुलिस को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि मामले में कई भारतीय मूल के अमेरिकी और कनाडाई नागरिक भी शामिल हैं। भारतीय-अमेरिकी, 50 वर्षीय मेघना कुमार ने इस सप्ताह आरोपों को स्वीकार किया है। ओंटारियो के 33 वर्षीय जयंत भाटिया को कनाडा के अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया है।

### महंगाई के बजाय वृद्धि पर जोर, केंद्रीय बैंक रोक सकता है दर बढ़ाने की रफ्तार



**नई दिल्ली ।** महंगाई के मोर्च पर राहत के बाद सरकार कीमतों को नियंत्रित करने के बजाय अब आर्थिक वृद्धि दर पर ध्यान केंद्रित कर सकती है। ऐसे में आरबीआई भी 6 से 8 फरवरी के बीच होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में नीतिगत दरों को बढ़ाने की रफ्तार रोक सकता है। इससे विकास दर गति बढ़ाने में मदद मिलेगी। अधिकारियों ने कहा, वैश्विक मंदी की आशंका से आर्थिक सुधारों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। ऐसे में और सहायता देने की जरूरत को लेकर सरकार में चिंता बढ़ रही है। इसके अलावा, एमपीसी के 6 सदस्यों में दो भी वृद्धि दर के समर्थन के पक्ष में हैं। आरबीआई इस साल मई से रेपो दर में 2.25 फीसदी की बढ़ोतरी कर चुका है। एक अधिकारी ने कहा, सरकार ने महंगाई के खिलाफ अपनी लड़ाई में आरबीआई का समर्थन किया है। कच्चे तेल सहित अन्य वस्तुओं की कीमतों को कम करने के लिए भी कई उपाय किए हैं। हालांकि, अब विकास दर को लेकर चिंता बढ़ने लगी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी कह चुकी हैं कि हम आम लोगों की खातिर महंगाई को और नीचे लाएंगे। सरकार जरूरी वस्तुओं की कीमतों की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.9 अरब डॉलर बढ़ा, लगातार 5वें सप्ताह इजाफा



**मुंबई ।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 9 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 564.06 अरब डॉलर पहुंच गया। यह विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ोतरी है। इससे पिछले सप्ताह में भंडार 11 अरब डॉलर बढ़कर 561.16 अरब डॉलर पहुंचा था। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति (एफसीए) 3.141 अरब डॉलर बढ़कर 500.125 अरब डॉलर पहुंच गई। हालांकि, स्वर्ण भंडार 29.6 करोड़ डॉलर घटकर 40.729 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.106 अरब डॉलर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में देश की आरक्षित स्थिति भी 20 लाख डॉलर बढ़कर 5.11 अरब डॉलर पहुंच गई। इससे पहले अक्तूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड 645 अरब डॉलर था।

जीएसटी परिषद की बैठक समाप्त

# जीएसटी कानूनों से जुड़े इन मामलों को अपराध की श्रेणी से हटाया गया

**नई दिल्ली ।**
केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिल्ली में वर्चुअल मोड के माध्यम से जीएसटी परिषद की 48वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद् की बैठक के दौरान एजेंडा के 8 बिंदुओं को पूरा किया। जीओएम के दो मुद्दे थे जिन पर चर्चा करने की आवश्यकता थी लेकिन उन पर विचार नहीं किया जा सका ये तंबाकू और गुटखा पर क्षमता-आधारित कराधान और जीएसटी न्यायाधिकरण की स्थापना से संबंधित थे।




### अभियोजन शुरू करने की राशि सीमा 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये की गई

वहीं राजस्व सचिव ने बैठक के बाद बताया कि जीएसटी परिषद् की बैठक के दौरान जो फैसले लिए गए उनमें किसी भी अधिकारी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोकने सहित कुछ मामलों का गैरअपराधीकरण करना और जीएसटी कानूनों के तहत किसी भी मामले में अभियोजन शुरू करने की राशि सीमा सीमा 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये करना (नकली चालान को छोड़कर) आदि शामिल हैं। जीएसटी परिषद की बैठक के बाद राजस्व सचिव ने कहा कि दालों की भूसी पर कर की दर 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दी गई है। बैठक में रिफाइनरियों के लिए पेट्रोल के साथ इथेनॉल मिश्रण की अनुमति 5प्रतिशत की रियायती दर पर दी गई है।

शनिवार को शुरू हुई जीएसटी परिषद की बैठक के दौरान जीएसटी कानून के तहत अपराधों को गैर-अपराधीकरण, अपीलीय न्यायाधिकरणों की स्थापना और पान मसाला और गुटखा कारोबार में कर चोरी रोकने के लिए तंत्र बनाने पर चर्चा की गई।

इससे पहले बताया गया था कि इस बैठक के दौरान ऑनलाइन गेमिंग और कैसीनो पर पर जीएसटी से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जा सकता है। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा की अध्यक्षता में पिछले साल इस मुद्दे पर गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इससे जुड़ी अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। बैठक के पहले कयास लग रहे थे कि बैठक के दौरान कुछ वस्तुओं और सेवाओं में दर प्रयोज्यता पर स्पष्टता दी जाएगी। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट किया, केंद्रीय वित्त मंत्री ने नई दिल्ली में वर्चुअल माध्यम से जीएसटी परिषद की 48वीं बैठक की अध्यक्षता की। जीएसटी परिषद की कानून समिति ने अभियोजन शुरू करने के लिए मौद्रिक सीमा बढ़ाने का दिया था सुझाव जीएसटी कानूनों के तहत अपराधों के गैर-अपराधीकरण के संबंध में जीएसटी परिषद की कानून समिति, जिसमें केंद्र और राज्यों के कर अधिकारी शामिल हैं ने परिषद को जीएसटी अपराधों के लिए अभियोजन शुरू करने के लिए मौद्रिक सीमा बढ़ाने का सुझाव दिया था। कानून समिति ने यह भी सुझाव दिया था कि जीएसटी अपराधों के कंपाउंडिंग के लिए करदाता की ओर से देय शुल्क को कर राशि के 25 प्रतिशत तक कम कर दिया जाना चाहिए। यह वर्तमान में 150 प्रतिशत तक है। समिति ने यह बात व्यापार करने में आसानी में सुधार की दृष्टि से कही है।

सूत्रों ने कहा है कि पान मसाला और गुटखा कंपनियों की ओर से कर चोरी पर जीओएम की रिपोर्ट पर परिषद की बैठक में चर्चा होनी थी। सूत्रों के अनुसार माल और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना के संबंध में सुझाव दिया है कि न्यायाधिकरणों में दो न्यायिक सदस्य और केंद्र और राज्यों के एक-एक तकनीकी सदस्य के अलावा अध्यक्ष के रूप में एक सेवानिवृत्त सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को शामिल किया जाना चाहिए। जुलाई में हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की अध्यक्षता में किया गया था।

# हाउसिंग स्कीम के लिए निवेशकों से 27 करोड़ रुपये की ठगी, मुंबई पुलिस ने पंजाब के बिल्डर को पकड़ा



**नई दिल्ली।**
**मुंबई पुलिस ने आवास परियोजना में निवेश पर आकर्षक रिटर्न का वादा कर निवेशकों से कथित तौर पर 27 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में एक बिल्डर को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।**

उन्होंने कहा कि आरोपी बिल्डर को मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने शुक्रवार को पंजाब से गिरफ्तार किया। अधिकारी ने कहा, वह झूठे वादे कर लोगों से करोड़ों रुपये ठगने के लिए ईओडब्ल्यू में दर्ज तीन संबंधित मामलों में वांछित था। उन्होंने कहा कि इन मामलों में आरोपी उनका बेटा फरार है।

अधिकारी ने कहा कि 57 वर्षीय एक निवेशक और अन्य ने आरोपी की परियोजना में कुल 19.30 करोड़ रुपये का निवेश किया था। उन्होंने बताया, शुरुआत में शिकायतकर्ता को उनके निवेश किए गए पैसे पर रिटर्न मिला, लेकिन बाद में पिता-पुत्र की जोड़ी ने उन्हें बताया कि उन्हें कैश रिटर्न के बजाय हाउसिंग प्रोजेक्ट में फ्लैट दिए जाएंगे। हाउसिंग प्रोजेक्ट शहर के सायन चूनाभट्टी इलाके में चल रहा था।

कुछ महीने बाद, जब बिल्डर ने वादा नहीं निभाया, तो निवेशक को एहसास हुआ कि उसे और अन्य लोगों को ठगा गया है, जिसके बाद उसने सांताक्रूज़ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात), 419 (प्रतिरूपण द्वारा धोखा), 420 (धोखाधड़ी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी और ईओडब्ल्यू को जांच सौंपी गई थी। अधिकारी ने कहा, जांच के दौरान, यह पता चला कि आवास योजना के कुछ और निवेशकों ने पिता-पुत्र की जोड़ी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी और ये शिकायतें कुल 27.57 करोड़ रुपये की गड़बड़ी से जुड़ी थी। निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 के तहत कई मामलों में अभियुक्तों पर पहले से ही मुंबई की विभिन्न अदालतों में सुनवाई चल रही है।

# मेटा अपना कैमियो जैसा सुपर ऐप बंद करेगा

**सैन फ्रांसिस्को।**
**मेटा ने घोषणा की है कि वह 15 फरवरी, 2023 को अपने कैमियो जैसे ऐप, सुपर को बंद कर देगी। सुपर 2020 में मेटा द्वारा विकसित प्रभावितों के लिए एक लाइव-स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने कहा कि उसे एक वर्चुअल मीट-एंड-ग्रीट अनुभव बनाने की उम्मीद थी, जो विडकॉन या कॉमिक-कॉन जैसी वास्तविक जीवन की घटना में यूजर्स के अनुभव के समान था। कंपनी ने कहा, हमने पाया कि हमने जो बनाया है, वह क्रिएटर्स और प्रशंसकों के लिए मजेदार और रोमांचक तरीके से जुड़ने का एक बड़ा अवसर था।**




हमने देखा कि क्रिएटर्स और प्रशंसक अच्छे कारणों के लिए धन जुटाते हैं, पुस्तकों का एक नया सेट लॉन्च करते हैं, स्टैंडअप रूटीन के लिए नए जोक्स का परीक्षण करते हैं और यहां तक कि एक दूसरे के खिलाफ ट्रिविया खेलते हैं। प्रत्येक नए सुपर इवेंट में आनंद और रचनात्मकता देखना अद्भुत था। हालांकि, दुख की बात है कि हमारे लिए अलविदा कहने का समय आ गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि, फरवरी तक सुपर को आधिकारिक रूप से बंद नहीं किया जाएगा, लेकिन उपयोगकर्ता इस दौरान नए कार्यक्रम नहीं बना पाएंगे। इसके अलावा, सुपर मेटा द्वारा पहले बंद किए गए प्रयोगों और ऐप्स की लंबी सूची में शामिल हो गया है। इस हफ्ते की शुरुआत में, पहल शुरू करने के लगभग 10 साल बाद मेटा ने कथित तौर पर अपने कनेक्टिविटी डिवीजन को बंद कर दिया।

# 14 महीनों में 73प्रतिशत बढ़े सीएनजी के दाम, पीएनजी के भाव भी लगभग दोगुने

**नई दिल्ली।**
दिल्ली में सीएनजी एक बार फिर महंगी हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी में सीएनजी का नया भाव 79.56 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। नई दरें 17 दिसंबर 2022 (शनिवार) की सुबह छह बजे से लागू हो गई हैं। शुक्रवार तक दिल्ली में सीएनजी 78.61 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बिक रही थी, ऐसे में इस इसमें 95 पैसे प्रति किलोग्राम का इजाफा हो गया है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी की कीमत 82.12 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है जबकि गुरुग्राम में यह 87.89 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।




**दिल्ली और गुरुग्राम में सीएनजी की कीमतों में आठ रुपये का अंतर** - दिल्ली और गुरुग्राम में सीएनजी की कीमतों में लगभग आठ रुपये का अंतर है। पिछले एक वर्षों के दौरान देश की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में सीएनजी की कीमतों में 70प्रतिशत से अधिक का इजाफा हो गया है। दिल्ली में सीएनजी की कीमतें इससे पहले 8 अक्तूबर 2022 को बदली थी। उस दौरान कीमतों में तीन रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा किया गया था। वहीं, अक्तूबर महीने में गुरुग्राम में सीएनजी 86.94 प्रति किलोग्राम जबकि नोएडा व गाजियाबाद में 81.17 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया था।

**एक साल में कितना महंगा हुआ सीएनजी** - बीते एक एक वर्षों के दौरान सीएनजी करीब 73 प्रतिशत तक महंगा हो गया है। 1 अक्तूबर 2022 को सीएनजी 45.5 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रहा था जबकि सीएनजी 79.56 रुपये प्रतिकिलोग्राम हो गया है। ऐसे में पिछले 14 महीनों के दौरान सीएनजी 34.06 रुपये प्रति किलोग्राम महंगा हो गया है। कीमतों में बढ़ोतरी से व्यावसायिक वाहन मालिकों के साथ-साथ निजी रूप से सीएनजी गाड़ियों का इस्तेमाल करने वाले भी खासा परेशान हैं। अक्तूबर महीने में आईजीएल ने घरेलू रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की दर दिल्ली में 50.59 रुपये प्रति एससीएम से बढ़ाकर 53.59 रुपये प्रति मानक क्यूबिक मीटर कर दी थी। अगस्त 2021 के बाद से पीएनजी दरों में यह 10वीं वृद्धि थी। कीमतों में 29.93 रुपये प्रति एससीएम या लगभग 91 प्रतिशत की वृद्धि हो गई थी। उस समय आईजीएल ने कहा था नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के कानपुर और राजस्थान के अजमेर जैसे अन्य शहरों में भी सीएनजी और पीएनजी की दरों में वृद्धि की गई है।

ट्विटर ने पत्रकारों के सस्पेंडेड अकाउंट्स को किया री-स्टोर

# एलन मस्क बोले- सभी अकाउंट्स का सस्पेंशन हटाया गया

**नई दिल्ली।**
माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर ने अब पत्रकारों के सस्पेंडेड अकाउंट्स को री-स्टोर कर दिया है इतना ही नहीं कंपनी अगले 30 दिनों में और भी कई सस्पेंडेड अकाउंट्स को बहाल करने का प्लान बना रही है। दरअसल, हाल ही में एलन मस्क और ट्विटर के बारे में खबरें लिखने वाले कई पत्रकारों के ट्विटर अकाउंट को हमेशा के लिए सस्पेंड कर दिया गया था।

**अलोचना के बाद सस्पेंडेड अकाउंट्स को री-स्टोर कर रहा ट्विटर** - ट्विटर के इस कदम के बाद एंटोनियो गुटेरेस ने पत्रकारों के ट्विटर अकाउंट बैन किए जाने के फैसले की निंदा की। इतना ही नहीं कई देशों के ऑफिशियल्स और कई लोगों ने भी ट्विटर के इस फैसले की जमकर आलोचना की। कुछ ऑफिशियल्स ने यह कहा कि ट्विटर प्रेस फ्रीडम को खतरे में डाल रहा है। लगातार हो रही अलोचना के बाद अब ट्विटर ने पत्रकारों के सस्पेंडेड अकाउंट्स को री-स्टोर करने का फैसला किया।

शुक्रवार रात कई ट्वीट्स कर ट्विटर ने कहा कि उसने कई पॉलिसीज की पहचान की है, जहां



रूल्स को तोड़ने के लिए परमानेंट सस्पेंशन एक असंतुष्ट एक्शन था। कंपनी ने कहा कि जो अकाउंट्स बहाल हैं, उनको अभी भी रूल्स का पालन करना होगा। परमानेंट सस्पेंशन सीरियस वॉयलेशन के लिए एक एनफोर्समेंट एक्शन बना रहेगा।

**सभी अकाउंट्स का सस्पेंशन हटाया गया: एलन मस्क** - ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने भी एक ट्वीट कर कहा कि सोशल-मीडिया साइट पर एक पोल के बाद अब उन सभी अकाउंट्स का सस्पेंशन हटाया गया, जिन्होंने उनकी लोकेशन को डॉक्स किया था। मस्क कई बार पोल के जरिए लोगों से पूछकर फैसले लेते हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में ट्विटर ने कई प्रमुख पत्रकारों के अकाउंट्स को सस्पेंड किया था।

**पत्रकारों पर मस्क की लोकेशन शेयर करने का लगाया था आरोप** - इन पत्रकारों में न्यूयॉर्क टाइम्स, वॉशिंगटन पोस्ट और वॉइस ऑफ अमेरिका के पत्रकार भी शामिल थे। इतना ही नहीं इन पत्रकारों की ट्विटर प्रोफाइल और पुराने ट्वीट्स भी गायब हो गए थे। पत्रकारों के अकाउंट्स को मस्क ने यह आरोप लगाते हुए सस्पेंड किया था कि वे उनके परिवार को खतरे में डाल रहे हैं।

बता दें कि पत्रकारों के अकांउट्स सस्पेंड करने से पहले ट्विटर ने इन्हें कोई चेतावनी नहीं दी थी और न ही किसी प्रोसेस का पालन किया था। पत्रकारों अकाउंट सस्पेंड करने का कारण भी नहीं बताया गया था। हालांकि, तब मस्क ने कहा था कि इन पत्रकारों ने उनकी लोकेशन के बारे में व्यक्तिगत जानकारी साझा की थी और इसलिए इनके अकांउट सस्पेंड किए गए हैं। एलन मस्क ने कहा था, मंगलवार रात को किसी ने मेरे परिवार का पीछा किया। पूरे दिन मेरी आलोचना करना ठीक है, लेकिन मेरी रियल टाइम लोकेशन शेयर करना और मेरे परिवार को खतरे में डालना ठीक नहीं है। कुछ नियम पत्रकारों पर भी लागू होते हैं।

**मस्क का आलोचक हूं, लेकिन कोई नियम नहीं तोड़ा: पत्रकार** - मैशेबल न्यूज आउटलेट के मैट बिंडर ने ट्विटर लॉग इन करने की कोशिश की थी, तो मैसेज आया कि आपका ट्विटर अकाउंट हमेशा के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। इसके बाद मैट बिंडर ने कहा था कि मैंने कोई लोकेशन डाटा साझा नहीं किया। ना ही मैंने एलनजेट या किसी दूसरे लोकेशन ट्रैकिंग अकाउंट की लिंक साझा की। मैं मस्क का आलोचक हूं, लेकिन मैंने कभी ट्विटर का कोई नियम नहीं तोड़ा। वॉशिंगटन पोस्ट के एक्जीक्यूटिव एडिटर सैली बजबी ने कहा था कि पत्रकारों के अकाउंट सस्पेंड होने से मस्क के उस दावे को झटका लगा है, जिसमें उन्होंने ट्विटर को फ्री स्पीच प्लेटफॉर्म बनाने का वादा किया था।

# फिल्म मिशन मजनू अब ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर 20 जनवरी को प्रसारित की जाएगी




**मुंबई (ईएमएस)।** अभनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और एक्ट्रस रश्मिका मंदाना की जासूसी थ्रिलर फिल्म मिशन मजनू जो पहले सिनेमाघरों में आने को तैयार थी अब उसे सीधे ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर 20 जनवरी को प्रसारित किया जाएगा। जिसकी घोषणा मंगलवार को की गई। शांतनु बागची द्वारा निर्देशित 1970 के दशक पर आधारित फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा को एक भारतीय खुफिया एजेंट के रूप में दिखाया गया है जो पाकिस्तान की धरती पर एक गुप्त ऑपरेशन का नेतृत्व करता है। यह फिल्म पहले जून में सिनेमाघरों में आने वाली थी। अपनी फिल्म के बारे में बात करते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा जिन्हें आखिरी बार थैंक गॉड में देखा गया था कहते हैं मैं मिशन मजनू को लेकर काफी उत्साहित हूं क्योंकि वह पहली बार एक जासूस की भूमिका निभा रहे हैं।

यह भारत के सबसे रोमांचक गुप्त मिशन को पर आधारित है जिसने 1970 के दशक में भारत और पाकिस्तान की राजनीति को बदलने में अहम भूमिका निभाई थी। सच्ची घटनाओं से प्रेरित मिशन मजनू आपको भारत के सबसे महत्वपूर्ण मिशनों में से एक को उजागर करने के लिए अतीत में ले जाता है। एक्शन से भरपूर पटकथा के साथ यह फिल्म आपको वफादारी प्यार बलिदान और विश्वासघात की भावनाओं के माध्यम से ले जाती है जहां एक गलत कदम मिशन को बना या बिगाड़ सकता है।

# कॉमेडी हो या सीरियस हर तरह के रोल में नीना गुप्ता ने अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है

**मुंबई(ईएमएस)।** अभिनेत्री नीना गुप्ता अपनी अलग तरह की सोच के लिए जानी जाती हैं। वह हर विषय पर वह अपनी बात बड़ी बेबाकी से रखती हैं। उनकी यही चीज उन्हें सबसे अलग बनाती है। नीना गुप्ता इन दिनों हाल ही में रिलीज हुई फिल्म वध में दिख रही हैं। चाहे कॉमेडी हो या सीरियस हर तरह के रोल में नीना गुप्ता ने अपनी दमदार एक्टिंग का लोहा मनवाया है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म वध के साथ-साथ सूरज बड़जात्या की फिल्म उंचाई में भी नीना के काम को काफी पसंद किया गया था। फिल्म में उनकी शानदार परफॉर्मेंस को क्रिटिक्स और फैंस दोनों का प्यार मिला था। हाल ही में नीना ने एक इंटरव्यू में अपनी फिल्म वध के बारे में बात की। एक इंटरव्यू के दौरान जब नीना गुप्ता से क्रिटिसज्म और परफॉर्मेंस को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा जब तक दर्शक फिल्म देखेंगे तब तक फिल्मी कलाकारों को फायदा होगा और निमार्ता भी पैसा कमाने में सफल हो पाएंगे। इस तरह हमें एक जैसी फिल्में और कैरेक्टर प्ले करने का चांस मिलेगा। सिर्फ समीक्षा से पैसे तो नहीं कमाए जा सकते ना।



फिल्म वध में मिडिल क्लास जोड़े की कहानी को दर्शाया गया है जो अपने बेटे को विदेश भेजने के लिए कर्जा लेने के बाद मुसीबत में पड़ जाते हैं। ये फिल्म फैमिली ड्रामा होते हुए भी एक अलग तरह की फिल्म है। अपनी इस फिल्म के बारे में बात करते हुए नीना गुप्ता कहती हैं ठीक है रिस्पॉन्स और रिव्यू भी अच्छे हैं। मैं बस इसी चिंता में रहती हूं कि लोगों को थिएटर में जाना चाहिए। मुझे अभी तक कोई बॉक्स ऑफिस नंबर नहीं मिला है और मैंने इसके बारे में सोचना भी बंद कर दिया है। फिल्म वध में संजय के साथ काम करने के एक्सपीरियंस के बारे में बात करते हुए नीना कहती हैं संजय जी बहुत सरल इंसान हैं और उनके साथ काम करना मेरे लिए बहुत आसान रहा। एक अच्छे कलाकार के साथ-साथ वह बहुत अच्छे इंसान भी हैं।

# दीपिका के लपेटे में आई स्मृति अब स्मृति का रैंप वॉक करते वीडियो सामने आया



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** पठान फिल्म के गाने में दीपिका की भगवा बिकिनी पर विवाद होने के बाद अब भारतीय जनता पार्टी से जुड़े कई फिल्म स्टार और सेलिब्रिटी भी लपेटे में आ गए हैं। स्मृति ईरानी मनोज तिवारी अक्षय कुमार के ऐसे वीडियो अब सोशल मीडिया में आ गए हैं जिनमें वह अल्प वस्त्रों में दिखाई दे रहे हैं और इन वस्त्रों का रंग भी भगवा से मिलता है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के रैंप वॉक का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह भगवा वस्त्र पहनकर रैंप वॉक करती दिखाई दे रही हैं। पठान फिल्म में दीपिका के पहनावे पर विवाद को भाजपा नेताओं ने हवा दी थी। मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा था कि फिल्म से आपत्तिजनक दृश्य नहीं हटाए गए तो फिल्म को मध्यप्रदेश में रिलीज करने पर विचार करना पड़ेगा। इससे पहले साध्वी प्राची ने भी दीपिका के पहनावे पर आपत्ति जताते हुए इसे हिंदू संस्कृति के खिलाफ बताया था। दरअसल इस फिल्म का एक गाना है बेशर्म रंग इस गाने में दीपिका लगभग 15 सेकंड के लिए भगवा कलर की बिकनी में नजर आ रही हैं। इस गाने के विरोध में खड़े हुए नेताओं भाजपा समर्थकों और हिंदूवादी संगठनों ने इसे हिंदू धर्म का अपमान बताया है। उनका कहना है कि भगवा रंग का वस्त्र पहनकर कलाकारों ने हिंदू धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। लेकिन अब यह विवाद उल्टा पड़ता नजर आ रहा है। जिस तेजी से भाजपा से जुड़े और अभिनेता से नेता बने भाजपा नेताओं के वीडियो वायरल हो रहे हैं उससे यह पूरा मामला उल्टा हो गया है। अब भाजपा के नेताओं को पुराने वीडियो के लिए कटघरे में खड़ा किया जा रहा है।

# किायरा ने किया तब्बू के प्यार संदेश का ज़िक्र



2022 अभिनेत्री तब्बू और कियारा आडवाणी के लिए बेहद शानदार साल रहा है। इन दोनों ने अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म भूल भुलैया 2 में अभिनय किया जो इस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म बन गई। अब तब्बू जहां फिल्म भोला से फिर से अपना जलवा दिखाने वाली हैं वहीं कियारा की गोविंदा नाम मेरा। इस बीच कियारा ने गोविंदा नाम मेरा के प्रमोशन के बीच तब्बू की तारीफें कीं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने तब्बू के प्यार भरे मैसेज का जिक्र किया है। कियारा ने पोस्ट शेयर किया है उसमें एक स्पेशल मैसेज के साथ गुलाबी और सफेद फूलों गुलदस्ता देखा जा सकता है। मैसेज में हार्ट इमोटिकॉन के साथ लिखा था कियारा आपको ढेर सारा प्यार और मेरी शुभकामनाएं तब्बू। कियारा ने इस मैसेज का जवाब देकर लिखा थैंक्यू तब्बू मॉम ये बहुत प्यारा है। कियारा की आने वाली फिल्म गोविंदा नाम मेरा की बात करें तब इस फिल्म में वह पहली बार भूमि पेडनेकर और दूसरी बार विक्की कौशल के संग स्क्रीन शेयर की हैं।

# राजनीतिक विरासत छोड़ रितेश देशमुख ने चुनी अभिनय की राह

एक राजनैतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाले बॉलीवुड के हैंडसम अभिनेता रितेश देशमुख का जन्म 17 दिसंबर, 1978 को महाराष्ट्र में हुआ था। वह महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय विलासराव देशमुख के बेटे हैं। एक राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने के बाद भी रितेश ने राजनीति को नहीं बल्कि अभिनय को अपने करियर के रूप में चुना और साल 2003 में आई फिल्म 'तुझे मेरी कसम' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में उनके अपोजिट अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा थी। फिल्म में दोनों के अभिनय और शानदार केमिस्ट्री को दर्शकों ने काफी पसंद किया और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट हुई। इसके बाद रितेश ने एक के बाद एक कई हिट फिल्मों में अभिनय किया। जिसमें मस्ती, क्या कूल है हम, बल्फमास्टर, मालामाल वीकली, अपना सपना मनी-मनी, हे बेबी, धमाल, हमशक्ल आदि शामिल हैं। अभिनय के अलावा रितेश ने कुछ मराठी फिल्मों को प्रोड्यूस भी किया है और कुछ अवार्ड फंक्शन भी होस्ट किया है। रितेश देशमुख की निजी जिंदगी की बात करें तो उन्होंने 3 फरवरी, 2012 को अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा से शादी की। रितेश और जेनेलिया बॉलीवुड के सबसे क्यूट कपल्स में से एक हैं। रितेश और जेनेलिया के दो बच्चे रियान और राहुल हैं। रितेश सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहते हैं । सोशल मीडिया पर उनके फैन फॉलोइंग लाखों में है। रितेश के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही अभिनेता फरदीन खान के साथ फिल्म 'विस्फोट' के अलावा मिस्टर मम्मी और '100 %' में भी अभिनय करते नजर आयेंगे।

# सैफ और करीना ने खुलेआम किया लिपकिस



बालीवुड एक्टर सैफ अली खान और करीना कपूर बॉलीवुड के उन कपल्स में से एक हैं।जो अपने प्यार का इजहार मीडिया के सामने नहीं करते हैं। पहली बार कुछ ऐसा हुआ जिसे देख सबके होश उड़ गए। सोशल मीडिया पर इस कपल के लिप किस करने की वीडियो और तस्वीर आग की तरह फैल रही है। वीडियो में देख सकते है कि सैफ अली खान और करीना कपूर को उनके बांद्रा स्थित अपार्टमेंट के बाहर स्पॉट किया गया। इस दौरान दोनों ही फॉर्मल ड्रेस में नजर आए। ऐसे में अचानक सैफ करीना की ओर बढ़ते है और उन्हें किस कर लेते है। इस दौरान सैफ अली खान अपने बड़े बेटे तैमूर अली खान को कंधे पर उठाए नजर आ रहे है। सैफ पापा के कंधे पर लटकर फैन में गेम खेलते दिखाई दे रहे हैं।किस करने के बाद खुद सैफ भी मुस्कुराने लगते हैं। इस वीडियो के बाद यूजर सैफ और करीना को काफी ट्रोल भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- घर पे जाके कर लेते... ऐसी भी क्या जल्दी थी...मीडिया के सामने नाटक। तो वहीं दूसरे ने लिखा- कैमरे के लिए शो ऑफ। तीसरे ने लिखा- दिखावा कितना भी करवालो बॉलीवुड वालों से।

# टीम आरआरआर को प्रियंका चोपड़ा ने दी बधाई




बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने एस.एस. राजामौली की फिल्म आरआरआर के लिए अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने अपने पोस्ट से टीम आरआरआर को बधाई दी। बता दें कि आरआरआर को 2023 गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में बेस्ट पिक्चर-नॉन-इंग्लिश लैंग्वेज कैटेगरी में नॉमिनेट किया। मूवी ने सूची में दो स्थान हासिल किया है। अब आरआरआर का मुकाबला कोरियाई फिल्म डिसिजन टू लीव जर्मन फिल्म ऑल क्वाइट ऑन वेस्टर्न फ्रंट अर्जेंटीना की फिल्म अर्जेंटीना 1985 और फ्रांसीसी-डच फिल्म क्लोज से है। ग्लोबल अवार्ड में नॉमिनेट किये जाने के बाद बॉलीवुड से लेकर टॉलीवुड के लोकप्रिय सितारे डायरेक्टर राजामौली और सहित फिल्म के सभी कास्ट और उनकी टीम को इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई दे रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा ने टीम आरआरआर के लिए एक बधाई संदेश लिखा और राम चरण और जूनिएर एनटीआर आलिया भट्ट और अजय देवगन सहित राजामौली को बधाई दी।

# 'सर्कस' का दूसरा गाना 'सुन जरा' आउट



रणवीर सिंह, जैकलीन फर्नांडीज और पूजा हेगड़े की आगामी फिल्म 'सर्कस' क्रिसमस पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस बीच मेकर्स ने शुक्रवार को फिल्म का दूसरा गाना 'सुन जरा' रिलीज कर दिया है। फिल्म के इस गाने में रेट्रो स्टाइल रीक्रिएट किया है। फिल्म की कहानी भी 60 के दशक के गिर्द-गिर्द बुनी गई है। सुन जरा एक रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे सिंगर पापोन और श्रेया घोसाल ने अपनी आवाज दी है। वहीं, गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं। फिल्म का यह गाना दर्शकों के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। गौरतलब है व फिल्म सर्कस एक कॉमेडी -पारिवारिक फिल्म होगी। इस फिल्म में अभिनेता रणवीर सिंह और अभिनेता वरुण शर्मा डबल रोल में नजर आयेंगे। वहीं फिल्म के अन्य किरदारों में संजय मिश्रा, मुरली शर्मा, सुलभा आर्या, सिद्धार्थ जाधव भी अपनी परफेक्ट कॉमेडी टाइमिंग के जरिये दर्शकों को हसाते नजर आयेंगे। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी 'सर्कस' शेक्सपियर के प्ले 'द कॉमेडी ऑफ एरर' से प्रेरित है। 'सर्कस' को रोहित शेट्टी के साथ-साथ भूषण कुमार भी मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह फिल्म इसी महीने 23 दिसंबर को रिलीज होगी।

# सोहेल के बारे में जान कर प्रभावित हुई सनी लियोनी



बालीवुड एक्ट्रेस एक प्रतियोगी सोहेल शेख के सफर के बारे में जान कर काफी प्रभावित हुई। सनी लियोनी फिलहाल स्प्लिट्सविला एक्स4 की मेजबान हैं। शो में प्रतियोगी सोहेल शेख के इंस्टाग्राम पर 10 लाख फॉलोअर्स हैं। सोहेल शेख अपना खुद का जिम चलाता है। 25 वर्षीय मॉडल और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर ने मेजबान को बताया कि उसका जीवन कठिन था। प्रतियोगी ने बताया मैं एक कैंटीन में वड़ा पाव बेचता था और वहीं से मेरी यात्रा शुरू हुई। सनी ने जवाब दिया वड़ा पाव से स्प्लिट्सविला तक का सफर आसान नहीं है और इससे मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। प्रतियोगी कहा मैं कभी असफल नहीं होता या तो मैं जीतता हूं या सीखता हूं यही मेरी मां ने मुझे सिखाया है। इस पर एक कंटेस्टेंट ने बताया कि कमाए हुए पैसों से अब उन्होंने खुद का जिम खोल लिया है। सनी और सभी ने उसकी जमकर सराहना की। इस शो को लेकर एक और खबर है। अभिनेता और मॉडल शिवम शर्मा इस हफ्ते वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी के रूप में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं।

# केआरके ने करण जौहर को बताया दिमागी रुप से बीमार




अपने बेबाक बयानों और फिल्मों के रिव्यू देने के कारण चर्चा में रहने वाले बिग बॉस 3 के कंटेस्टेंट कमाल राशिद खान उर्फ केआरके ने फिल्ममेकर करण जौहर पर एक बार फिर से निशाना साधा है। इतना ही नहीं केआरके ने तो करण जोहर को दिमागी रुप से बीमार तक कह दिया है। केआरके ने करण जोहर निर्मित फिल्म 'गोविंदा नाम मेरा' का रिव्यू करते हुए ट्वीट किया-'इस कहानी पर आपने कितनी फिल्में, सीरियल और वेबसीरीज देखी हैं? की एक मर्डर हो गया है और आठ-दस लोगों में से किसी एक ने किया है। किलर क्लाइमेक्स में पकड़ा जाएगा। यह गोविंदा नाम मेरा की कहानी है! अब आप समझ सकते हैं कि करण जौहर कितने अच्छे फिल्ममेकर हैं!' केआरके यहीं नहीं रुके। उन्होंने विक्की कौशल, कियारा आडवाणी और भूमि पेडनेकर अभिनीत फिल्म 'गोविंदा नाम मेरा' को जीरो रेटिंग देते हुए अपनी इस ट्वीट को रीट्वीट करते हुए लिखा-' हे भगवान, यह मर्डर मिस्ट्री भी नहीं है। करण जौहर इसे दूसरे स्तर पर ले गए हैं। ब्रह्मास्त्र जैसी डिजास्टर देने के बाद करण ने दुनिया को साबित कर दिया है कि वह मानसिक रुप से बीमार हैं क्योंकि कोई अस्थिर व्यक्ति ही इस तरह की समय की बबार्दी वाली घटिया फिल्म बना सकता है। 0*!' केआरके के ये ट्वीट्स वायरल हो रहे हैं। वहीं सोशल मीडिया यूजर्स भी केआरके के इन ट्वीट्स पर मिली जुली प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

## सूडोकु नवताल- 6551

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6550 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

## शब्द पहेली - 7615




**बाएँ से दाएँ**

1. जंगल की आग-4
4. अयोग्य, नालायक-4
6. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
8. तैयार होना-3
9. जीभ, जिव्हा-3
11. पाश, फंदा, -2
13. नामकरण करना-2,3
15. मेरा(सं.-2)
16. खाद्य सामग्री-3
18. तहत-3
19. कक्ष, रूम-3
20. भरोसा, विश्वास-4
22. सचेत, होशियार-4

**ऊपर से नीचे**

1. दागी, धब्बेवाला-4
2. गीलापन, तर होना-2
3. दुनिया, जगत-3
4. अदा, हाव-भाव-5
5. भरा हुआ-4
7. टपकना, गिरना-3
10. नाम रखना-5
12. एकमत-4
14. भक्षक, विनाशकारी-3
17. खारा, क्षारीय-4
18. वन, जंगल-3
21. लाश, मुर्दा, मृतक-4

### शब्द पहेली -7614 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | दा | चा | र | | स | त | ल | ज |
| ल | | य | ती | म | खा | ना | | हा |
| प | र | | | दा | | | चा | ल |
| ना | च | | क | री | ब | | ल | त |
| | ना | च | ना | | ला | ल | च | |
| आ | का | | त | ह | त | | ल | क |
| रा | र | | | सी | | | न | या |
| ध | | न | बी | न | त | म | | म |
| ना | म | व | र | | क | रा | मा | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# इवेंट एंबेसडर अभिनव बोले– सक्रिय निशानेबाजी के दिनों में खुद को फिट रखने के लिए लगाता था दौड़

**नई दिल्ली ।**

ओलंपियन और टाटा स्टील कोलकाता 25के इवेंट एंबेसडर अभिवन बिंद्रा ने कहा कि वह शूटिंग के दिनों में अपनी फिटनेस को बरकरार रखने के लिए सप्ताह में पांच दिन 10 किमी दौड़ते थे। कोलकाता के लोगों का इस दौड़ को लेकर जो उत्साह देखने को मिल रहा है, वह प्रेरित करने वाला है। निश्चित ही, रविवार को होने वाले दौड़ में कई रिकॉर्ड टूटेंगे। वे यहां टाटा स्टील कोलकाता 25के, के सातवें संस्करण में हिस्सा लेने वालों को शुभकामनाएं देते हुए पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि अभिनव बिंद्रा 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में 2008 बीजिंग ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता हैं। बिंद्रा ने कहा, कोलकाता में दौड़ को लेकर लोगों की भावना को देखना, वास्तव में अच्छा है। यह शहर मेरे दिल के काफी करीब रहा है। एक अंतराल के बाद फिर से इस कार्यक्रम को होते देखना अद्भुत है। लोगों को एक साथ लाने के लिए यह एक अच्छा मंच है। उन्होंने कहा, साल-दर-साल इसे बढ़ते हुए देखना वास्तव में दिल को छू लेने वाला है। परिणाम क्या कहता है, इसकी परवाह नहीं करनी चाहिए। वास्तव में जीवन में आनंद का होना सबसे महत्वपूर्ण है। बिंद्रा ने कहा, ओलंपिक का मेरे दिल में हमेशा एक विशेष स्थान रहा है। हम जीवन में उतार-चढ़ाव का सामना करते हैं, लेकिन आपको यात्रा का आनंद लेने की आवश्यकता है। मैं एक ऐसे खेल में था जिसके लिए फिटनेस की आवश्यकता होती है। जब आप दबाव में होते हैं या शूटिंग में तो आपका दिल तेजी से धड़कता है। आप इस दबाव का सामना तभी कर सकते हैं, जब आप शारीरिक रूप से फिट हों। मैं खुद को फिट रखने के लिए घंटों जिम में बिताता था और सप्ताह में पांच दिन 10 किलोमीटर दौड़कर अपनी धड़कनों को फिट रखने पर काम करता था।

अपने अनुभवों को साझा करते हुए अभिनव ने कहा, अब मैं सेवानिवृत्त हो गया हूं। यह वास्तव में मेरे पूरे करियर की एक विशेष यात्रा रही है। अपने देश के लिए पदक जीतने के अलावा, मैं अपने करियर को बहुत अलग तरीके से देखता हूं। मैं विशेष रूप से विकसित हुआ हूं। खेल ने मुझे सिखाया है कि कैसे जीतना है, कैसे लड़ना है। कैसे विरोधियों का सम्मान करना है। भारतीय निशानेबाजों की मौजूदा स्थिति और ओलंपिक में पदक जीतने की संभावना के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, हो सकता है कि हमने टोक्यो ओलंपिक में पदक नहीं जीते हों, लेकिन मुझे यकीन है कि हम अगली बार 2024 पेरिस ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हमारे देश में अच्छी प्रतिभाएं हैं और हम जो कर सकते हैं, वह है पूरे दिल से उनका समर्थन करना। अभिनव ने वर्तमान में चल रहे फुटबॉल विश्व कप के बारे कहा, मैं अर्जेंटीना के लिए समर्थन कर रहा हूं।

## न्यूज ब्रीफ

### डेविड वार्नर भविष्य की तरफ देखें : रिकी पोंटिंग



**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने ओपनर डेविड वार्नर से कहा है कि वह वास्तविक बनें और अपने टेस्ट करियर के संबंध में भविष्य की तरफ देखें। शनिवार को वार्नर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन तेज गेंदबाज कैगिसो रबादा की पहली गेंद पर आउट हो गए थे। वार्नर ने रबादा की शार्ट गेंद से बचने की कोशिश की लेकिन शार्ट लेग पर खाया जोंडो के हाथों लपके गए थे। जोंडो ने एक हाथ से कैच लपका। वार्नर ने हाल में वेस्ट इंडीज के खिलाफ दो टेस्टों की सीरीज में पर्थ में पांच और 48 तथा एडिलेड में 21 और 28 रन बनाये। वार्नर इस दौरान अपने ऊपर लगे आजीवन नेतृत्व प्रतिबंध को हटाने के खिलाफ अपनी अपील को लेकर संघर्ष कर रहे थे। ऑस्ट्रेलिया की अगली दो सीरीज अगले वर्ष भारत और इंग्लैंड के दौरे हैं जहां वार्नर का औसत क्रमशः 24.25 और 26.04 है। वह दोनों देशों में कोई शतक नहीं लगा पाए हैं। पोंटिंग ने ब्रिस्बेन टेस्ट के दौरान चैनल सेवन से कहा, मुझे लगता है कि उन्हें वास्तविक होना चाहिए और भविष्य की तरफ देखना चाहिए। जैसा मैंने पहले कहा कि उन्हें उसी तरह फिनिश करना चाहिए जैसा वह करना चाहते हैं। मैं यह देखना नहीं चाहूंगा कि उन्हें भारतीय दौरा या एशेज टूर मिले और फिर उन्हें कंधे थपथपा कर बाहर जाने को कहा जाए। पोंटिंग ने साथ ही कहा, उनके करियर को इस तरह समाप्त होते देखना निराशाजनक होगा। इंतजार करिये और देखिये। मैं उम्मीद करता हूँ कि वह अब से तब तक कुछ रन हासिल कर लेंगे। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कोच जस्टिन लेंगर इस मामले में पोंटिंग के विचारों से अलग राय रखते हैं और उनका मानना है कि वार्नर को टेस्ट क्रिक्रेट से खारिज करना जल्दबाजी होगी।

### ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा का कमाल, इस मामले में उसैन बोल्ट को पीछे छोड़ बने नंबर वन




**नई दिल्ली।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने एक खास उपलब्धि अपने नाम की है। वह दुनिया के सबसे तेज धावक और पूर्व ओलंपिक चैंपियन उसैन बोल्ट को पीछे छक खास उपलब्धि हासिल की है। नीरज साल 2022 में ऐसे एथलीट बन गए हैं, जिन पर सबसे ज्यादा आर्टिकल लिखे गए हैं। बोल्ट भी नीरज से पीछे छूट गए हैं। टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा पर इस साल 812 आर्टिकल लिखे गए, जो एथलीट्स में सबसे ज्यादा है। विश्व एथलेटिक्स संघ द्वारा जारी किए गए रिपोर्ट में नीरज को पहला स्थान मिला। वहीं, जमैका के स्प्रिंटर एलेन थॉम्पसन-हेराह 751 आर्टिकल के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 100 मीटर स्प्रिंट के विश्व चैंपियन शेली-एन फ्रेजर पर 698 आर्टिकल लिखे गए और वह तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, 200 मीटर की चैंपियन शेरिका जैक्सन 679 आर्टिकल के साथ चौथे स्थान पर रहीं। आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता उसेन बोल्ट पर इस साल 574 आर्टिकल ही लिखे गए हैं। यह पहली बार है कि बोल्ट किसी साल सर्वाधिक आर्टिकल लिखे जाने वाले एथलीट्स में पहले स्थान पर नहीं रहे। बोल्ट 2017 में संन्यास ले चुके हैं, लेकिन उनकी लोकप्रियता काफी है। बोल्ट के नाम 100 मीटर और 200 मीटर स्प्रिंट में वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है। वह 11 बार के विश्व चैंपियन हैं। नीरज के लिए यह साल शानदार रहा है। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक के बाद इस साल वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और रजत पदक अपने नाम किया था। इसके बाद वह कॉमनवेल्थ गेम्स में नहीं खेले थे।

### विश्व कप में लगेगा सितारों का जमावड़ा, नोरा फतेही सहित कई स्टार फाइनल से पहले बिखेरेंगे जलवा

**दोहा।** फीफा विश्व कप 2022 अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। अब इस टूर्नामेंट में दो मुकाबले शेष हैं। तीसरे स्थान के लिए क्रोएशिया और मोरक्को के बीच मुकाबला है। इसके बाद खिताबी मुकाबले में अर्जेंटीना का सामना डिफेंडिंग चैंपियन फ्रांस की टीम से है। फाइनल मुकाबले से पहले फीफा विश्व कप में ग्लैमर का तड़का लगेगा और कई सितारे खिताबी मैच से पहले परफॉर्म करेंगे। इनमें नोरा फतेही का नाम भी शामिल है। खुद फीफा ने बताया है कि फाइनल मैच से पहले कई सितारे विश्व कप की रौनक में चार चांद लगाने वाले हैं। फीफा ने ट्वीट में लिखा रविवार की शाम यादगार होगी। कतर में विश्व कप के फाइनल मैच से पहले साउंडट्रैक स्टार डेविडो और आएशा, ओजूना और गिम्स, नोरा फतेही, बल्कीस, रहमा रियाद और मनाल लाइव परफॉर्म करेंगे। नोरा फतेही के विश्व कप में परफॉर्म करने की खबर पहले आई थी, लेकिन इस टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में उन्होंने परफॉर्म नहीं किया था। अब फीफा ने यह साफ किया है ।

## भारत को जीत के लिए 4 विकेट की जरूरत

# चौथे दिन बांग्लादेश का स्कोर 272/6, अक्षर पटेल ने लिए तीन विकेट

**चटोग्राम।**

बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में टीम इंडिया जीत से 4 विकेट दूर है। मैच के चौथे दिन बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी में स्टंप्स तक 6 विकेट पर 272 रन बना लिए हैं। शाकिब अल हसन 40 और मेहदी हसन मिराज 9 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत की ओर से अक्षर पटेल ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए हैं। उमेश यादव, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव को 1-1 विकेट मिला है। मैच के आखिरी दिन रविवार को बांग्लादेश को जीत के लिए 241 रन बनाने होंगे।




चौथे दिन के खेल में बांग्लादेश की ओर से जाकिर हसन (100) ने अपने डेब्यू टेस्ट में शतक जमाया। वे डेब्यू पर शतक जमाने वाले चौथे बांग्लादेशी बल्लेबाज बने हैं। नजमुल हसन शान्तो ने 67 रन की पारी खेली। हसन और शान्तो ने पहले विकेट की साझेदारी में 124 रन जोड़े। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए भारतीय टीम को 46 ओवर का इंतजार कराया।

भारत ने इस टेस्ट मैच में अपनी पहली पारी में 404 रन बनाए थे। जवाब में बांग्लादेश की पहली पारी 150 पर सिमट गई थी। इसके बाद टीम इंडिया ने दूसरी पारी 258/2 के स्कोर पर घोषित कर दी थी और मेजबानों को 513 रन का टारगेट दिया।

**पहला सेशन: बांग्लादेश के ओपनर्स का दबदबा** – चौथे दिन का पहला सेशन बांग्लादेश के नाम रहा। उसके ओपनर्स ने शतकीय साझेदारी की, जबकि भारतीय गेंदबाज विकेट के लिए जूझते नजर आए। इस सेशन में मेजबानों की ओर से 77 रन बने।

**दूसरा सेशन : भारतीय गेंदबाजों की वापसी** – इस सेशन में गेंदबाजों ने भारत की वापसी कराई। लंच के बाद से चाय तक बांग्लादेशी बल्लेबाजों ने 57 रन बनाए। जबकि भारतीय गेंदबाजों ने तीन विकेट झटके। पहले उमेश यादव ने शान्तो को आउटकर ओपनिंग पार्टनरशिप तोड़ी। उसके बाद अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने दो झटके देकर मेहमान टीम को पीछे धकेला।

**तीसरा सेशन : अक्षर की कमाल गेंदबाजी** – आखिरी सेशन में अक्षर पटेल ने कमाल की गेंदबाजी की। इस सेशन में उन्होंने दो विकेट लिए। एक विकेट अश्विन के हिस्से आया। शाम की चाय के बाद बांग्लादेश ने 96 रन बनाए। जबकि भारत ने 3 विकेट चटकाए।

**ऐसे गिरे बांग्लादेश के विकेट**

पहला : 47वें ओवर की पहली गेंद पर शान्तो आउट हुए। उमेश की बॉल पर कोहली से छूटने के बाद पंत ने दूसरे प्रयास में कमाल का कैच पकड़ा। दूसरा : अक्षर पटेल ने 50वें ओवर की आखिरी बॉल पर यासिर अली को बोल्ड कर दिया। यासिर 5 रन ही बना सके थे। तीसरा : 69वें ओवर में कुलदीप यादव ने लिटन दास (19) को उमेश यादव के हाथों कैच कराया। चौथा : जाकिर हसन को अश्विन ने 79वें ओवर में कोहली के हाथों कैच कराया। अश्विन को इस मैच का पहला विकेट मिला। पांचवां : 88वें ओवर में अक्षर ने मुश्फिकुर रहीम (23) को बोल्ड कर दिया। छठा : रहीम के बाद अक्षर ने नुरुल हसन को विकेट के पीछे ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया।

जाकिर ने 220 गेंदों में शतक बनाया ओपनर जाकिर हसन ने अपने डेब्यू मैच में टेस्ट शतक जमाया। वे ऐसा करने वाले बांग्लादेश के चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले अमीनुल इस्लाम (145), मोहम्मद अशरफुल (114), अबुल हसन (113) ने यह कारनामा किया है। जाकिर ने 224 गेंदों पर 100 रन बनाए। उन्होंने 12 चौके और एक छक्के से सजी पारी खेली। जाकिर की डेब्यू मैच में सेंचुरी, शान्तो का तीसरा अर्धशतक

डेब्यू टेस्ट खेल रहे जाकिर हसन ने शतक जमाया है। उन्होंने 220 गेंदों में पहली टेस्ट सेंचुरी पूरी की। हसन के अलावा नजमुल हसन शान्तो ने भी अर्धशतक जमाया। शान्तों ने अपने टेस्ट करियर का तीसरा अर्धशतक जमाया है। दोनों के बीच 124 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई।

**दोनों देशों की प्लेइंग-11**

**भारत:** केएल राहुल (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, उमेश यादव और मोहम्मद सिराज।

**बांग्लादेश :** जाकिर हसन, नजमुल हसन शान्तो, यासिर अली, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, नुरुल हसन, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, खालेद अहमद और इबादत हुसैन।

# एक आत्मघाती गोल ने ले ली थी कोलंबिया के कप्तान की जान, अपने ही देश में मारी गई थीं छह गोलियां



**नई दिल्ली ।**

1994 विश्व कप की मेजबानी अमेरिका को मिली थी। उसके देश में पहली बार फीफा विश्व कप का आयोजन हो रहा था। 24 टीमों ने इस बार टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था और कुल 52 मैच खेले गए थे। 1990 में पहली बार प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली टीम कोलंबिया भी इस बार खेल रही थी। वह तीसरी बार विश्व कप में उतरा था। 1962 में ग्रुप दौर और 1990 में प्री-क्वार्टर फाइनल से बाहर हुआ था। पिछले प्रदर्शन को देखते हुए कोलंबिया से अमेरिका में बेहतरीन खेल दिखाने की उम्मीद थी। विश्व कप एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसमें पहले से सोची हुई चीजें नहीं होती। कोलंबिया को ग्रुप ए में रोमानिया, स्विट्जरलैंड और मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया था। अपने पहले मैच में कोलंबिया को रोमानिया के खिलाफ 1-3 से हार मिली। अब टूर्नामेंट में बने रहने के लिए उसे दूसरे मुकाबले में अमेरिका से जीत हासिल करनी थी या मैच को ड्रॉ कराना था। इस मैच से पहले ही टीम के कोच रोने लगे। उन्हें एक ड्रग माफिया का फोन आया था। उन्हें कहा गया था कि मैच हारने पर बहुत बुरा हो सकता है।

**अंतिम दोनों मैचों में हार गई थी कोलंबिया की टीम** – कोच ने अमेरिका के खिलाफ मैच में स्टार खिलाड़ी गोमेज को मैच से बाहर कर दिया। मुकाबला शुरू हुआ तो कोलंबियाई दर्शक स्टैंड में आक्रामक नजर आए। वह जीत के लिए टीम पर शुरू से ही दबाव बना रहे। मैच के 35वें मिनट में कप्तान आंद्रे एस्कोबार से एक गलती हो गई। वह अमेरिकी टीम के गोल को रोकने के प्रयास में गेंद को अपने ही गोलपोस्ट में डाल बैठे। यह आत्मघाती गोल था। इसने कोलंबिया को मैच में 0-1 से पीछे कर दिया। अमेरिका के एरनी स्टीवर्ट ने 52वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। अब कोलंबिया हार के कगार पर था। उसके लिए 90वें मिनट में एडोल्फ वेलेंसिया ने गोल किया, लेकिन तब देर हो चुकी थी। अमेरिका यह मैच 2-1 से जीत गया और कोलंबिया विश्व कप से बाहर हो गया। कोलंबिया को अपने तीसरे मैच में स्विट्जरलैंड के खिलाफ 2-0 की हार मिली और टीम स्वदेश लौट आई। उस दौर में वहां ड्रग माफियाओं का राज था। कप्तान स्कोबार को लगातार धमकियां मिल रही थीं। आत्मघाती गोल के बाद उन्होंने पूरे देश से माफी भी मांगी थी ।

# खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने साई के पटियाला केंद्र में 300 बिस्तरों वाले नए छात्रावास का उद्घाटन किया

**पटियाला।**

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शनिवार को पटियाला में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एसएसएनआईएस) का दौरा किया और 300 बिस्तर वाले एक नए छात्रावास का उद्घाटन किया, जिसकी निर्माण लागत 26.77 करोड़ रुपये है।

श्री ठाकुर ने भारत के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद और धाविका पीटी उषा को समर्पित छात्रावासों का भी उद्घाटन किया, जिन्हें 5.25 करोड़ की कुल लागत से पुनर्निर्मित और उन्नत किया गया है।



उद्घाटन के दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए श्री ठाकुर ने कहा, सरकार का प्रयास एथलीटों को सर्वोत्तम संभव सुविधाएं उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा एथलीटों के लिए सभी नीतियों को केंद्र में रखने के महत्व पर बल दिया है। यह 300 बिस्तरों वाला छात्रावास एवं पुराने छात्रावासों का उन्नयन इस दिशा में एक और कदम है, ताकि इस प्रतिष्ठित केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले एथलीटों को रहने की बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकें।

श्री ठाकुर ने एनएसएनआईएस पटियाला में शैक्षणिक पाठ्यक्रम में पहली बार शामिल स्पोर्ट्स परफॉर्मेंस एनालिसिस कोर्स का भी उद्घाटन किया। इस पाठ्यक्रम के छात्रों के पहले बैच के साथ बातचीत करते हुए श्री ठाकुर ने कहा, एक एथलीट की वास्तविक क्षमता का आकलन करने के लिए खेल विज्ञान और खेल प्रदर्शन विश्लेषण को शामिल करना बहुत महत्वपूर्ण है, जो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के समग्र प्रदर्शन को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा सकता है।

अपनी यात्रा के दौरान श्री ठाकुर ने 400 से अधिक एथलीटों और प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत की और उन्हें खेलों पर ध्यान केंद्रित करने तथा देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एथलीटों से केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं और वर्तमान ढांचे में सुधार के बारे में जानकारी मांगी।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान साई पटियाला ने कई विख्यात एथलीट देश को दिए हैं जिन्होंने विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक पदक सहित देश के लिए कई पुरस्कार जीते हैं।

# बदला रहेगा अगला वर्ल्ड कप : टीमें बढ़ेंगी पर यूरोप को फायदा नहीं

**कतर।**

**इस साल का वर्ल्ड कप चैम्पियन इस सवाल का जवाब केवल एक मैच दूर है। 18 दिसंबर को अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच फाइनल होगा। लेकिन, फुटबॉल एक्सपर्ट्स 2026 वर्ल्ड कप को लेकर अभी से चिंतित हैं। चिंता का बड़ा कारण अगले वर्ल्ड कप में ज्यादा टीमों का हिस्सा लेना है।**




साल 1998 से अब तक हर 32 टीमें हिस्सा लेती हैं। लेकिन, 2026 में 48 देश हिस्सा लेंगे। ये फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में पहली बार होगा। 46 टीमें क्वालिफायर मैच खेलकर क्वालिफाई करेंगी जबकि दो टीमें मिनी टूर्नामेंट से चुनी जाएंगी। फीफा के अनुसार, वर्ल्ड कप आयोजित करने का मकसद सिर्फ चैम्पियन टीम की तलाश करना नहीं होता, बल्कि हर महाद्वीप पर फुटबॉल को बढ़ावा देना होता है। वर्ल्ड कप में जितनी ज्यादा टीमें भागीदारी करती हैं फुटबॉल को उतना ही बढ़ावा मिलता है। लेकिन, एक्सपर्ट्स के अनुसार 48 टीमों के साथ टूर्नामेंट का फॉर्मेट तैयार करने में आयोजकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

अगली बार यूरोप की सिर्फ तीन टीमें बढ़ेंगी, एशिया महाद्वीप की टीमों की संख्या बढ़कर आठ हो जाएगी

32 टीमों के टूर्नामेंट में 13 टीमें यूरोप की हुआ करती थी, जो कुल टीमों का 40प्रतिशत हुआ करता था। पर अब 48 टीमों में 16 टीमें यूरोप की होगी, जो कुल टीमों का एक तिहाई होगा।

**फॉर्मेट की समस्याः 2 फॉर्मेट पर चर्चा कर रहे हैं वर्ल्ड कप के एक्सपर्ट**

48 टीमों के हिस्सा लेने के साथ ही फॉर्मेट की समस्या फीफा के सामने है। अभी अधिकारिक रूप से फीफा ने कोई फॉर्मेट नियुक्त नहीं किया है। लेकिन एक्सपर्ट्स के अनुसार 2 फॉर्मेट को तरजीह दी जा सकती है।

पहला, जिसमें 4 टीमों के 12 ग्रुप बनाए जाएंगे। हर ग्रुप में टॉप-2 टीमें नॉकआउट स्टेज में क्वालिफाई करेंगी। उनके साथ 8 अन्य टीमें अगले दौर में क्वालिफाई करेंगी, जिन्हें गोल अंतर के आधार पर चुना जाएगा। लेकिन, इसे अन्य बाहर हुई टीमों के साथ अन्याय के तौर पर देखा जा रहा है।

अन्य फॉर्मेट में 3 टीम के 16 ग्रुप बनाए जाएंगे। हर टीम ग्रुप में 3 मैच खेलेगी और हर ग्रुप से टॉप-2 टीमें 32 टीमों के नॉकआउट स्टेज में क्वालिफाई करेगी। लेकिन, इस फॉर्मेट में ग्रुप स्टेज का अंतिम चरण निरर्थक साबित हो सकता है। ग्रुप की 2 टीमें तीसरी टीम को बाहर करने के लिए आपस में नतीजा तय कर सकती हैं।

## ब्रिस्बेन टेस्ट के पहले दिन गिरे 15 विकेट

# साउथ अफ्रीका की पहली पारी 152 रन पर सिमटी, ऑस्ट्रेलिया 145/5

**बिस्ब्रेन।**

ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला शनिवार को ब्रिस्बेन में शुरू हुआ। पहले दिन गेंदबाजों का बोलबाला रहा और 15 विकेट गिरे। कंगारू टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और साउथ अफ्रीका को महज 152 रन पर ऑलआउट कर दिया। काइल वेरेन्ने ने सबसे ज्यादा 64 रन बनाए। मिचेल स्टार्क और नाथन लायन ने 3-3 विकेट लिए। पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड को दो-दो सफलता मिली। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज भी संघर्ष करते दिखे। स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट खोकर 145 रन बनाए हैं। टीम अब भी साउथ अफ्रीका से 7 रन पीछे है और उसके 5 विकेट बाकी हैं। ट्रैविस हेड 78 रन बनाकर नाबाद हैं। स्टीव स्मिथ ने 36 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा और एनरिक नोर्त्या ने 2-2 विकेट लिए। 1 सफलता मार्को यान्सेन को मिली।




अफ्रीका की पहली पारी के 152 रनों के जवाब में उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। पहली ही गेंद पर रबाडा ने ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। उन्होंने ओपनर डेविड वार्नर का कैच खाया जोंडो के हाथों करवा कर पवेलियन भेजा। वहीं ऑस्ट्रेलिया को दूसरा झटका मार्नस लाबुसेन के विकेट रूप में लगा। नौंवें ओवर की पहली गेंद पर मार्को जानसेन ने कैप्टन डीन एलगर के हाथों कैच करवा कर लाबुसेन को पवेलियन की राह दिखाई। ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका भी जल्द ही लग गया। उस्मान ख्वाजा भी 27 के स्कोर पर आउट हो गए। उसके बाद स्टीव स्मिथ ने ट्रेविस हेड के साथ मिलकर पारी को संभाला। स्मिथ 68 गेंदों पर 36 बनाकर आउट हो गए। तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 144 रन था। स्मिथ जाने के बाद हेड भी 1 रन बाद ही आउट हो गए। उन्होंने 78 का सामना कर 77 रन बनाए।

अफ्रीका की ओर से रबाडा ने11.1 ओवर में 50 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं एनरिक ने भी 8 ओवर में 37 रन देकर ऑस्ट्रेलिया के 2 खिलाड़ियों को पवेलियन की राह दिखाई। इसके अलावा मार्को जेनसन को एक सफलता मिली।

अफ्रीका की शुरुआत बहुत ही खराब रही। 27 रन के भीतर चार बल्लेबाज पवेलियन लौट गए। ओपनर और कैप्टन डीन एलगर केवल 3 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। उस समय टीम का स्कोर 12 रन था। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए रेसी वैन डेर ड्यूसेन भी 27 रन के स्कोर पर आउट हो गए। फिर ओपनर सरल इरवे चलते बने। उन्होंने 10 रन बनाए। वहीं 27 रन पर ही खाया जोंडो भी बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। इस तरह 27 के स्कोर पर 3 खिलाड़ी लौट गए। 7 बल्लेबाज को 10 रन तक भी नहीं पहुंच पाए।

वहीं टेंबा बावूमा और काइल वेरेन्ने ने अफ्रीका की पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों के बीच 98 रन की साझेदारी हुई। वेरेन्ने ने 96 गेंदों का सामना कर 64 रन और बावूमा ने 70 गेंदों का सामना कर 38 रन बनाए। इन दोनों के आउट होने के बाद कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं पाया।

**लायन और स्टार्क ने लिए 3-3 विकेट** - ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाथन लायन और मिचेल स्टार्क ने शानदार गेंदबाजी की। नाथन ने 8 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं मिशेल स्टार्क ने 14 ओवर में 41 रन देकर 3 विकेट लिए। इन दोनों के अलावा पैट कमिंस ने 35 रन देकर 2 और स्कॉट बोलेंड ने 28 रन देकर 2 विकेट लिए।

### आईपीएल नीलामीः गेल, एबी डिविलियर्स और रैना एक्सपर्ट पैनल में

**नई दिल्ली ।** टी 20 क्रिकेट के महान खिलाड़ियों सुरेश रैना, क्रिस गेल, एबी डिविलियर्स को अनिल कुंबले, रोबिन उथप्पा, आरपी सिंह, इयोन मोर्गन और स्कॉट स्टायरिस के साथ 23 दिसंबर को कोच्चि में होने वाली आईपीएल की खिलाड़ी नीलामी के लिए जियो सिनेमा पर एक्सपर्ट पैनल में शामिल किया गया है। पूर्व भारतीय खिलाड़ी और बाएं हाथ के बल्लेबाज रैना अपने राज्य साथी उत्तर प्रदेश के आर पी सिंह के साथ हिंदी कवरेज के लिए प्रभारी होंगे। यूनिवर्स बॉस के नाम से मशहूर गेल और 360 डिग्री शैली के लिए प्रसिद्ध डिविलियर्स नीलामी पर अपने विचार रखेंगे। पूर्व भारतीय लेग स्पिनर कुम्बले और उथप्पा भी अपनी राय जाहिर करेंगे आईपीएल खिलाड़ी नीलामी का भारत में छह भाषाओं इंग्लिश, हिंदी, तमिल, तेलुगू, बंगाली और मलयालम में जियो सिनेमा पर प्रसारण किया जाएगा।

सुझाव

# रखें शिशु के दिमागी विकास का भी ख्याल



पहले छह महीने मां के दूध और छह महीने बाद मां के दूध के साथ ठोस आहार उसके शरीर की नींव बनाते हैं। इसलिए यह जानना जरूरी है कि शिशु को कैसा आहार दिया जाए ताकि वह दिमाग से भी दुरुस्त रहे।

## कैसी हो शिशु की खुराक

- मांओं को ध्यान रखना चाहिए कि शिशु के पेट का आकार वयस्क के पेट से 5 गुना छोटा होता है। ऐसे में जरूरी है कि शिशु को पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व मिलें। अगर आपको लगता है कि घर के खाने से आपके शिशु को आयरन, जिंक और विटामिन पूरी तरह नहीं मिल पा रहे तो आप फोर्टीफाइड या सप्लीमेंट जैसे आहार भी दे सकती हैं।
- आज के वक्त में मां अपने बच्चों के मोटापे या हाइट जैसी बातों का बहुत ज्यादा ध्यान रखती है। उसे लगता है कि अगर बच्चा मोटा नहीं है और कद बढ़ रहा है तो वह सेहतमंद है। लेकिन मां होने के नाते आपके लिए यह जानना बहुत जरूरी है कि बच्चे का सिर्फ ऊपरी शरीर स्वस्थ होना ही काफी नहीं है बल्कि उसका दिमाग सेहतमंद होना भी जरूरी है। दरअसल शिशु के जन्म के साथ ही फांउडेशन तैयार होना शुरू हो जाता है। पहले छह महीने मां के दूध के साथ और छह महीने बाद मां के दूध के साथ ठोस आहार उसके शरीर की नींव बनाते हैं। इसलिए यह जानना जरूरी है कि शिशु को कैसा आहार दिया जाए ताकि शरीर के साथ दिमाग से भी दुरूस्त रहे। शिशु के शरीर और दिमाग दोनों की सेहत के लिए शिशु के आहार में पोषक तत्वों जैसे कि माइक्रोन्यूट्रियंट और मैक्रोन्यूट्रियंट दोनों का सही मात्रा में होना जरूरी है। तो आइये जानते हैं, शिशु को आप कैसा आहार दें ताकि उसका बचपन हंसते, मुस्कुराते व खेलते हुए बीते।

## जरूरी पोषक तत्वों की जानकारी

मैक्रोन्यूट्रियंट आहार में प्रोटीन, फैट और काब्रोहाईड्रेट जैसे तत्व शामिल हैं, जो शिशु के शरीर को मजबूती देते हैं। इसकी वजह से बच्चों को खेलने की ऊर्जा मिलती है। माइक्रोन्यूट्रियंट जैसे मिनरल्स (आयरन, फोलिक एसिड और जिंक इत्यादि) व विटामिंस शिशु के दिमागी विकास और इम्युनिटी के लिए जरूरी हैं। शिशु को प्रोटीन, फैट और काब्रोहाईड्रेट तो रोजाना चपाती, चावल, दूध और घी आदि से मिल जाता है लेकिन माइक्रोन्यूट्रियंट की कमी रह जाती है। अगर आपका शिशु बार-बार बीमार होता है तो उसमें इम्युनिटी की कमी है जो जिंक से मिलती है, वहीं बच्चों के दिमागी विकास के लिए आयरन जरूरी है। मां के लिए यह जानना बहुत जरूरी है कि मां के दूध में सभी पोषक तत्व होते हैं, लेकिन आयरन नहीं होता। शुरूआती छह महीने जब शिशु मां के दूध पर निर्भर होता है तो वह अपने शरीर में जमा आयरन से उसे पूरा कर लेते हैं, लेकिन छह महीने बाद शिशु के आयरन को आहार से पूरा किया जाना जरूरी होता है।

## शुरुआती 1000 दिन हैं खास

शिशु के शुरूआती 1000 दिन उसकी जिंदगी के सबसे महत्वपूर्ण दिन होते हैं, क्योंकि पहले साल ही शिशु का वजन तीन गुना बढ़ता है तो ऊंचाई में भी डेढ़ गुना बढ़ जाती है। जब शरीर बढ़ता है तो जाहिर है दिमाग का विकास कैसे पीछे रह सकता है। दो साल तक बच्चे का दिमागी और मानसिक विकास 80 फीसदी तक हो जाता है। इसलिए समय पर बच्चे को संतुलित आहार देना बहुत जरूरी है।

## शाकाहारी परिवारों में पोषण

हमारे घरों में गेहूं, चावल या मकई जैसा खाना ज्यादा खाया जाता है और यही आहार शिशु को भी दिया जाता है, लेकिन बच्चों को दाल का पानी, हरी सब्जियां, टोफू, फल इत्यादि नियमित रूप से नहीं दे पाते। इस उम्र में बच्चों के पोषक तत्वों की डिमांड बढ़ जाती है, जो अकसर पूरी नहीं हो पाती।



# 10 कदम जो आपको बना दें हसीन और जवां

आप भी 40 - 50 की उम्र में जवां दिख सकती हैं, बिल्कुल हेमा मालिनी की तरह। यह जादू नहीं, डिसिप्लिन है जिंदगी जीने का, जो आपको यंग, ब्यूटीफुल औरएनर्जेटिक बनाता है।

## अपनाएं यह कदम

एजिंग एक नेचुरल प्रक्रिया है। रोके नहीं रुकती, पर इसे थाम जरूर सकते हैं हम। अक्सर बढ़ती उम्र और उसका चेहरे पर दिखता असर हर किसी को परेशान कर देता है, लेकिन इसका उपाय भी हमारे पास ही रहता है। यह उपाय है हमारी दिनचर्या में बदलाव, खुशी और तनाव से दूर रहना। हम जितना खुश रहेंगे, उतना तनाव को खुद से दूर भगाएंगे। यह तनाव ही तो चेहरे पर उम्र की रेखाओं को आसानी से दिखाता है। आप भी 40-50 की उम्र में जवां दिख सकती हैं बिल्कुल हेमा मालिनी की तरह। आज वे 70 की उम्र में 50 की लगती हैं। यह जादू नहीं है। है जिंदगी जीने का डिसिप्लिन, जो आपको यंग, ब्यूटीफुल, एनजेर्टिक बनाता है। यहां हम इसके 20 टिप्स दे रहे हैं

- जवां निखार के लिए ब्यूटी स्लीप थेरेपी लें। फर्क बस सोच का है। रोज की 7-8 घंटे की नींद बॉडी व माइंड को फिट रखती है, तो 8-9 घंटे की नींद फेस मसल्स को रिजुवेनेट करती हैं और ताजगी वाला निखार आपके चेहरे पर दिखता है। उम्र से 5 साल छोटा लगना है तो नियमित 8-9 घंटे की स्ट्रेस फ्री स्लीप लें। बस, शर्त यह कि स्ट्रेस आपके आसपास न फटके।
- आपको सिरहाने में चेहरा ढक के सोने की आदत है, तो इसे आज से बदल डालिए। कुछ और लंबी चली यह आदत तो चेहरे पर दे देगी स्लीप लाइन्स। आदतन सोने का यह ढंग देगा झुर्रियों का स्वागत करेगा। यानी एजिंग का फास्ट प्रोसेस शुरू। हमेशा कमर के बल सोएं।
- शर्म छोड़िए आप। बिंदास इस्तेमाल में लाएं एंटी रिंकल्स सेरम्स। इसके इस्तेमाल से न सिर्फ रिंकल्स कम दिखेंगे, बल्कि चेहरा ग्लो भी करेगा। ऐसा हम नहीं वैज्ञानिक मानते हैं। झुर्रियों को छिपाने का परखा इलाज है एंटी रिंकल सेरम।
- झुर्रियों को छूमंतर करना है, तो आलस छोड़िए, फुर्ती अपनाइए। चेहरे को समय दें पानी से मुहं धोने के दौर बीत गया। अबसे चेहरे के हर वॉश के बाद टोनिंग करें और अंत में मॉश्चराइजर लगाकर चेहरे को नमी दें। मॉश्चराइजर की क्वालिटी से समझौता नहीं करें।
- साबुन छोड़ दें। सिर्फ चेहरे के लिए। एजिंग प्रोसेस के बाद यह जरूरी हो जाता है। चेहरा माइल्ड फेस क्लींजर से धोएं। साबुन त्वचा को सूखा करेगा, जो धीरे-धीरे झुर्रियों को चेहरे पर स्थाई बना देगा। यह बदलाव आज से ही लाएं।
- नाइट स्किन केयर। शोधों में सिद्ध हो गया है कि रात का समय मुफीद होता है स्किन केयर और पैंपर करने के लिए और रात में स्किन नाइट केयर सुचारू काम करता है।
- पानी का स्किन पर मैजिक। पानी का ग्लोइंग स्किन से ताल्लुक पता है आपको। पानी को शेडयूल में शामिल कर लें। मोबाइल में पानी पीने का ऐप डाल सकते हैं, जो आपको हर घंटे में याद दिलाएगा कि पानी पीना है। बेहतरीन और सस्ता एंटी एजिंग प्रोडक्ट है पानी।
- रोज कम से कम एक गिलास दूध पीने की आदत बना लें। इसका कारण प्रोटीन, एमीनो एसिड, विटामिन ए, जैसे न्यूट्रिएंट नहीं हैं। इसके एंटी एजिंग गुण भी हैं। दूध में हाइड्रेटिंग गुण शामिल हैं, जो नमी बनाए रखता है और ड्राइनेस को पास नहीं आने देता। साथ ही दूध नियमित पीने से स्किन डार्कनिंग दूर होती है।
- बढ़ती उम्र के निशां हैं पफी और डार्क सर्कल्स। इसे दूर आपको करना होगा, वरना सूजी और काले घेरे वाली आंखें आपको बड़ा दिखाएंगी। उम्र से दस साल बड़ा।
- दिन में 4 से 5 मील खाएं, पर सब सेहतमंद, न्यूट्रीएंटस से भरपूर होने चाहिए। खाना सिर्फ पेट भरने के लिए नहीं खाएं, बल्कि हैल्दी स्किन के लिए भी खिलाएं। थाली में एंटी एजिंग फूड, जैसे टमाटर, बेरीज, एवोकैडो, सूखे मेवे, दही, अंकुरित अनाज, टोफू, चिकन, संतरे, ओटस आदि में जगह दें। सफेद चीजों को खाने से निकाल दें। मैदा, चीनी, चावल।

# बच्चे को विनर बनाने और सुपरमॉम कहलाने के टिप्स

हर मां चाहती है कि उसका बच्चा विनर बने, लेकिन ऐसा अक्सर होता नहीं है। बच्चे के विनर बनने की राह में बहुत सी अड़चनें आती हैं। इसी तरह से आपको भी सुपरमॉम बनने के लिए बहुत ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। यूं ही हर कोई सुपरमॉम नहीं बन जाता या सुपरमॉम नहीं कहलाता।



## बच्चे से खुलकर बातचीत करें

बच्चे के साथ जब आपकी बातचीत हो, तब आप भूल जाएं कि आप उसकी मां हैं। सिर्फ तभी आप उससे दोस्ताना रिश्ता बना सकती हैं, जो आपके बच्चे की पर्सनालिटी के लिए बेहद जरूरी है। सिर्फ तभी आप उसकी जिंदगी की हर खुशी, हर गम में साझीदार बन सकती हैं और उसकी जिंदगी में घटने वाले अच्छे और बुरे का फर्क उसे समझा सकती हैं। हर बात स्पष्ट और साफ शब्दों में बताएं बच्चे से बात करने के तरीके को बहुत स्पष्ट रखें। उसे जो कहना हो, साफ शब्दों में कहें, बात को घुमा फिरा कर न कहें। कोई बहाना बनाकर, दूसरे बच्चों का उदाहरण देकर या ताना मारकर कोई बात न कहें। इससे बच्चे को बुरा लग सकता है या फिर उसका व्यवहार भी इसी तरह का हो सकता है।

## बच्चे के लिए रोल मॉडल बनें

मां और पिता हर बच्चे के लिए रोल मॉडल होते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि बच्चे के पैदा होने के बाद से ही आप अपने व्यवहार को बच्चे के अनुसार ढालें। आज के बच्चे बहुत जल्दी दूसरों की बातों को एडॉप्ट करते हैं। अगर आप ज्यादा गुस्सा करती हैं तो बच्चे के सामने खास ध्यान रखें कि तेज गुस्सा न करें, नहीं तो कुछ ही समय में बच्चा आपसे सीखकर आपके साथ भी वैसा ही व्यवहार करने लगेगा और तब आप कछ नहीं कर सकेंगी।

## उत्सुकता का सही जवाब दें

बच्चा जितने सवाल पूछता है, उतना ही बुद्धिमान होता है। इसलिए अगर आपका बच्चा आपसे हर समय सवाल पूछता है तो चिढ़कर उसे झिड़कने की जगह उसके सवाल का सहीसही जवाब दें। यदि आपको जवाब पता नहीं है तो उससे कुछ समय ले लें, यानी कहें कि यह बात पता करके कल उसे बताएंगी।

मनी टिप्स

# बच्चों को इस तरह सिखायें मनी मैनेजमेंट



अगर बच्चों को कम उम्र से ही फाइनेंस के बारे में थोड़ा-थोड़ा सिखाया जाए तो वे समझ सकेंगे कि पैसे आसानी से नहीं कमाये जाते, बल्कि उसके लिए मेहनत करनी होती है और उनका संचय भी जरूरी है।

## उदाहरण देकर समझाएं

पांच से दस साल की उम्र हालांकि, इस उम्र में बच्चे बहुत नासमझ होते हैं उनको सब समझाना आसान नहीं होता। इसलिए उन्हें आप अपने उदाहरण द्वारा यानी आप अगर नौकरीपेशा हैं तो अपना और अगर नहीं तो अपने पति का उदाहरण देकर समझाएं कि, हम/पापा ऑफिस जाते हैं और वहां कड़ी मेहनत करते हैं। जिसके बदले कंपनी/आफिस हमें पैसे देते हैं और उन पैसों को सुरक्षित रखने के लिए हम बैंक का सहारा लेते हैं। जब कभी पैसों की जरूरत होती है, तो एटीएम/बैंक से निकाल लाते हैं। उन्हें इस बात का एहसास कराएं कि पैसे कमाना आसान नहीं। इसके लिए कड़ी मेहनत की जाती है। दस से पंद्रह साल की उम्र इस उम्र में बच्चे थोड़े-बहुत परिपक्व हो जाते हैं। उनमें रुपयों का जमा घटाना, साथ ही जरूरी चीजों की खरीदारी के लिए समझ-बूझ भी आ जाती है।

## जेब खर्च

बच्चे का जेब खर्च बांधें। उसे जेब खर्च जोडने के लिए प्रेरित करें। अगर आपका बच्चा किसी नयी चीज की मांग करता है तो, उससे कहिए कि वह अपनी पाकेट मनी सेव कर उससे खरीदारी करे। उदाहरण के लिए जब बच्चों को स्वयं का नकद मिलेगा, उन्हें तय करना होगा कि यह कैसे खर्च करें। बचत के बारे में बात करने का भी यही सही समय है। मान लें कि आपके बच्चे के लिए प्रति सप्ताह रु 200 पॉकेट मनी तय है, लेकिन वह रु 300 की लागत वाला पैन खरीदना चाहता है, तो ऐसे में बाहर जाकर उस पैन को खरीदना संभव नहीं है। तब वह हर हफ्ते कुछ पैसे जमा कर सकता है, फिर बाद में पैन खरीद लेगा।

## बचत की आदत

इस तरीके से बच्चे के अंदर सेविंग की फीलिंग जागृत होगी और वह बचत के बारे में सीखेंगे। साथ ही यह भी समझाएं कि केवल सोचने भर से चीजें नहीं खरीदी जा सकतीं। प्रत्येक वित्तीय निर्णय के लिए योजना बनानी होती है। आप उन्हें वास्तविक जीवन के उदाहरण या कुछ कहानियों के जरिए यह बातें समझा सकते हैं।

## निवेश और बचत का फर्क

उन्हें निवेश और बचत का फर्क समझाएं। उन्होंने यह भी समझाएं कि आवश्यकता और शौक में फर्क होता है, इसके लिए उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी से कोई भी उदाहरण लेकर दिया जा सकता है जैसे कि रोज पेट भरना जीवन चलाने की आवश्यकता है लेकिन होटल में जाकर खाना शौक। किशोरावस्था में जब बच्चा किशोरावस्था में पैर रखने लगता है यानी कि टीनएजर हो जाता है तब उस पर कुछ जिम्मेदारी छोड़ें। उन्हें ईएमआई भुगतान, बचत और कर्ज का फर्क समझाएं। उदाहरण के लिए मेरे बेटे को अपने स्कूल प्रोजेक्ट के लिए प्रिन्टर की जरूरत थी। यही मौका था, इएमआई के बारे में समझाने का। उसको कहा गया, कंपनी से बात करो, मूल्य पूछो और मालूम करो कि कितनी इएमआई है? और यकीन मानिए आसानी से पूरा प्रोसिजर समझ गया।

## क्रेडिट और डेबिट कार्ड

बच्चे को क्रेडिट और डेबिट कार्ड के बारे में समझायें। उन्हें यह भी बताएं कि क्रेडिट कार्ड या कर्ज का भुगतान समय पर न करने से परेशानी का सामना करना पड़ता है। अपने किशोरों को बताएं कि क्रेडिट कार्ड की पेशकश के साथ जमा हो जाने से पहले क्रेडिट कार्ड और ब्याज दरें कैसे काम करती हैं। उन्हें यह भी बताना मत भूलिए कि आज क्रेडिट कार्ड के जरिए वह जो भुगतान कर रहे हैं उसका पुनर्भुगतान उन्हें करना ही होगा। संभावित खतरों को जानने से उन्हें क्रेडिट कार्ड, सिर पर ऋण से बचने में मदद मिल सकती है।

# घूमने जाएं गंगा किनारे जहां विराजते हैं स्वयं भगवान



गंगा नदी के किनारे बसे मंदिर श्रद्धा का केंद्र हैं। गंगा नदी उत्तराखंड से होती हुई उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल तक जाती है। इन प्रदेशों के अनेक शहरों में अनेक मंदिर हैं जो गंगा की पवित्रता को संजोए हैं।गंगा देश की सबसे विशाल नदी है। वेदों, पुराणों और रामायण-महाभारत में भी इसका व्यापक उल्लेख है। अनेक पवित्र तीर्थस्थल इसके किनारे बसे हैं। गंगा नदी को स्वर्ग की नदी भी कहा जाता है।

आइए जानते हैं गंगा किनारे बसे कुछ प्रसिद्ध धार्मिक जगाहों के बारे में -

## गंगोत्री मंदिर, गंगोत्री

गंगा नदी का उद्गम गंगोत्री में होता है। गंगोत्री उत्तरकाशी से 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां गंगा जी का मंदिर है। समुद्र तल से लगभग तीन हजार मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह मंदिर भोज के वृक्षों से घिरा हुआ है। इस मंदिर का गंगोत्री शहर से गहरा नाता है। प्राचीन काल में यहां एक शिला थी जिसे भागीरथी शिला कहा जाता है। किंवदंती है कि इसी शिला पर बैठकर भगीरथ ने तप किया था। इस शिला के निकट एक मंच था जिस पर यात्रा के दिनों में देवी-देवताओं की मूर्तियां प्रतिस्थापित की जाती थीं। इन मूर्तियों को गांवों के विभिन्न मंदिरों जैसे श्याम प्रयाग, गंगा प्रयाग, धराली तथा मुखबा आदि गावों से लाया जाता था और फिर मौसम खत्म होने के बाद उन्हीं गांवों को लौटा दिया जाता था।

## भरत मंदिर और मंसा देवी मंदिर

**हरिद्वार और ऋषिकेश**- दो निकटवर्ती तीर्थ स्थल हैं जिनके बीच लगभग 25 किलोमीटर की दूरी गंगा नदी के किनारे बसे मंदिर श्रद्धा का केंद्र हैं। भरत मंदिर ऋषिकेश का सबसे पुराना मंदिर है जिसे 12वीं शताब्दी में आदि गुरु शंकराचार्य ने बनवाया था। शंकराचार्य का श्रीयंत्र भी इस मंदिर में रखा हुआ है। यह मंदिर बहुत सुंदर है और मंदिर के अंदरूनी गर्भगृह में भगवान विष्णु की प्रतिमा एक शालिग्राम पत्थर पर उकेरी गई है। आम तौर पर श्रीराम के छोटे भाई भरत के लिए अलग से कोई मंदिर नहीं है लेकिन ऋषिकेश में भरत जी ही नहीं, लक्ष्मण और शत्रुघ्न को समर्पित मंदिर भी हैं। भरत मंदिर का मूल रूप तैमूर के आक्रमण के समय क्षतिग्रस्त हो गया था लेकिन मंदिर की बहुत सी चीजें अब भी संरक्षित हैं।

इसी तरह हरिद्वार का मंसा देवी मंदिर भी बहुत प्रसिद्ध है। यह मंदिर हरिद्वार में शिवालिक पर्वत श्रृंखला के मुख्य शिखर पर स्थित है। इसी पर्वतमाला के दूसरे शिखर पर मां चंडी देवी का मंदिर है। दोनों के बीच हर की पैड़ी है। मंसा देवी को दुर्गा की दशम् शक्ति भी कहा गया है। मान्यता के अनुसार महिसासुर का वध कर दुर्गा ने यहीं विश्राम किया था। इस मंदिर में ब्रह्म के मन से उत्पन्न तथा ऋषि जरत्काऊ की पत्नी सर्पराज्ञी देवी मां मंसा की तीन मुख और पांच भुजाओं वाली अष्टनाग वाहिनी मूर्ति स्थापित है। मंसा देवी अपने भक्तों की मनोकामना पूरी करती हैं। नवरात्रों में मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। मंदिर परिसर में ही मौजूद है वर्षो पुराना स्नोही वृक्ष जिस पर डोरी बांधने से मनोकामना पूरी होती है।

## वाल्मीकि आश्रम, बिठूर

कानपुर के निकट स्थित है बिठूर, जहां गंगा नदी रामकथा के भावनात्मक पक्ष का स्मरण दिलाती है। बिठूर में गंगा किनारे स्थित है वाल्मीकि आश्रम। कहते हैं, जब श्री राम ने सीता का परित्याग कर दिया था तो सीता को वाल्मीकि बिठूर के इस आश्रम में ले आए थे। वाल्मीकि के इस आश्रम में तीन मंदिर हैं। मुख्य मंदिर वाल्मीकि का है। इस आश्रम में तीन बड़ी-बड़ी मूर्तियां हैं, जिनमें पहली मूर्ति वाल्मीकि की है। वाल्मीकि की मूर्ति पद्मासन मुद्रा में है और वाल्मीकि दाएं हाथ में मोर पंख की कलम लिए हुए हैं। इस मूर्ति के पास शंख, चक्र, गदा और पद्म धारण किए (भगवान) विष्णु की मूर्ति स्थापित है। दूसरे मंदिर को सीता मंदिर कहते हैं। इस मंदिर में कुश को गोद में लिए और लव की उंगली पकड़े हुए सीता जी की मूर्ति स्थापित है।

आश्रम के पास एक कुंड भी बना हुआ है। इस कुंड को सीता कुंड कहा जाता है। इस कुंड के संबंध में कहा जाता है कि इसी कुंड से सीता जी पाताल में समाई थीं। इसके पास ही एक विशाल घंटा लटका है। अष्ट धातु से निर्मित यह घंटा साढ़े सात मन वजन का है। इसी घंटे के पास स्वर्ग सीढ़ी बनी हुई है। कहते हैं कि यह स्वर्ग जाने का रास्ता है।

## हनुमान मंदिर, इलाहाबाद

इलाहाबाद में गंगा नदी का संगम यमुना और सरस्वती नदियों से होता है। यहां नदी किनारे बना हनुमान मंदिर दुनिया भर में मशहूर है। यहां लेटे हुए हनुमान जी की प्रतिमा है। यह प्रतिमा 20 फीट लंबी है।जब हनुमान जी की प्रतिमा उस जगह से निकालने की खुदाई शुरू की तो पूरी सेना भी मिलकर उन्हें वहाँ से हिला भी नहीं सकी। वे जितनी खुदाई करते मूर्ति उतनी ही नीचे चली जाती। आज इसीलिए हनुमान जी की मूर्ति जमीन से करीब दस फीट नीचे है कहा जाता है कि वर्ष में दो बार गंगा जी उनके मंदिर में दर्शन के लिए आती है और ऐसा कई सालों से लगातार होता चला आ रहा है।

कहा जाता है कि लंका विजय के बाद भगवान राम जब संगम स्नान कर भारद्वाज ऋषि से आशीर्वाद लेने प्रयाग आए तो उनके सबसे प्रिय भक्त हनुमान इसी जगह पर मूर्छित हो गए। सीताजी ने उन्हें अपनी सुहाग के प्रतीक सिंदूर से नई जिंदगी दी और हमेशा स्वस्थ एवं आरोग्य रहने का आशीर्वाद प्रदान किया। सीताजी द्वारा सिंदूर से जीवन देने की वजह से ही बजरंग बली को सिंदूर चढ़ाने की परंपरा है।

## विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी

गंगा नदी के तट पर स्थित वाराणसी शहर विश्व के प्राचीनतम शहरों में से एक माना जाता है। इस शहर के हृदय में बसा है काशी विश्वनाथ मंदिर को भगवान शंकर के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक माना जाता है। माना जाता है कि निर्वासन में कई साल बिताने के पश्चात भगवान शिव इस स्थान पर आए थे और कुछ समय तक काशी में निवास किया था। ब्रह्मजी ने उनका स्वागत दस घोड़ों केरथ को दशाश्वमेघ घाट पर भेजकर किया था। गंगा तट पर संकरी विश्वनाथ गली में स्थित विश्वनाथ मंदिर कई मंदिरों और पीठों से घिरा हुआ है। यहां पर एक कुआं भी है, जिसे ज्ञानवापी की संज्ञा दी जाती है, जो मंदिर के उत्तर में स्थित है। विश्वनाथ मंदिर के अंदर एक मंडप व गर्भगृह है। गर्भगृह के भीतर चांदी से मढ़ा भगवान विश्वनाथ का 60 सेंटीमीटर ऊंचा शिवलिंग है। यह शिवलिंग काले पत्थर से निर्मित है। माना जाता है कि यह मंदिर बहुत पुराना है।

रेसिपी



## पिनव्हील समोसा

### सामग्री

1 कप मैदा, 2 टेबलस्पून सूजी, द टीस्पून अजवाइन,½ टीस्पून चीनी, 2 टेबलस्पून तेल, ½ टीस्पून नमक , द कप पानी, स्टफिंग के लिए- 2 उबले टमाटर (कद्दूकस किए हुए), द टीस्पून हल्दी, ½ टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, 1 टीस्पून आमचूर पाउडर, द टीस्पून जीरा पाउडर, 2 टेबलस्पून धनिए के पत्ते( कटे हुए) ½ टीस्पून गरम मसाला पाउडर, ½ टीस्पून अदरक-लहसुन पेस्ट , नमक स्वादनुसार अन्य सामग्री- 2 टेबलस्पून मेदा, द कप पानी, 1 कप तेल (फ्राई करने के लिए)

### विधि

सबसे पहले एक बाउल में मेदा, सूजी अजवाइन, चीनी, नमक और तेल मिलाकर अच्चे से मिक्स कर लें। फिर इसमें 1 कप पानी डालें। इस मिश्रण को मिलाकर आटे की तरह स्मूद कर लें और 20 मिनट किसी नर्म गिले कपड़े से कवर करके रख दें। अब स्टफिंग के लिए दूसरे बाउल में उबले आलू हल्दी, लाल मिर्च, जीरा पाउडर, धनिए की बीज, आमचूर पाउडर, गरम मसाला और लहसुन-अदरक का पेस्ट डालें। फिर इसमें नमक डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। अब पहले तैयार किए आटे का पेड़ा लें और उसे रोटी की तरह बेल लें। फिर इसपर स्टफिंग मिश्रण डालकर गोल रोल बनाकर साइड पर ऱख दें। फ्राई करने के लिए आंच पर तेल ऱखें और उसमें तैयार किया समोसा डाल दें। इसको 15-20 मिनट तक डीप फ्राई करें और हल्का ब्राउन होने पर निकाल दें। अब बन गया आपका समोसा पिनव्हील। सॉस के साथ गर्मा-गर्म सर्व करें।



## मलाबार पराठा

### सामग्री

मैदा- 3 कप, घी- 2 चम्मच बड़े, अंडा- 1, दूध- आधा कप, चीनी- 1 चम्मच, तेल- आश्यकतानुसार, नमक- आधा छोटा चम्मच।

### विधि

परात में मैदा,घी, दूध, चीनी, नमक, अंडा और हल्का तेल लेकर आश्यवकतानुसार पानी मिलाकर गूंद लें। आटे को गीले कपड़े से ढककर 15 मिनट तक छोड़ दें। अब आटे की लोइयां बना लें और एक गहरी प्लेट में थोड़ा तेल डाल कर लोइयों को इसमें कुछ देर के लिए रख कर दोबारा कपड़े से ढककर दें। अब बेस पर थोड़ा सा तेल लगाएं और लोई को हल्के हाथ से थोड़ा बेल लें और फिर इसमें घी लगाएं। इसमें एक साइड से कट लगाएं जो सेंटर पॉइंट तक जाना चाहिए। अब इसे घुमाकर लड्डू जैसा आकार दें। अब परतदार पराठा बेल लें। गैस पर तवा गर्म करके इस पर पराठा डालें और एक तरफ सिकने के बाद तेल लगा कर पलट दें। दूसरे साइड को भी सेंक लें। जब दोनों तरफ से सिंक जाए तो इसे बड़ी प्लेट में उतार कर हाथ से हल्का दबा दें। लीजिए तैयार है मलाबार पराठा। अब इसे इसे कोरमे या चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**